

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस




गुरुवार 26 मार्च, 2026 | पेज : 12 | मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष : 17, अंक : 162 | www.janexpresslive.com/epaper

अमेरिका के पास ताकत होती तो जीत चुका होता... 12

### नवरात्रि का आठवां दिन



**महागौरी पूजा**

नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि राहु ग्रह देवी महागौरी द्वारा शासित है।

### यूपी में रामनवमी पर दो दिन का अवकाश

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** रामनवमी पर योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। पहले से घोषित 26 मार्च के सार्वजनिक अवकाश के साथ अब 27 मार्च को भी छुट्टी घोषित कर दी गई है। मंदिरों में रामनवमी के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। हर साल इस पर्व पर बड़ी संख्या में लोग पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचते हैं, जिससे व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसे में अतिरिक्त अवकाश से लोगों को सुविधा मिलेगी और भीड़ प्रबंधन में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस निर्णय के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया है कि सरकार आस्था और परंपराओं के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। लगातार दो दिन की छुट्टी से श्रद्धालुओं को न केवल धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, बल्कि यात्रा और दर्शन भी अधिक सहज हो सकेंगे।

# घर के पास पीएनजी पाइपलाइन, तो कनेक्शन लेना ही होगा

## कंपनी 3 महीने का नोटिस देगी, कनेक्शन नहीं लिया तो एलपीजी सप्लाई बंद होगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अगर आपके घर के पास गैस पाइपलाइन आ गई है और आपने पीएनजी कनेक्शन नहीं लिया है, तो अगले 3 महीने में आपके घर आने वाला एलपीजी सिलेंडर बंद कर दिया जाएगा। मिडिल-ईस्ट में जारी युद्ध और गैस की किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने 'नेचुरल गैस और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर 2026' लागू किया है। इसके तहत अब पाइप वाली गैस का कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। हालांकि, इसके लिए पहले नोटिस दिया जाएगा। सूचना मिलने के बाद भी अगर कोई कनेक्शन नहीं लेता, तो 90 दिन बाद उसकी एलपीजी सप्लाई रोक दी जाएगी। साथ ही सोसाइटियों को 3 दिन में पाइपलाइन की मंजूरी भी देनी होगी।




### पीएनजी सप्लाई के 4 नए नियम

- अब एक घर में पीएनजी (पाइप गैस) और एलपीजी (सिलेंडर) दोनों कनेक्शन रखना गैर-कानूनी होगा।
- जिनके पास पीएनजी कनेक्शन एक्टिव है, वे अब अपने एलपीजी सिलेंडर की रिफिलिंग (बुकिंग) नहीं करा सकेंगे।
- जिनके पास दोनों सुविधाएं हैं, उन्हें अपना घरेलू एलपीजी कनेक्शन विभाग को तुरंत सरेंडर करना होगा।
- पाइप गैस (पीएनजी) वाले उपभोक्ता अब नए घरेलू एलपीजी कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे।

### सरकार बोली, देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं

केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल पंपों को सप्लाई करने वाले टर्मिनलों पर भी पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दिल्ली में इंटर-मिनिस्ट्रियल ब्रीफिंग के दौरान लोगों से डर और घबराहट में पेट्रोल-डीजल की खरीदारी करने से बचने की अपील की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया गया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। सुजाता शर्मा ने कहा- पैनिक बाइंग के कारण पिछले दो दिनों में कई जगहों पर पेट्रोल पंपों और रिटेल आउटलेट्स के बाहर लंबी कतारें देखी गई हैं। हम बताना चाहते हैं कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक है। हमारे पास सालाना करीब 26 करोड़ टन कच्चा तेल रिफाइन करने की क्षमता है। ईरान के साथ इजराइल और अमेरिका की जंग का आज 26वां दिन है। जंग के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से तेल और गैस सप्लाई की सप्लाई प्रभावित है। भारत अपनी जरूरत का 50% कच्चा तेल और 54% एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है।

### नए नियम की 4 बड़ी बातें

#### सोसाइटी को 3 दिन के अंदर मंजूरी देनी होगी

- कई बार हाउसिंग सोसायटियों या आरडब्लूए (रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) के विरोध की वजह से पाइपलाइन का काम रुक जाता था। अब ऐसा नहीं होगा।
- अगर कोई कंपनी पाइपलाइन के लिए रास्ता मांगती है, तो सोसाइटी को 3 दिन के अंदर मंजूरी देनी होगी।
- अगर सोसाइटी ने मना किया या देरी की, तो वहां रहने वाले सभी घरों की एलपीजी सप्लाई पर रोक लगाई जाएगी।

#### छोटे इलाकों को 10 दिन में मंजूरी मिलेगी

- पाइपलाइन बिछाने के लिए अब सरकारी विभागों को फाइलों को अटकाने की इजाजत नहीं है।
- छोटे नेटवर्क के लिए 10 दिन और बड़ी लाइनों के लिए 60 दिन में मंजूरी देना अनिवार्य है।
- अगर विभाग तय समय में जवाब नहीं देता, तो उसे 'डीम्ड क्लियरेंस' यानी 'ऑटोमैटिक मंजूरी' मान लिया जाएगा और काम शुरू कर दिया जाएगा।

#### पाइपलाइन के लिए जमीन मालिक को दोगुना मुआवजा

अगर पाइपलाइन किसी की निजी जमीन से गुजर रही है, तो अब मुआवजे को लेकर सालों तक केस नहीं चलेंगे। सरकार ने इसके लिए एक फिक्स फॉर्मूला बना दिया है:

- जमीन के कमर्शियल सर्किल रेट का 30% हिस्सा मालिक को मुआवजे के तौर पर दिया जाएगा।
- जमीन मालिक अगर आवेदन मिलने के 24 घंटे में मंजूरी दे देता है, तो उसे दोगुना यानी 60% मुआवजा मिलेगा।
- अगर जमीन मालिक मंजूरी नहीं देता है, तो 'डेजिग्नेटेड अथॉरिटी' (कलेक्टर या अन्य अधिकारी) फैसला लेंगे।

#### पीएनजी कनेक्शन वालों को नहीं मिलेगा एलपीजी सिलेंडर

सरकार ने 14 मार्च को ही पीएनजी कनेक्शन को लेकर नए नियम जारी किए थे। इसके तहत अगर आपके घर में पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन है, तो अब आपको अपना एलपीजी सिलेंडर को सरेंडर करना होगा। नए आदेश के मुताबिक, पीएनजी यूजर्स को न तो नया एलपीजी कनेक्शन मिलेगा और न ही पुराना सिलेंडर रिफिल होगा। सरकार इससे पहले एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई को लेकर 4 बार नए नियम जारी कर चुकी है।

#### क्या यह आपकी सुरक्षा और बचत के लिए है?

सरकार ने नया आदेश 'आवश्यक वस्तु अधिनियम' के तहत जारी किया है, ताकि युद्ध जैसे हालात में भी आपको रसोई गैस की कमी न पड़े।

- **फायदा:** आपको सिलेंडर बुकिंग या खत्म होने की टेंशन नहीं रहेगी।
- **नुकसान:** जो लोग अपनी मर्जी से सिलेंडर इस्तेमाल करना चाहते हैं, उनके पास अब विकल्प सीमित हो जाएंगे।

#### सरकार बोली- 35 दिन बाद गैस बुकिंग की बात झूठ

सरकार ने उन सभी मीडिया रिपोर्ट्स को गलत बताया है जिनमें गैस सिलेंडर बुक करने के नियमों में बदलाव की बात कही जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अब पीएम उज्ज्वला योजना वाले उपभोक्ता अब 45 दिन और नॉन-पीएमयूवाई उपभोक्ता दूसरा सिलेंडर 35 दिन बाद ही बुक करा सकेंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि ऐसा कोई बदलाव नहीं किया गया है। रीफिल बुकिंग के पुराने नियम ही लागू रहेंगे और उनमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। यानी एक सिलेंडर डिलीवर होने के बाद दूसरे सिलेंडर की बुकिंग शहरों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद ही कर सकेंगे। 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडर के मुकाबले 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई पर कहीं ज्यादा दबाव है। 22 मार्च को केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए कॉमर्शियल एलपीजी के कोटे में 20% की अतिरिक्त बढ़ोतरी को मंजूरी दी थी। इसके साथ ही अब कुल आवंटन बढ़कर 50% हो गया है। हालांकि, डिस्ट्रीब्यूटर्स का कहना है कि इस फैसले का जमीन पर असर दिखने में अभी दो से तीन दिन का समय लग सकता है।

# बुंदेलखंड का सबसे बड़ा जलस्रोत यमुना संकट में अवैध खनन पर उठे सवाल : संजय सिंह

- मानक के विपरीत खनन कर यमुना नदी के जलस्रोत को समाप्त कर रहा खनन माफिया

**जन एक्सप्रेस। शत्रुघ्न सिंह**




**उरई।** कालपी तहसील के ग्राम हीरापुर के नाम से दो खंड जिला प्रशासन ने स्वीकृत किए है, जिसको खंड संख्या 2 और 3 नाम दिया गया है। यह खंड वैभव गुप्ता जो राष्ट्रकवि मैथिलीशरण के परिवार के नाम अनुमोदित हुआ है और खंड संख्या 3 रवि पंजवानी के नाम से स्वीकृत हुआ है। इन दोनों ठेकेदारों और विभाग के बीच इकरारनामा के पहले शर्ते तय हुई थी। उन्हीं शर्तो के मुताबिक़ ठेकेदार को खनन करने की अनुमति होती है लेकिन ऐसा करने में ठेकेदार अक्षम रहता है क्योंकि जब किसी मौरंग खंड के मौरंग की उपलब्धता कम होती है तो उसकी भरपाई के लिए 5 से 10 मीटर गहरी नदी के तल से खुदाई कराने के लिए मजबूर हो जाते है क्योंकि अधिक लाभ पाने का लालच होता है। यह दोनों नौसिखिए ठेकेदार भी है जिनको खनन से अधिक लाभांश प्राप्त करने की ललक भी है। अब धार्मिक नगरी कालपी के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडराने का डर है जिस स्थान के आस पास खनन होता है वहां पानी का संकट होता है क्योंकि नदी के तल से अत्यधिक खनन नदी के जलस्रोत को खत्म कर देता है। वही दूसरी ओर जल पर काम करने वाली परमार्थ समाज सेवी संस्थान के सचिव संजय सिंह ने बताया कि यमुना को निर्मल बनाने के लिए जल सहेलियों द्वारा 500 किलोमीटर की यात्रा अभी पूर्ण हुई है। जिसमें 620 जल सहेलियों की सहभागिता हुई। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मकसद ही यही था कि यमुना नदी को बचाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा जो खनिज के प्लॉट ठेकेदारों खनन के लिए दिए गए उसमें जो मानक है उसके विपरीत यदि वो जाएंगे तो निश्चित ही यमुना नदी को भारी नुकसान होगा। वैसे हमारा मानना है कि सरकार को यमुना नदी में खनिज के लिए अनुमति देनी ही नहीं चाहिए थी। उन्होंने कहा पूरे देश आज सबसे बड़े जलस्रोत के रूप में यदि है वो नदियां ही है जिसको सरकार जानबूझकर खत्म कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस जिस स्थान पर खनन होगा वहां के 10 से 15 किलोमीटर तक के गांवों में जल संकट गहराएगा। उन्होंने कहा कि ठेकेदार नदी के तल से इतना खनन करता है कि जो नदी के अपने जलस्रोत होते है वो भी नष्ट हो जाते है। उन्होंने कहा कि अभी मैने जालौन, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर में देखा कि यमुना नदी के स्वरूप को खनन माफिया ने बिगाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि हम लोग मिलकर एनजीटी में एक रिट दायर कर रहे है। जिसमें यमुना नदी में जो खनन के पट्टे दिए गए इनको निरस्त किया जाय या जो मानक एनजीटी और विभाग के है उनके अनुरूप खनन हो।

## योगी का एलान, भरतपुर के नाम से जाना जाएगा वन ग्राम भरथापुर, विस्थापितों को मिलेगा घर

**जन एक्सप्रेस। बहराइच**

भारत के आखिरी गांव भरथापुर के विस्थापन को लेकर बन रही नई कालोनी का नाम बुधवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भरतपुर रखने का एलान किया। मुख्यमंत्री ने 136 परिवारों को आवास व भूमि आवंटन पत्र का चेक वितरण किया। मंच पर 10 महिलाओं को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से भूमि आवंटन पत्र सौंपा। नए भरतपुर को बसाने के लिए 21 करोड़ 55 लाख 55 हजार 951 रुपये जारी किया गया। योगी ने 29 अक्तूबर 2025 को हुए नाव हादसे की याद दिलाते हुए कहा कि याद करिए, जब भरथापुर गांव से जुड़ी नाव बाजार से सामान खरीदकर जाते समय सरयू की धारा में विलीन हो गई थी। उस समय जब मैने प्रशासन से बातचीत की तो पता चला कि जहां दुर्घटना हुई है, वहां घड़ियाल व मगरमच्छ रहते हैं। मैं अंदर से कांप गया कि गांव के लोग कैसे रहते हैं, उनकी पीड़ा महसूस किया और मैं खुद गया। राहत कार्य को आगे बढ़वाया। हादसे में नौ लोगों की मौत हुई थी। योगी ने कहा कि आज इन परिवारों को हम लोग वहां से लेकर तहसील के ही सेमरहना गांव में विस्थापित कर रहे हैं।

# रामनवमी पर पूरे दिन खुला रहेगा राम मंदिर रामलला को छह क्विंटल पंजीरी का लगेगा भोग



**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

रामनवमी के पावन अवसर पर इस वर्ष श्री राम जन्मभूमि मंदिर में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। राम जन्मोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु सहजता से दर्शन कर सकें। इस दिन राम मंदिर पूरे दिन खुला रहेगा। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि रामनवमी के दिन प्रातः 6:30 बजे से अनुष्ठान शुरू होकर सुबह 11:00 बजे तक चलेंगे। इस विशेष दिन मंदिर के कपाट पूरे दिन खुले रहेंगे और उन्हें बंद नहीं किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर सकें। आवश्यकता पड़ने पर दर्शन की अवधि को और बढ़ाया भी जा सकता है। दोपहर ठीक 12:00 बजे भगवान रामलला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान सूर्य की किरणें भगवान के मस्तक पर पड़कर दिव्य 'सूर्य तिलक' का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेंगी। पूरे आयोजन का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से भी किया जाएगा, ताकि देश दुनिया के श्रद्धालु भी इस अलौकिक क्षण के साक्षी बन सकें। रामलला को इस अवसर पर करीब छह क्विंटल पंजीरी का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर में इन दिनों 'बधाई गान' का आयोजन लगातार चल रहा है, जिससे भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। जन्मोत्सव के दिन राम परिवार के दरबार में भी बधाई गान होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दर्शन पथ पर मैट बिछाए जाएंगे और जहां कैनोपी नहीं है, वहां छाया की विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा रामलला की आकर्षक फूल बंगला झांकी भी सजाई जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। शाम होते ही मंदिर का शिखर भव्य फसाड लाइटिंग से जगमगा उठेगा, जिससे पूरा परिसर दिव्य और आलौकिक आभा से भर जाएगा। रामनवमी के इस भव्य आयोजन को लेकर अयोध्या नगरी में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिल रहा है।

#### हनुमान जयंती पर होगा हनुमान मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि रामनवमी तक सूर्य, गणेश, शिव और दुर्गा मंदिर पर के शिखर पर ध्वजारोहण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। यह सारे आयोजन सीमित स्तर पर होंगे। दो अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन हनुमान मंदिर और शेषावतार मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इस आयोजन में 50 से अधिक मेहमानों का आमंत्रित किया जा रहा है।



# चित्रकूट में खनन माफिया बेलगाम...

- खनन माफियाओं का दबदबा कायम, रेड़ी भुसौली में अवैध खनन बदस्तूर जारी
- माफियाओं के जाल में जकड़ी यमुना नदी, नियम कानून बेअसर



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शासन व एनजीटी अवैध बालू खनन को लेकर बेहद गंभीर हैं। सरकार द्वारा अवैध खनन को रोकने बहुत सारे नियम बनाये गए हैं, लेकिन यहाँ नियम और कानूनों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। आए दिन निर्देश दिए जा रहे हैं, लेकिन अधिकारी इन निर्देशों को ठेंगा दिखा रहे हैं।

मऊ तहसील क्षेत्र के रेड़ी भुसौली खदान में नियमों को ताक पर रखकर अवैध बालू खनन किया जा रहा है। रातदिन आधा दर्जन पोकलैंड मशीनों से नदियों का सीना चीरा जा रहा है। यमुना नदी की बीच जलधारा से कई फिट नीचे से बालू का खनन किया जा रहा है, फिर भी स्थानीय प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन व एनजीटी को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। धड़ल्ले से हो रहे अवैध खनन को लेकर कई तरह के सवाल खडे हो रहे हैं। भोला, संदीप, राजेश आदि ग्रामीणों ने शासन को पत्र भेजकर शिकायत की है।

### माफियाओं के जाल में है यमुना नदी का अस्तित्व

मऊ तहसील क्षेत्र रेड़ी भुसौली खदान में अवैध खनन का कारोबार लंबे समय से जारी है जो माफियाओं के जाल में जकड़ा है। स्थानीय प्रशासन की सरपरस्ती के चलते नियम विरुद्ध कार्य कर रहे माफियाओ का दबदबा कायम है। वर्षों से खनन माफिया यहां अपने बनाए गए नियमों से ही काम कराते हैं। एनजीटी समेत अन्य सरकारी नियम यहां बेअसर दिखते हैं, क्योंकि यहां माफिया कानून की हर कीमत चुकाने को तत्पर रहते हैं। इस कारोबार में प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से भी इंकार नहीं किया जा सकता। बालू माफिया अवैध कारोबार में माननीय उच्च न्यायालय एवं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों की अवहेलना कर करोड़ों रुपये के राजस्व की क्षति पहुंचा रहे हैं।

### कानून की हर कीमत चुकाने को तैयार हैं माफिया

खनन कारोबार से जुड़ा कोई भी व्यक्ति लौट कर पीछे मुड़कर नहीं देखता, क्योंकि इस कारोबार में होने वाला मुनाफा इतना अधिक होता है कि कुछ ही समय में कानून की हर कीमत चुकाने की उनकी क्षमता हो जाती है। सरकार बदलने पर नियमों में परिवर्तन के प्रयास, कार्रवाई की बातें जरूर हुईं, लेकिन खनन माफियाओं की फितरत में कोई परिवर्तन नहीं आ सका। इसका नतीजा यह है कि यहां सरकारी नियम कानून सभी बौने नजर आ रहे हैं और अवैध खनन,ओवरलोडिंग का खेल लगातार जारी है।

### अवैध परिवहन का खेल जारी, जिम्मेदार मौन

मऊ थाना क्षेत्र के रेड़ी भुसौली घाट में अवैध खनन तो किया ही जा रहा है, साथ ही यह घाट अवैध ओवरलोडिंग का गढ़ भी बन गया हैं। रातदिन बराबर ओवरलोड बालू का बेधड़क परिवहन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण सड़कें बनते ही ध्वस्त हो जा रही हैं। माफियाओं के ओवरलोड हाइवा किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। फिर भी स्थानीय प्रशासन की नजर इधर नहीं जा रही है। इससे जिम्मेदार और माफियाओ के मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# कालिंजर में रेत माफियाओं का तांडव?






लोकेशन बाज रोहित त्रिवेदी,नीलाशु

**जन एक्सप्रेस । बाँदा**

प्रदेश सरकार भले ही अवैध खनन और माफियाओं पर सख्त कार्रवाई के दावे कर रही हो,लेकिन जिले के कालिंजर क्षेत्र में हकीकत बिल्कुल उल्टी नजर आ रही है।यहाँ मध्यप्रदेश से आने वाले सैकड़ों ट्रक-डम्पर दिन-रात रेत से लदे होकर उत्तर प्रदेश की सीमा पार कर रहे हैं,और पूरा सिस्टम मूकदर्शक बना हुआ है। गुप्त सूत्रों की माने तो नरैनी निवासी दीपक पाण्डेय व कालिंजर निवासी नीलाशु त्रिवेदी और रोहित त्रिवेदी अवैध वसूली के इस पूरे खेल के मुख्य किरदार हैं। बताया जा रहा है कि ये दोनों 'लोकेशन सिस्टम' के जरिए अधिकारियों की गतिविधियों पर नजर रखते हैं।और प्रति ट्रक से 200 से 500 रुपये वसूल कर उन्हें सुरक्षित यूपी सीमा पार करवा देते हैं।

**खबर जारी रहेगी....**

### प्रशासन पर सवाल: जानकारी के बाद भी कार्रवाई नहीं

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब इस पूरे अवैध खेल की जानकारी स्थानीय पुलिस से लेकर स्थानीय प्रशासन तक को है,तो फिर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही? क्या प्रशासन जानबूझकर आंख मूंदे बैठा है,या फिर इस अवैध रेत कारोबार को किसी बड़े स्तर का संरक्षण या सहारा प्राप्त है




### 'लोकेशन गैंग' का खेल: 60-70 ट्रक प्रतिदिन पार

जानकारी के अनुसार- रोजाना करीब 60 से 70 ट्रक अवैध रेत से भरे हुए इस रूट से गुजरते हैं। नीलाशु और उसका सहयोगी रोहित ट्रक मालिकों और माफियाओं पर दबाव बनाकर वर्षों से यह वसूली का नेटवर्क चला रहे हैं।यह पूरा खेल किसी एक दिन का नहीं,बल्कि लंबे समय से गैंग बनाकर संगठित अवैध वसूली कारोबार बताया जा रहा है, जिसमें हर स्तर पर मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है।

### राजनीतिक संरक्षण के भी संकेत

स्थानीय चर्चाओं के अनुसार,नीलाशु का संबंध क्षेत्रीय विधानसभा के विधायक से भी जोड़ा जा रहा है। बताया जाता है कि कुछ वर्ष पूर्व नीलाशु ने क्षेत्रीय विधायक से रात के समय रेत से भरे ट्रकों को पकड़वाकर अपनी पकड़ मजबूत की थी,जिसके बाद से वह इस अवैध नेटवर्क का अहम हिस्सा बन गया। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन क्षेत्र में इसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।चाहे जिस व्यक्ति से पूंछों नाम न लिखने की शर्त पर बताया कि यहां सबको पता है लेकिन नीलांशु की सोसल मीडिया प्रोफाइल में बड़े बड़े नेताओं के साथ फोटो है जिसे दिखाकर नीलांशु ट्रक मालिकों, ड्राइवरों पर भौकाल टाइट कर अवैध वसूली करता है।

### अवैध वसूली की शिकायत पर जब

दैनिक जन एक्सप्रेस की जनपद टीम रिल्टी चेक करने देर रात्रि जब पहुंची तो लोकेशन गैंग ने को जानकारी पता चल गयी जिसके बाद कालिंजर के माफियाओ के बीच मचा हड़कंप ...? लगातार जन चर्चाओ के माध्यम से मिल रही जानकारी की सत्यता देखने के लिए देर रात्रि जब शहर से दैनिक जन एक्सप्रेस के जिला ब्यूरो अपने कुछ पत्रकार साथियो के साथ कालिंजर पहुंचे जिसकी जानकारी लोकेसन मे सक्रिय लोगो लगी तो। माफियाओ के बीच हड़कंप मच गया अवैध रेत (बालू )के ट्रक डम्फरो को मध्यप्रदेश की सीमा मे खड़ा करवा दिया पूरी रात कालिंजर मे अवैध रेत परिवहन पर सन्नाटा पसरा रहा जब टीम वापिस पुन: शहर लौट आई तभी सुबह करीबन 6 बजे सभी बालू से ओवर लोड ट्रकों/डम्फरो को उत्तरप्रदेश की सीमा निकासी करा पुन: मध्य प्रदेश भगा दिया।

# मेरा दायित्व है कि मेहनत के दम पर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करना: राजेश दीक्षित

## अपने एक वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की पत्रकार वार्ता

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जिला कांग्रेस कमेटी स्टेशन रोड कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा एक वर्षीय अध्यक्षीय कार्यकाल पूर्ण किए जाने को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया,जिसमें कांग्रेस जनों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित का माल्यार्पण कर हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी गई।कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिवबली सिंह को कांग्रेस के प्रति की गई सेवाओं के फलस्वरूप माल्यार्पण कर सम्मान शाल उढ़ाकर व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मीडिया से रूबरू होते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बतलाया कि प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा मुझे तीसरी बार जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी विश्वास के साथ सौंपी गई है,मेरा दायित्व है कि मेहनत कर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करना है, उन्होंने आगे बतलाया कि संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के सहयोग से ग्राम पंचायत से लेकर जिले स्तर तक कमेटियों का गठन, एस आई आर पुनर्निरीक्षण,मतदाता सूची में पैनी निगाह रखकर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस जनों द्वारा पूर्ण निष्ठा एवम् ईमानदारी से कार्य किया गया,साथ ही प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार अनेक मूलभूत समस्याओं को लेकर धरना,प्रदर्शन व आंदोलन किए गए व जनपद के अन्दर ज्वलंत समस्याओं को लेकर ज्ञापन के माध्यम से शासन व प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया,अन्त में उन्होंने ने कहा कि मैं कांग्रेस जिलाध्यक्ष कम मुझे एक कार्यकर्ता के रूप में जाना जाए,कांग्रेस मेरा परिवार है, प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मेरे परिवार का सदस्य है, निरन्तर मुझे सबका सहयोग मिल रहा है,सदैव मैं सभी का आभारी रहूंगा।इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरी,शहर अध्यक्ष अफसाना शाह,युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश दीक्षित,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट,पूर्व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमन शुक्ला,जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट,शोएब रिजवी, कालीचरण निगम,जितेन्द्र गौरव,अमित तिवारी,प्रवक्ता राममिलन पटेल,जिला सचिव हेमन्त कुमार वर्मा सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# डीएम ने सुनवाई के दौरान आई 92 शिकायतों में ज्यादातर का किया मौके पर निस्तारण



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को शिकायतों का बेहतर तरीके से वक्त पर निस्तारण करने के निर्देश दिये।

इस दौरान करीब 92 शिकायते आई, जिनमें ज्यादातर का जिलाधिकारी ने बिना देर किये मौके पर निस्तारण कर दिया। जबकि बाकि शिकायतों के निस्तारण के लिये जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम , खंड विकास अधिकारी सहित जिम्मेदार अधिकारियों के साथ वर्चुअल, जूम एप के जरिये से बैठक कर उनके बिना देर किये निस्तारण करने के दिये निर्देश। जिलाधिकारी ने कहा कि एसडीएम ,बीडीओ सहित अधिकारी वक्त पर अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर बिना देर किये निस्तारण करें।

जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई सहित आईजीआरएस के अलावा दूसरे तरीको से आने वाली शिकायतों का भी वक्त पर बेहतर तरीके से निस्तारण करने के साथ ही वक्त पर रिपोर्ट पेश करें।

# अभय प्रताप सिंह (प्रिंस) बने भाजपा के नगर महामंत्री

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए अभय प्रताप सिंह (प्रिंस) को नगर महामंत्री नियुक्त किया है।उनकी इस नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।अभय प्रताप सिंह (प्रिंस) को नगर महामंत्री बनाए जाने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं,कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।सभी ने आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और पार्टी जन-जन तक अपनी नीतियों एवं योजनाओं को और प्रभावी ढंग से पहुँचाएगी।नवनियुक्त नगर महामंत्री अभय प्रताप सिंह (प्रिंस) ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे तथा पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य करेंगे।उन्होंने कहा कि वे कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर क्षेत्र में विकास,जनसेवा और संगठन विस्तार के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगे।

# बेमौसम बारिश से रबी की फसल को नुकसान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिले में पिछले सप्ताह तेज हवा के साथ हुई बेमौसम बारिश से रबी की फसल को भारी नुकसान हुआ है। चना, गेहूं और सरसों सहित अन्य फसलें प्रभावित हुई हैं। सबसे ज्यादा चना फसल को करीब पंद्रह फीसदी नुकसान होने के अनुमान है। नुकसान बाद 1046 किसानों ने फसल बीमा के तहत मुआवजे के लिए आवेदन किया है।

कृषि विभाग के अनुसार जिले में कुल 115276 हेक्टेयर में रबी की फसलें बोई गई थीं। इनमें गेहूं 60516 हेक्टेयर, चना 26012 हेक्टेयर, मटर 710 हेक्टेयर, सरसों 13760 हेक्टेयर और मसूर 5164 हेक्टेयर शामिल हैं। पिछले दिनों तेज हवा के साथ हुई बारिश से गेहूं, सरसों और मसूर की फसलों को आंशिक क्षति हुई है। कर्वी व पहाड़ी और राजापुर क्षेत्र के कई गांव मसलन पहाड़ी बुजुर्ग, नांदी, तौरा, सरधुआ और चिल्लीरासक में फसलें चौपट हुई हैं। नांदी के किसान नरेंद्र कुमार ने बताया कि पक चुकी फसलें बारिश से बर्बाद हो गईं, जिसके लिए उन्होंने मुआवजे की मांग की है। महिला किसान एगसिया ने कहा कि खेती ही उनके जीवन का सहारा है और अब आगे कैसे गुजारा होगा, यह समझ नहीं आ रहा। किसान शिवप्रेम निषाद ने एसडीएम से सर्वे व मुआवजे की मांग की है। उधर, बीमा कराने वाले 1046 किसानों ने नुकसान के मुआवजा के लिए आवेदन किया है। इनमें से 64 किसानों के खेतों का सर्वे पूरा हो चुका है। सर्वे का कार्य जारी है। अधिकारियों के अनुसार, 33 फीसदी से अधिक नुकसान होने पर ही शासन द्वारा सर्वे कराकर धनराशि दी जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा के जिला समन्वयक प्रदीप शुक्ला ने भी चना की फसल में 15 फीसदी नुकसान की बात कही।

# प्राथमिक विद्यालयों में मनाया गया बालवाटिका नवारंभ उत्सव

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



प्राथमिक विद्यालय बिलगांव भाग 1 एवं प्राथमिक विद्यालय सहेवा भाग 2 सहित गांव व क्षेत्र के सभी प्राथमिक विद्यालयों में बालवाटिका नवारंभ उत्सव बृहद तरीके से मनाया गया कार्यक्रम में नवीन सत्र मे प्रवेश लेने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों का जहां शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाया गया वहीं अभिभावकों को जागरुक करते हुए बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की गई।महुआ विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में बुधवार को बालवाटिका नवारंभ उत्सव बृहद तरीके से मनाकर नवीन सत्र मे प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत के साथ उत्साहवर्धन किया प्राथमिक विद्यालय बिलगांव भाग 1 में बालवाटिका नवारंभ उत्सव के साथ ही कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं की वार्षिक उत्सव विदाई कार्यक्रम आयोजित कर सभी को उपहार स्वरूप टिफिन,बुक आदि भेंट कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई कार्यक्रम में रामप्रकाश यादव एआरपी,प्रधानाचार्य शिखा खरे, सहयोगी स्टाफ बीना भास्कर,अनीता,राकेश शर्मा एवं आंगनवाड़ी कुसमा देवी आदि के द्वारा बच्चों का उत्साह बढ़ाया गया इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय सहेवा भाग 2 में बृहद तरीके से बाल वाटिका नवारंभ उत्सव मनाया गया इस मौके में प्रधाना अध्यापक शालिनी कनौजिया, सहायक अध्यापक ज्योति यादव,सुमन एवं शिक्षामित्र विद्यावती,नीलू एजुकेटर सहित बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल रहे इसके अलावा गांव व क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में बालवाटिका नवारंभ उत्सव मनाते हुए जहां बच्चों का उत्साह बढ़ाया गया वहीं दूसरी ओर अभिभावकों को भी जनजागरूक किया गया।

# पाठा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अनशन जारी



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शहर के शहीद स्मारक पार्क में पाठा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन 24 मार्च को भी जारी रहा। यह अनशन 22 मार्च को शुरू हुआ था। समाजसेवी रोहित सिंह पटेल इसकी अगुवाई कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और बिजली की समस्याओं के समाधान की मांग है। पाठा क्षेत्र में राजकीय इंटर कॉलेज व महाविद्यालय नहीं हैं। इससे छात्र-छात्राओं को 20 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। आरोप है कि कोई अधिकारी अनशन स्थल पर नहीं पहुंचा है। चेतावनी दी गई है कि ठोस कार्रवाई न होने पर अनशन आमरण अनशन में बदल जाएगा। वहीं, बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा का एक क्रमिक अनशन 15 मार्च से चल रहा है। अधिवक्ता प्रखर पटेल इसकी अगुवाई कर रहे हैं।

# जब नहीं मिल रहे कामर्सियल सिलेंडर, तो होटलों में कैसे चल रहे घरेलू सिलेंडर

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जहां घरेलू गैस सिलेंडर मिलने के लिए हर जगह किल्लत मची हुयी है तो ऐसे में होटल वालों को घरेलू गैस सिलेंडर कैसे मिल रहे है क्योंकि कमर्शियल सिलेंडर देने के लिए साफ़ साफ़ आदेश है की अभी ये सिलेंडर नही दिए जायेंगे। इसके बाद भी घरेलू सिलेंडर कैसे होटल वालों को मिल रहे हैं।नरैनी तहसील के गिरवां में दादा ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी है जहां पर कामर्सियल के 70 उपभोक्ता है।वही घरेलू उपभोक्ता 17 हजार है और इसमें किसी भी उपभोक्ता को आसानी से सिलेंडर नही मिल रहे हैं इसके बावजूद भी गाँवों और गिरवा,नरैनी क्षेत्र में होटलों में घरेलू सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है तो अब ऐसे में कैसे इन लोगों को सिलेंडर मिल रहे हैं। वही एजेंसी संचालकों का कहना है की पहले एक माह में 10 बार हमें सिलेंडरों के ट्रक आ जाते थे लेकिन अब ये हैं की अगर हम आज आर्डर लगाते हैं।तो 5वें दिन ही ट्रक आ पाते हैं।जिसके चलते सिलेंडरों का मिल पाने मे किल्लत का सामना करना पड़ रहा है लेकिन बात यह है की जब घरेलू सिलेंडरों के दिलाने को लेकर किल्लत है तो होटल वालों को ये सिलेंडर कैसे मिल जाते हैं। जबकी उपभोक्ताओं को सिलेंडरों को मिलाने में लम्बी लाइने लगानी पड़ती है और होटल संचालकों को इसके लिए कोई भी लाइन लगाने का कोई भी जरूरत नही पड़ती है और होटल संचालक आराम से अपना व्यवसाय कर रहे हैं और उनको घरेलू सिलेंडर आराम से मिल रहे हैं। और परेशान हो रहा है तो केवल वो उपभोक्ता जो की अपने घरों में सिलेंडर चला रहे हैं। कुछ होटल वाले संचालक तो ऐसे हैं की अपने पड़ोसियों से सिलेंडर लेकर होटल चला रहे हैं।जबकी जो भी सिलेंडर रखकर होटल चलाते हैं वो जनपद-नरैनी राज्य मार्ग किनारे ही चलाते हैं जिनमे से बड़ोखर बुजुर्ग,पैगम्बरपुर,गिरवा,महुआ,खुरहंड,नरैनी जैसे स्थानों पर होटल चल रहे है।आशीष कुमार संचालक दादा ग्रामीण गैस एजेंसी गिरवा का कहना है।कि हमारे यहाँ से उपभोक्ता सिलेंडर ले जाता है।अब वो किसको दे रहा है और किसको नही दे रहा है ये हमारी जिम्मेदारी नही है।

# न्यायालयों में रामनवमी अवकाश की बदली तारीख, 26 को होगा कार्य

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद न्यायाधीश शेषमणि ने बताया कि पहले रामनवमी का सार्वजनिक अवकाश 26 मार्च को घोषित था। नए निर्देशों के अनुसार, यह अवकाश अब 27 मार्च को रहेगा। इस दिन न्यायिक अधिष्ठान के बाह्य न्यायालय मऊ व ग्राम न्यायालय मानिकपुर सहित सभी न्यायालयों में अवकाश रहेगा। वहीं, 26 मार्च को ये सभी न्यायालय न्यायिक कार्य के लिए खोले जाएंगे। इस दिन न्यायिक अधिष्ठान के बाह्य न्यायालय मऊ व ग्राम न्यायालय मानिकपुर सहित सभी न्यायालयों में अवकाश रहेगा। वहीं, 26 मार्च को ये सभी न्यायालय न्यायिक कार्य के लिए खोले जाएंगे।

# कच्ची शराब के दोषी को न्यायालय उठने तक की सजा, 12 सौ जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

चित्रकूट। आबकारी अधिनियम के एक मामले में एक दोषी पप्पू केवट को न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय सुश्री अंजलिका प्रियदर्शिनी ने न्यायालय उठने तक की सजा दी। साथ ही उस पर 1200 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सहायक शासकीय अधिवक्ता आकाश साहू ने बताया कि रैपुरा थाना इलाके के खोर निवासी पप्पू केवट को पुलिस ने वर्ष 2015 में कच्ची शराब के साथ पकड़ा था। इस मामले में पुलिस ने रैपुरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की थी। इस मामले में विवेचना कर विवेचक ने आरोपी पप्पू केवट के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया था। कोर्ट में सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने पक्ष व विपक्ष दोनों की दलीलें सुनीं। बयान व साक्ष्य के आधार पर उन्होंने आरोपी को दोषी करार दिया।

### लापरवाही से वाहन चलाने पर अदालत उठने तक की सजा

चित्रकूट। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्र प्रसाद भारतीय ने लापरवाही से वाहन चलाकर सड़क दुर्घटना के मामले में दोषी भास्कर शुक्ला को न्यायालय उठने तक की सजा दी। साथ ही उस पर 2500 रुपये का जुर्माना लगाया। शासकीय अधिकारी शशिकांत यादव ने बताया कि राजापुर थाना क्षेत्र के खटवारा निवासी भास्कर शुक्ला के खिलाफ वर्ष 2024 में हुए सड़क हादसे में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। विवेचक ने मामले की विवेचना कर आरोपी भास्कर शुक्ला के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। कोर्ट में सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने पक्ष व विपक्ष दोनों की दलीलों को सुना। बाद में बयान व साक्ष्य के आधार पर उन्होंने आरोपी को दोषी करार दिया।

# आयुक्त ने किया सदर तहसील सहित नगर पालिका का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

दिन बुधवार को आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार कलेक्ट्रेट, सदर तहसील एवं नगर पालिका परिषद का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटल क्रमश: राजस्व अभिलेखागार,शस्त्र अनुभाग,शिकायत अनुभाग, नजारत,संग्रह भूलेख,दैवीय आपदा,पीओ डूडा कार्यालय एवं ई-डिस्ट्रिक कार्यालय आदि पटलों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित पटल सहायकों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए राजस्व अभिलेखागार में अभिलेखों रखरखाव ठीक से किये जाने के निर्देश दिये।उन्होंने अनुभागों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित पटल सहायकों से प्राप्त आवेदनों,वरासत के प्रकरणों एवं उन पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।उन्होंने पुराने राजस्व वादों का निस्तारण करने के निर्देश दिये।वसूली की समीक्षा करते हुए वसूली लक्ष्य के अनुरूप करने के निर्देश दिये। राजस्व अभिलेखागार में पुरानी पत्रावलियों की बीडिंग कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने शिकायत अनुभाग में प्राप्त शिकायतों एवं आईजीआरएस के प्रकरणों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए समय से




कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।सदर तहसील का निरीक्षण करते हुए एक वर्ष से पुराने राजस्व वादों का निस्तारण किये जाने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिये।निरीक्षण के दौरान विविध देयक,मुख्य देयक की वसूली की समीक्षा की,जिस पर बताया गया कि विविध देय में 13 करोड़ 07 लाख 56 हजार की वसूली की गयी है।उन्होंने आरसी की वसूली की समीक्षा की,जिस पर बताया गया कि 180 आरसी की वसूली की गयी है।आईजीआरएस के प्रकरणों का निस्तारण तथा समाधान दिवस में शिकायतों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये।कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत शेष पॉच लभार्थियों को शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दिये।दाखिल दफ्तर की कार्यवाही का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये।उन्होंने धारा-24, 116, 80 के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। तहसील निरीक्षण का रजिस्टर तथा समय-समय पर पटलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये।उन्होंने रजिस्टर नम्बर-9, 4 तथा विभागीय कार्यवाही,आडिट आपत्तियों का निस्तारण की समीक्षा करते हुए समय से आडिट आपत्तियों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। सेवानिवृत्त कार्मिकों के समय से दयकों का भुगतान किये जाने के निर्देश दिये।आयुक्त ने नगर पालिका परिषद का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान वसूली की समीक्षा की।



**वित विधेयक लोकसभा से पारित, निर्मला...**
वित विधेयक 2026 लोकसभा में 32 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद पारित हो गया। वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारत तेजी से सुधारों के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में सुधार किसी मजबूरी... पढ़ें पेज 12 पर...

# प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं, सरकार ने जारी की गाइडलाइन, कहा, अफवाहों पर ध्यान न दें

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

गैस और ईंधन की किल्लतों के बीच उत्तर प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर सरकार ने स्पष्ट संदेश जारी किया है। कहा, प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य और पर्याप्त है। उपभोक्ताओं से अनावश्यक बुकिंग और अफवाह से बचने की अपील की है, ताकि सप्लाई सिस्टम सुचारू बना रहे।



### 25 दिन बाद ही सिलिंडर बुकिंग की अपील

संजय भंडारी ने बताया कि प्रदेश में कुल 4,143 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स कार्यरत हैं जो करीब 4.85 करोड़ उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति कर रहे हैं। 36 एलपीजी बॉटलिंग प्लांट के जरिये यह व्यवस्था की जा रही है। तीनों ऑयल कंपनियों के पास अगले चार दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। यह निर्धारित ऑप्टिमम स्तर के अनुरूप है। इसके अलावा प्रदेश में 10 से 11 लाख बुकिंग हो रही हैं जिसके मुकाबले 7 लाख सिलिंडरों की डिलीवरी की जाती है। यह व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। सिलिंडर मिलने के 25 दिन बाद ही बुकिंग कराएं।

### पेट्रोल की किल्लत की अफवाह के बीच आई एडवाइजरी

पेट्रोल खत्म होने की अफवाह के बीच बुधवार को लोगों में टंकी फुल कराने की होड़ दिखी जिसके बाद इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की ओर से पेट्रोल डीजल की कमी न होने की एडवाइजरी जारी की गई। आईओसी की तरफ से बताया गया कि प्रदेश में पेट्रोल डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। वहीं, हुसैनगंज में पेट्रोल खत्म होने से तीन घंटे पेट्रोल पंप बंद रहा जो टैंकर आने के बाद चालू हो गया। इंडियन ऑयल के राज्य प्रमुख व राज्य स्तरीय समन्वयक (तेल उद्योग) संजय भंडारी की ओर से जारी एडवाइजरी में बताया गया कि प्रदेश में 13,166 पेट्रोल पंप चल रहे हैं। इन पेट्रोल पंपों पर अगले पांच दिनों का पेट्रोल एवं डीजल स्टॉक मौजूद है। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी तीनों कंपनियों लगभग 16-17 दिन का अतिरिक्त स्टॉक उपलब्ध है। इस तरह जिले भर में 20-22 दिनों का पेट्रोल व डीजल स्टॉक मौजूद है जो कि सामान्य संचालन स्तर से अधिक है। इसलिए बिना किसी अफवाह में आए उपभोक्ता जरूरत के मुताबिक ही पेट्रोल डीजल की खरीद करें। सप्लाई चेन में कोई बाधा नहीं है।

# 'जल जीवन मिशन योजना' में लापरवाही पर 26 इंजीनियरों-कर्मियों पर कार्रवाई, 12 निलंबित, सात का तबादला

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश के हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रहे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने काम में लापरवाही बरतने वाले इंजीनियरों-कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जल जीवन मिशन परियोजना के कार्यों में लेटलतीफी, लापरवाही करने वाले 26 इंजिनियरों पर निलंबन, विभागीय कार्रवाई, कारण बताओ नोटिस जैसी कार्रवाइयों की गाज गिरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए नमामि गंगे विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और जूनियर इंजिनियर रैंक के 12 इंजिनियरों को निलंबित कर दिया है। वहीं, चार अधिशासी अभियंता के खिलाफ विभागीय अनुशासनिक जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा परियोजना के कार्यों में धीमी प्रगति को लेकर तीन अधिशासी अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### चार के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश

जल निगम ग्रामीण विभाग ने चार इंजिनियरों के खिलाफ विभागीय अनुशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। इसमें औरैया के अधिशासी अभियंता अमन यादव, मैनपुरी के अधिशासी अभियंता अंकित यादव, प्रयागराज के अधिशासी अभियंता प्रवीण कुट्टी, शामली के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता फूल सिंह यादव शामिल हैं। इसके अलावा तीन गाजियाबाद के अधिशासी अभियंता भारत भूषण, आगरा में तैनात अमित कुमार और मीरजापुर में तैनात राजेश कुमार गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### शिकायत के आधार पर सात इंजीनियरों का तबादला

सहायक अभियंता विपिन कुमार वर्मा को प्रतापगढ़ से चंदौली स्थानांतरित कर दिया गया है। रामपुर में तैनात मो.असजद को रामपुर से चंदौली, प्रदीप कुमार मिश्रा को बाराबंकी से बिजनौर, उदयराज गुप्ता को चंदौली से रामपुर, अमित कुमार को शामली से बाराबंकी, चन्द्र बोध त्यागी को मैनपुरी से आजमगढ और जूनियर इंजिनियर अजय कुमार को कौशांबी से आजमगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया है।

साथ ही विभिन्न योजनाओं से शिकायत मिलने के बाद सात इंजीनियरों का तबादला कर दिया गया है। हाल के दिनों में लेटलतीफी के मामले में जल निगम कर्मियों के खिलाफ यह सबसे बड़ी कार्रवाई है।

### कार्य में सुधार नहीं हुआ तो होगी बर्खास्तगी की कार्रवाई

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए मिशन मोड पर काम कर रही है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कर्मचारी अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं करते हैं, तो बर्खास्तगी का भी एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित से जुड़े कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता एवं उत्तरवायित्व सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी स्तर पर लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### इन इंजीनियरों-कर्मचारियों का हुआ निलंबन

जल निगम ग्रामीण विभाग ने जिन कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है, उसमें लखीमपुर खीरी के अधिशासी अभियंता अविनाश गुप्ता, जौनपुर के अधिशासी अभियंता सौमित्र श्रीवास्तव, गाजीपुर के अधिशासी अभियंता मो. कासिम हाशमी, चंदौली के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता अमित राजपूत, चंदौली के सहायक अभियंता सीताराम यादव, बिजनौर के सहायक अभियंता अकबर हसन, औरैया के जूनियर इंजिनियर अनुराग गोयल, हाथरस के कुलदीप कुमार सिंह, आजमगढ़ के राजेन्द्र कुमार यादव, बरेली के रूप चन्द्र, बाराबंकी के जूनियर इंजिनियर अवनीश प्रताप सिंह और कुशीनगर के कार्यवाहक खंडीय लेखाकार धर्मप्रकाश महेश्वरी शामिल हैं।

# यूपी बना सुशासन, सुरक्षा और विकास का मॉडल: योगेंद्र

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उच्च शिक्षा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री कानपुर नगर योगेंद्र उपाध्याय ने कलेक्ट्रेट, कानपुर नगर के नवीन सभागार में 'उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष' पूर्ण होने के अवसर पर कहा कि प्रदेश नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते 9 वर्षों में सुशासन, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास का नया मानक स्थापित किया है। यह कालखंड प्रदेश के लिए 'उत्कर्ष के वर्ष' सिद्ध हुआ है, जिसमें गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव आया है। श्री उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश में लागू 'शून्य सहनशीलता नीति' के परिणामस्वरूप कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। 2017 की तुलना में डकैती, लूट, हत्या एवं अपहरण जैसे अपराधों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। संगठित अपराध और माफिया तंत्र पर कठोर कार्रवाई करते हुए अवैध संपत्तियों की जब्ती और अपराधियों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की गई है।

# टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल, लखनऊ में भिक्षावृत्ति के पुनर्वास पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल, टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान के सहयोग से 'भिक्षावृत्ति में संलग्न व्यक्तियों के पुनर्वास' विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'बियॉन्ड द स्ट्रीट्स: लॉ, सोसाइटी एवं वेलफेयर पॉलिसीज़ के माध्यम से भिक्षावृत्ति की समझ' रहा। वेबिनार का उद्देश्य भिक्षावृत्ति से जुड़े कानूनी प्रावधानों, सामाजिक वास्तविकताओं और कल्याणकारी नीतियों पर सार्थक संवाद स्थापित करना था, ताकि इस समस्या के समाधान के लिए मानवीय और अधिकार-आधारित दृष्टिकोण विकसित किया जा सके। मुख्य वक्ता जे.आर. शरण ने अपने व्याख्यान में भिक्षावृत्ति की समस्या के सामाजिक, कानूनी और नीतिगत पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने पुनर्वास की प्रभावी रणनीतियों, सरकारी योजनाओं और समाज की भूमिका को रेखांकित करते हुए विषय को व्यावहारिक दृष्टिकोण से समझाया। उनके संबोधन के बाद आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए विभिन्न मुद्दों पर अपने प्रश्न रखे। वेबिनार में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, एनजीओ प्रतिनिधियों और विधि विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वक्ताओं ने भिक्षावृत्ति के मूल कारणों, पुनर्वास की चुनौतियों और प्रभावी नीति-निर्माण की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए तथा समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के लिए गरिमा, समावेशन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन डॉ. शिप्रा मिश्रा और डॉ. प्रतीक त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल के डीन प्रो. (डॉ.) सी.पी. सिंह ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भिक्षावृत्ति की समस्या का समाधान केवल दंडात्मक उपायों से नहीं, बल्कि समग्र पुनर्वास, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से ही संभव है। संस्थान की ओर से एडवोकेट रविन्द्र सिंह जादौन, अध्यक्ष, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के प्रति कार्यक्रम के सफल आयोजन में उनके महत्वपूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। अंत में प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र प्रदान करने की घोषणा की गई और सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अखिलेश यादव बोले, भाजपा लोकतंत्र विरोधी, निवेश के लिए एमओयू में किया बड़ा फर्जीवाड़ा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र विरोधी है। भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे लगाती है। धमकी और अवैध कार्रवाई करती है। अखिलेश यादव बुधवार को प्रदेश सपा मुख्यालय पर विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे 2027 का विधानसभा चुनाव निकट आता जा रहा है, वैसे-वैसे भाजपा नेतृत्व बौखला रहा है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रयोग खेती, किसानी और अन्य सकारात्मक कार्यों के लिए करना चाहिए था, लेकिन भाजपा इसका प्रयोग विपक्ष के खिलाफ करती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि एआई की एक कंपनी 2025 में बनी और 2026 में उससे 25 हजार करोड़ का एमओयू हो गया। इसके निदेशकों की



कोई वैल्यू नहीं है। कहां से आकर इतना बड़ा एमओयू कर लिया। यूपी में इसके पहले भी इसी तरह के फर्जी एमओयू पकड़े गए थे। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को हर क्षेत्र में बर्बाद कर दिया है।

### पीडीए से डरे भाजपा नेता

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोगों को सोते-जागते केवल पीडीए ही दिखाई देता है। केवल पीडीए ही सुनाई देता है। लोकसभा में हार की हताशा और आने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर होने के डर से ये पीडीए का नाम सुनते ही बेचैन हो जाते हैं।

### रामनवमी की दी बधाई

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दुर्गाष्टमी और रामनवमी के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को अनंत शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि अन्याय के विरुद्ध सत्य की जीत के इस पावन पर्व पर प्रभु श्रीराम के दैवीय और मानवीय चरित्र आज भी अनुकरणीय हैं।

### रुक्मिणी बनीं समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष

सपा ने जालौन की रुक्मिणी देवी निषाद को समाजवादी महिला सभा उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नामित किया है। रुक्मिणी देवी निषाद को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर लक्ष्य दिए गए हैं।

# अब सच सुनने की आदत डाल लें सपाई: पंकज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बयान पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि पीडीए का राग अलापने वाले सपाई अब सच सुनने की आदत डाल लें। समाजवादी पार्टी का तथाकथित पीडीए कोई सामाजिक न्याय का अभियान नहीं, बल्कि 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी' है, जिसका एकमात्र उद्देश्य केवल एक परिवार के राजनीतिक हितों और वंशवादी राजनीति को आगे बढ़ाना है। श्री चौधरी ने कहा कि बुलडोजर से डर उन्हें लगता है जिनका माफियाओं और दंगाइयों से नाता है। यह गरीब की झोपड़ी पर नहीं, बल्कि सपा के पाले-पोसे उन गुंडों और भू-माफियाओं पर चल रहा है, जिन्होंने वर्षों तक गरीबों का हक मारा, जमीनों पर अवैध कब्जे किए और अपराध के बल पर अपने महल खड़े किए। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और अपराधियों पर कार्रवाई हो रही है, यही बात सपा को सबसे ज्यादा चुभ रही है। आज जो सपाई पीडीए-पीडीए का शोर मचा रहे हैं, उत्तर प्रदेश गवाह है कि इन्हीं के 'जंगलराज' में पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को सबसे ज्यादा प्रताड़ित किया गया था। सपा के लिए हमेशा 'परिवार पहले, दल बाद में और जनता सबसे बाद में' रही। कार्यकर्ता, पिछड़े, दलित, गरीब, युवा और किसान केवल नारे के लिए हैं, जबकि असली लाभ केवल एक परिवार और उसके करीबी लोगों तक सीमित रहता है। जिनका मन और कर्म दोनों दागदार हों, उन्हें नैतिकता का ज्ञान देने का कोई हक नहीं है। जो लोग अपने शासनकाल में प्रदेश को दंगों, माफियाराज, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और गुंडागर्दी की आग में झोंक चुके हों, वे आज नैतिकता और सामाजिक न्याय की बात करें, यह जनता के साथ छल है। सपाई एक दशक से सत्ता से बाहर हैं, उन्हें अगले एक दशक तक विपक्ष में बैठने की मानसिक तैयारी कर लेनी चाहिए। उत्तर प्रदेश की जनता अब जातिवाद, परिवारवाद और अवसरवाद की राजनीति को पहचान चुकी है। 2027 में विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश देगी।

# नकाबपोश शातिर चोरों ने जमखनवां गांव में चार घरों में चोरी की घटना को दिया अंजाम




- रुपए समेत अन्य सामान जेवरात चोरी करके हुए फरार, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी
- इटौंजा थाना क्षेत्र के गांवों व करबा में गस्त ना होने की वजह से हो रही चोरियां, इससे पहले भी हुई है चोरियां

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमखनवां गांव में मंगलवार बीती रात को चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया और रुपये नगदी अन्य सामान लेकर फरार हो गए। बता दे कि सुनील कुमार पुत्र स्व हेमचंद्र पांडेय ने इटौंजा थाने में लिखित शिकायत देकर बताया कि मंगलवार बीती रात सुबह 2 बजें चार से पांच नकाबपोश चोरों ने घर में घुसे और रूपये सामान लेकर फरार हो गए। तभी उसी समय घर की महिला पिंकी ने भाग रहे एक व्यक्ति को पहचान लिया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसका नाम संतोष पुत्र दयालु बताया जा रहा है। पीड़ित सुनील कुमार में शिकायत में बताया कि 22000 रूपए नगद जो कि घर में रखे थे और जेवरात अन्य सामान चोरी करके फरार हो गए। वही चोरों ने दूसरे के घर से चोरी किए गए प्रेस व एक शराब का क्वार्टर भी वहां डालकर फरार हो गए। वही कुछ ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व प्रधान रमेश तिवारी व पूर्व प्रधान सौरभ गुप्ता समेत एक अन्य रमेश कुमार नामक व्यक्ति के घर में चोरों ने सेंध लगाने का काम किया है। वहीं सौरभ गुप्ता के घर में नाकाम साबित हुए एक व्यक्ति को वहां पर कमरे में भी बंद कर दिया, लेकिन पूर्व प्रधान रमेश तिवारी के वहां उन्होंने 15000 रूपए अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। वहीं इस मामले में इटौंजा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जल्द ही इस चोरी की घटना का खुलासा किया जायेगा। वही गांव के ग्रामीणों में इस चोरी की घटना से दहशत का माहौल बना हुआ है।

# एटीएस अफसर बनकर सेवानिवृत्त अफसर व उनकी पत्नी को किया डिजिटल अरेस्ट, वसूले 12.90 लाख

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



एलआईसी से सेवानिवृत्त अफसर सेक्टर दो इंदिरानगर निवासी महेश चंद्र तिवारी और उनकी पत्नी गीता को तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर ठगों ने 12 लाख 90 हजार रुपये वसूल लिए। महेश के बेटे दिल्ली आईआईटी में सहायक प्राध्यापक डॉ. सौरभ तिवारी ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों के बैंक खाते खंगाल रही है। डॉ. सौरभ के मुताबिक, 16 मार्च को अज्ञात नंबर से उनकी मां के पास फोन आया था। थोड़ी देर बाद दूसरे नंबर से वाट्स एप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एटीएस का अधिकारी बताया। ठग ने दंपती से कहा कि आप दोनों का आधार नंबर, बैंक खाता मनी लॉड्रिंग और आतंकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया है। ठग ने महेश को भी फोन किया और उनसे कहा कि इस मामले में कानूनी जांच चल रही है। जांच पूरी होने तक दंपती किसी से बात नहीं करेंगे और न ही इस संबंध में किसी को कोई जानकारी देंगे। ठगों ने धमकी दी कि अगर उन्होंने किसी से कुछ साझा किया तो तुरंत पुलिस भेजकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फोन करने वाले ने ददंपती को एक ही स्थान पर बैठने और मोबाइल का कैमरा लगातार ऑन रखने के लिए बाध्य किया।

### तीन दिन तक करते रहे निगरानी, एफडी तुड़वाई

ठगों ने 16 मार्च को दोपहर तीन बजकर 25 मिनट से 18 मार्च की रात 8:30 बजे तक दोनों को डिजिटल अरेस्ट कर रखा। आरोपी लगातार वीडियो कॉल पर निगरानी करते रहे। ठगों ने बैंक भेजकर रुपये खातों में ट्रांसफर करवा लिए। बैंक जाते समय दंपती को धमकाया गया। ठगों ने कहा कि अगर से कुछ भी बताया तो परिवार के सदस्यों, यहां तक की बच्चों को भी नुकसान पहुंचाया जाएगा। डर के कारण महेश ने फिक्स डिपॉजिट तुड़वाकर 12.90 लाख रुपये ठगों के कर्नाटक स्थित बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी।

### पुलिस को उपलब्ध कराए साक्ष्य

पीड़ित ने पुलिस को आरोपियों के बैंक खाते, वाट्स एप चैट, फोन नंबर उपलब्ध कराए हैं। साइबर थाने के प्रभारी ब्रजेश कुमार के मुताबिक आरोपियों के बैंक खाते खंगाले जा रहे हैं। ठगों ने एक्सिस बैंक में रकम मंगवाई थी। आरोपियों के बारे में पता लगाया जा रहा है। जल्द ही ठगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **16.04.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ता निविदा फॉर्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 00282026 दिनांक 24.03.2026 | | |
| निविदा सं. | 01-Sr-DEN-C-LKO-2026-27 | | |
| कार्य का नाम | सुल्तानपुर में ट्रैक डिपो के विकास के प्रावधान का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹6,99,65,197.93 | धरोहर राशि | ₹13,99,400/- |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 02.04.2026 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 16.04.2026 को 15:00 बजे | | |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1000/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ऊर्जा मंत्री ने किया जिला सहकारी बैंक के अधिवेशन में प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ नगर पालिका कम्युनिटी हॉल में जिला सहकारी बैंक के वार्षिक अधिवेशन में प्रतिभाग किया। सहकारिता आंदोलन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने आनंद गुजरात की बनास अमूल डेयरी का उदाहरण देते हुए कहा कि सहकारिता की ताकत से किस प्रकार एक क्षेत्र आर्थिक रूप से सशक्त बन सकता है। अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आनंद के जिलाधिकारी के रूप में उन्होंने सहकारिता की शक्ति को बहुत करीब से देखा है। यदि पारदर्शिता, विश्वास और सहयोग की भावना के साथ कार्य किया जाए तो सहकारिता कभी असफल नहीं हो सकती। बनारस की तर्ज पर पूर्वांचल में भी बनास डेयरी स्थापित करने की दिशा में प्रयास जारी हैं और शीघ्र ही इस क्षेत्र में एक नई डेयरी स्थापित की जाएगी, जिससे किसानों और पशुपालकों को सीधा लाभ मिलेगा तथा उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि 'घोसी चीनी मिल का कोई बाल बांका भी नहीं कर सकता।' उन्होंने बताया कि कैबिनेट बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इसके लिए फंड की मांग की थी, जिसके लिए उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया है।फंड मिलते ही चीनी मिल का आधुनिकीकरण किया जाएगा। कुछ लोगों द्वारा विकास कार्यों में बाधा डालने की कोशिशों पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि 'कुछ लोग शांत पानी में पत्थर मारकर लहर पैदा करने की राजनीति करते हैं।' मऊ अब विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसे कोई रोक नहीं सकता। टी-सीरीज द्वारा मऊ महादेव पर शूटिंग के लिए किया गया अनुरोध क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मऊ की सहकारी समितियों के सभी ब्रांच को सुदृढ़ किया जाएगा और उनके विकास के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा। स्थानीय लोग एकजुट होकर विचार-विमर्श करें तो बनारस की तर्ज पर मऊ में भी अमूल-बनास डेयरी की स्थापना जल्द संभव है।

# एआई तकनीक से प्रशासनिक कार्यों में आएगी तेजी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन कार्यालय में आधुनिक तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई कार्यशाला' का आयोजन किया गया। मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की।कार्यशाला के समापन अवसर पर मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक का प्रभावी उपयोग प्रशासनिक कार्यों में गति और गुणवत्ता दोनों को बढ़ाने का माध्यम बन रहा है। डेटा प्रबंधन, फाइलिंग और रिपोर्ट तैयार करने जैसे दैनिक कार्यों में एआई के उपयोग से समय की बचत के साथ कार्यों की सटीकता भी सुनिश्चित की जा सकती है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यशाला में सीखी गई तकनीकों को अपने कार्यक्षेत्र में लागू करते हुए मिशन के लक्ष्यों को अधिक तेजी और दक्षता के साथ प्राप्त किया जाए।प्रशिक्षण सत्र के लिए विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश से आई विशेषज्ञों की टीम ने 6 घंटे चले सत्रों में कर्मचारियों को एआई के व्यावहारिक उपयोग से अवगत कराया। इस दौरान विभिन्न एआई टूल्स एवं सॉफ्टवेयर का प्रदर्शन करते हुए बताया गया कि जटिल और समय लेने वाले कार्यों को किस प्रकार कम समय में प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकता है।कार्यशाला में 'प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग' और ऑटोमेशन के माध्यम से कार्यक्षमता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कर्मचारियों को सिखाया गया कि किस प्रकार दस्तावेजों के त्वरित विश्लेषण, सटीक डेटा प्रविष्टि तथा रिपोर्ट तैयार करने जैसे कार्यों को सरल और त्रुटिरहित बनाया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान यह भी बताया गया कि एआई के उपयोग से मिशन की मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग प्रणाली को डिजिटल रूप से सशक्त बनाया जा सकेगा, जिससे क्षेत्रीय कार्यों की निगरानी अधिक प्रभावी और पारदर्शी होगी।

प्रशिक्षण सत्र में कर्मचारियों ने एआई के उपयोग से संबंधित विभिन्न प्रश्न भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा उदाहरण सहित समाधान प्रस्तुत किया गया। जिन कार्यों में पहले घंटों का समय लगता था, उन्हें अब एआई के माध्यम से कुछ ही मिनटों में पूरा किया जा सकता है।कार्यशाला के अंत में मिशन निदेशक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए प्रशासनिक कार्यों में नवाचार लाएं, जिससे प्रदेश में कौशल विकास कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# विवादित जमीन पर शिवरतनगंज पुलिस पर कब्जा कराने का आरोप, पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी



तहसील तिलोई के अंतर्गत राजस्व ग्राम सभा किशुनपुर सतगांव थाना शिवरतनगंज में विवादित भूमि को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस की मौजूदगी में जबरन जमीन पर कब्जा कराने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित भूमि को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा है।इसके बावजूद मौके पर ट्रैक्टर व मशीनों के जरिए जमीन को समतल कराए जाने की बात सामने आई है। साथ ही, हरे आम के पेड़ों को कटवाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि यह कार्रवाई बिना उचित जांच के केवल कुछ दस्तावेजों के आधार पर की जा रही है, जो पूरी तरह अनुचित है।घटना के दौरान चौकी सेमरौता प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि न्यायालय से संबंधित कागजात दिखाने के बावजूद उनकी बात को नजरअंदाज किया गया और एक पक्ष विशेष को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया।इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भी नाराजगी व्याप्त है।पीड़ित परिवार ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।हालांकि इस मामले में पुलिस प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।यदि लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं,तो यह घटना पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर सकती है। फिलहाल क्षेत्र के लोग प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

## प्रशासनिक कार्यों में हिंदी के विस्तार पर जोर, डॉ. संतलाल ने रखे सशक्त विचार

**रायबरेली।** राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय, फुरसतगंज में आयोजित हिंदी कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रख्यात वक्ता डॉ. संतलाल ने हिंदी के व्यावहारिक प्रयोग और प्रशासनिक प्रभावशीलता पर सशक्त विचार रखे। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि सुगम, पारदर्शी और जनोन्मुख कार्यसंस्कृति की आधारशिला है। डॉ. संतलाल ने तकनीकी व शैक्षणिक क्षेत्रों में हिंदी के बढ़ते महत्व का उल्लेख करते हुए इसके अधिकाधिक उपयोग पर जोर दिया। कार्यशाला में अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने हिंदी के व्यवहारिक उपयोग पर मंथन किया। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव प्रो. एस. एल. कुमार ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. संतलाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। फोटो परिचय- राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय, अमेठी में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मान प्राप्त करते हुए।

# नव निर्माण के नौ वर्ष' कार्यक्रम का आयोजन, योजनाओं की दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस। अमेठी



प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में 'नव निर्माण के नौ वर्ष' विषय पर आधारित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी आमजन तक पहुँचाई गई।कार्यक्रम में स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण,कृषि,रोजगार, ग्रामीण विकास सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रदर्शित किया गया।अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को योजनाओं के लाभ एवं उनसे जुड़ने की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया।इस दौरान लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित भी किया गया।सूचना विभाग की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में 'स्वच्छता ही सेवा', 'आजादी का अमृत महोत्सव' तथा 'हर घर तिरंगा' जैसे अभियानों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण महिलाओं ने बढ़- चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम के समापन पर कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही अधिकारियों ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी,शिक्षक,विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय रेशम मेला और प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

राजकीय रेशम फार्म बालपुर में रेशम विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के अंतर्गत एकदिवसीय जनपद स्तरीय रेशम मेला और प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए 500 से अधिक कृषकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सदर पल्टूराम द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कृषकों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषक कल्याण की अनेकों योजनाओं चलाई जा रही है। उन्होंने सभी कृषकों को रेशम उत्पादन से जुड़कर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने हेतु शुभकामनाएं दीं। मेले के दौरान प्रगतिशील कृषक बीरबल एवं अरुण को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्य अतिथि द्वारा शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. श्री राम लखन राम द्वारा कृषकों को रेशम कीट पालन, उत्पादन, तकनीकी जानकारी एवं इससे जुड़े रोजगार के अवसरों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह, रेशम विभाग, उद्यान विभाग, उद्योग विभाग तथा मत्स्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से कृषकों को विभिन्न योजनाओं, तकनीकों एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में रवि, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक, सतीश चन्द्र, सहायक रेशम विकास अधिकारी, विवेक श्रीवास्तव, सहायक रेशम विकास अधिकारी, प्रतिभा यादव, सहायक रेशम विकास अधिकारी, देवेन्द्र कुमार गौतम, सहायक रेशम विकास अधिकारी, अखिलेश, डीएमएम, एनआरएलएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सहायक निदेशक रेशम, गोंडा परिक्षेत्र, नितेश सिंह द्वारा उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों एवं कृषकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रगतिशील कृषक श्री पवन सिंह द्वारा किया गया।

## जनगणना-2027 के सफल एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत की जनगणना-2027 के सफल एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संयुक्त लखनऊ मंडल के जनगणना प्रभारी अधिकारी, डिप्टी डायरेक्टर गौरव कबीर पाण्डेय द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने भारत की जनगणना-2027 से संबंधित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा जनगणना कार्य के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

## एक दिवसीय जागरूकता शिविर एवं निशुल्क टूल-किट्स वितरण कार्यक्रम संपन्न

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आर0डी0ए0 के सामुदायिक केंद्र, रतापुर में 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आज मा0 विधायक सलोन अशोक कुमार द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा उ0प्र0 माटीकला बोर्ड के एक दिवसीय जागरूकता शिविर एवं नि:शुल्क टूल-किट्स वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माटीकला टूल-किट्स वितरण योजनान्तर्गत 43 लाभार्थियों को नि:शुल्क टूल किट एवं उद्योग विभाग द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के 05 लाभार्थियों डमी चेक एवं माटीकला उद्योग को प्रोत्साहित करने वाले जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के 30 ग्राम प्रधानों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मा0 विधायक सलोन ने अपने उद्बोधन में कहा कि उ0प्र0 सरकार के कार्यकाल के 09 वर्ष पूर्ण होने पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# सम्राट अशोक जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

## 2500 से अधिक बाइक सवारों की भ1ागीदारी से बाइक रैली शहर में दिखा युवा

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर



जनपद में चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती के अवसर पर बुधवार को जिला मुख्यालय अकबरपुर में भव्य बाइक रैली के माध्यम से शोभा यात्रा निकाली गई। भाजपा नेता व नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में जिले भर से आए युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य सम्राट अशोक के विचारों और उनके समभाव व समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

शोभा यात्रा सदरपुर जलालपुर रोड स्थित निर्माणाधीन अशोक स्तंभ से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट तक पहुंची। जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब 2500 से अधिक सर्व समाज के मोटरसाइकिल सवार लोगों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई हाथों में झंडे और गले में पटके लगाएं युवाओं का काफिला जब शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरा तो पूरे शहर का माहौल उत्साहपूर्ण हो उठा। शोभायात्रा के दौरान कई स्थानों पर भारी भीड़ के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

रैली के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा, पटेल नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा तथा तहसील तिराहे पर स्थित अशोक स्तम्भ पर विवेक मौर्य और सर्वसमाज के लोगों द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस दौरान सम्राट अशोक के आदर्शों को समाज में फैलाने का संकल्प भी लिया गया।

बाइक रैली में शामिल युवाओं ने अनुशासन के साथ शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण किया और शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। रैली में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ भी देखने को मिली।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में भाजपा नेता विवेक मौर्य ने कहा कि राष्ट्र नायक, अखंड भारत के निर्माता और मानवता के प्रतीक सम्राट अशोक सामाजिक सद्भाव के अग्रदूत थे। उनके शासन में समान अवसर और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक ने समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, छुआछूत और भेदभाव जैसे विचारों को समाप्त करने का कार्य किया, जिससे प्रेरणा लेकर आज युवाओं ने उनकी जयंती पर यह विशाल बाइक रैली के माध्यम से विशाल शोभायात्रा निकाली गई

उन्होंने बताया कि जिले के कोने-कोने से आए 2500 से अधिक मोटरसाइकिल सवार युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन को सफल बनाया। इसके लिए उन्होंने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार भी व्यक्त किया।

# विकास क्षेत्र डीह की विभिन्न बालवाटिकाओं में नवारम्भ उत्सव का उत्साहपूर्ण आयोजन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




रायबरेली के डीह विकास क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में बुधवार को बालवाटिका ÷नवारम्भ उत्सव÷ भव्य रूप से मनाया गया, जिसमें शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, अभिभावकों व जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम ने 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पूर्व-प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने बताया, ÷ शिक्षकों तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का परस्पर सहयोग अभियान की सफलता का मूलमंत्र रहा। उन्होंने समुदाय स्तर पर बच्चों की पहचान, अभिभावकों से संपर्क तथा क्रियाशील बालवाटिका की साज-सज्जा में अहम योगदान दिया, जिससे नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई।÷

उत्सव की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई, उसके बाद प्रधानाध्यापकों ने पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के महत्व पर संबोधन दिया। नन्हे बच्चों ने गीत, नृत्य व कविताओं से प्रतिभागियों को मंत्रमुग्ध किया, जबकि 3-4 वर्ष के बच्चों ने रेत-बालू पर लेखन कर ÷नन्ही उंगलियों की पहली छाप÷ के साथ विद्यालय जीवन का शुभारंभ किया। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से सजी ÷क्रियाशील बालवाटिका÷ में चार लर्निंग कॉर्नर (पढ़ना, कला, अभिनय, ब्लॉक), प्रिन्ट-रिच सामग्री, वन्डरबॉक्स तथा टीएलएम प्रमुख आकर्षण बने। अभिभावकों ने कक्षाओं का भ्रमण कर बच्चों के पोर्टफोलियो देखे तथा बाल्यावस्था शिक्षा के लाभ समझे।

कार्यक्रम का सफल आयोजन विकासखंड स्तर पर पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## गृह विज्ञान विभाग में टाई एंड डाई प्रतियोगिता का आयोजन

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग में बुधवार को टाई एंड डाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 25 मार्च को एमएलके पीजी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे के निर्देशन में टाई एंड डाई प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें परास्नातक एवं स्नातक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया । महाविद्यालय की मुख्य नियंता प्रोफेसर वीणा सिंह, सांस्कृतिक निर्देशिका प्रोफेसर रेखा विश्वकर्मा एवं पूर्व सांस्कृतिक निर्देशिका डॉ. अनामिका सिंह ने निर्णायक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए निर्णय दिया ।प्रतियोगिता में सीमा यादव एम. ए. द्वितीय वर्ष तथा चांदनी तिवारी बी. ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, नीलू वर्मा एम. ए. द्वितीय वर्ष व निधि सोनी बी. ए. तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा अंतिमा भारती एम. ए. द्वितीय वर्ष व राशि कश्यप बी. ए. तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान तथा वर्तिका पाठक एम. ए. द्वितीय वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

# रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर बाल ब्रह्मचारी दंडी स्वामी का ओजस्वी प्रवचन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

शहर के इंदिरा नगर कॉलोनी स्थित जीएस लॉन में चल रही साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन का दृश्य मानो भक्तिरस की जीवंत धारा में परिवर्तित हो उठा। जैसे ही कथा व्यास बाल ब्रह्मचारी (डंडी स्वामी) आनंदाश्रम जी महाराज ने रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन प्रारंभ किया, पूरा पंडाल भक्ति, भाव और उल्लास के अद्भुत संगम में डूब गया। श्रोता न केवल कथा सुन रहे थे, बल्कि उस दिव्य प्रसंग को सजीव रूप में अनुभव कर रहे थे। कथा व्यास ने अत्यंत प्रभावशाली शैली में कहा कि ÷जहां सच्चा प्रेम, अटूट विश्वास और पूर्ण समर्पण होता है, वहीं भगवान श्रीकृष्ण का वास होता है।÷ उन्होंने रुक्मिणी जी के जीवन को उदाहरण बताते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों, सामाजिक बंधनों और बाधाओं के बावजूद उनका अडिग विश्वास ही उन्हें प्रभु श्रीकृष्ण तक ले गया। यह प्रसंग केवल एक विवाह कथा नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। डंडी स्वामी जी महाराज ने भावपूर्ण शब्दों में वर्णन किया कि रुक्मिणी ने अपने हृदय में श्रीकृष्ण को पति रूप में स्वीकार कर लिया था और उसी अटूट निष्ठा के बल पर उन्होंने अपने जीवन की हर बाधा को पार किया। भगवान श्रीकृष्ण ने भी उनके प्रेम और भक्ति का सम्मान करते हुए सभी विघ्नों को समाप्त कर उनका हरण कर विवाह संपन्न किया। जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ती गई, श्रद्धालु भावविभोर होकर ÷राधे-राधे÷ और ÷जय श्रीकृष्ण÷ के उद्घोष के साथ झूम उठे। कथा के दौरान संगीतमय भजनों और मधुर कीर्तन ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। पूरा परिसर भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कथा व्यास ने अपने प्रवचन में कहा कि जब मनुष्य सच्चे मन से भगवान को पुकारता है, तो प्रभु स्वयं उसके जीवन में मार्गदर्शक बनकर प्रकट होते हैं और उसे हर संकट से उबारते हैं। इस अवसर पर धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र (हरियाणा) से संचालित आध्यात्म प्रेरित सेवा संस्थान 'मातृभूमि सेवा मिशन' इकाई रायबरेली परिवार द्वारा कथा व्यास का भव्य सम्मान किया गया। संयोजक प्रदीप पांडेय, सहसंयोजक रामानुज मिश्रा, जिला पतंजलि प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रकाश नारायण पाठक, महामंत्री देवेंद्र नाथ मिश्रा व संरक्षक देवेंद्र मिश्रा ने मंच पर अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।कुल मिलाकर श्रीमद भागवत कथा ने न केवल श्रद्धालुओं को भावविभोर किया, बल्कि प्रेम, समर्पण और आस्था के उस शाश्वत संदेश को भी जीवंत कर दिया, जो श्रीमद्भागवत कथा की आत्मा है। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय संस्था भारत सेवक समाज के अध्यक्ष शिव नारायण सोनी, शिव शक्ति सेवादार समिति एवं

# देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत ने किया डिजिटल कंप्यूटर लैब का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर क्षेत्र अंतर्गत आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में बुधवार को डिजिटल कंप्यूटर लैब का भव्य उद्घाटन विद्यालय के संरक्षक देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आई जी जोन गोरखपुर, मंडलायुक्त देवी पाटन मंडल, जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार उपस्थित रहे।

जानकारी के अनुसार 25 मार्च को कंप्यूटर लैब लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक एवं देवीपाटन पीठ के पीठाधीश्वर ने दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर डीपी सिंह ने आए हुए अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। विद्यालय के संरक्षक एवं देवीपाटन पीठ के पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने कहा कि डिजिटल शिक्षा आज के युग की आवश्यकता है और इस प्रकार की आधुनिक सुविधाएं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह डिजिटल कंप्यूटर लैब छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगी और उन्हें प्रतियोगी दुनिया के लिए तैयार करेगी। पुलिस अधीक्षक रवीश कुमार ने विद्यार्थियों को तकनीक का सही एवं सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। अंत में पुलिस उपाधीक्षक एवं एसडीएम तुलसीपुर ने भी बच्चों को डिजिटल कंप्यूटर लैब के महत्व एवं उसके उपयोग के विषय में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें आधुनिक तकनीक का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की यह आई 5 तकनीक के 60 कंप्यूटर की दूसरी प्रयोगशाला स्थापित की गई । इससे पूर्व भी विद्यालय में 40 कंप्यूटर का एक प्रयोगशाला पूर्व में ही स्थापित किया गया है। यह लैब छात्रों को नई तकनीकी शिक्षा प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी। विद्यालय में नए सत्र में प्रवेश को देखते हुए यह जल्द ही खोला गया है जिससे कि 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होने वाली नए सत्र में सभी छात्र छात्राएं इसका लाभ उठा सकें। प्रधानाचार्य डॉ डी पी सिंह ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए या घोषणा की कि सभी छात्र छात्राओं को इस तकनीकी प्रयोगशाला का भरपूर लाभ उठाने का अवसर समान रूप से दिया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने डिजिटल कंप्यूटर लैब का निरीक्षण किया और इसकी सुविधाओं की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## एमएलके कॉलेज में अविरल गंगा निर्मल गंगा कार्यक्रम का आयोजन

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में बुधवार को निषादराज जयंती समारोह के अवसर पर गंगा समग्र की ओर से अविरल गंगा -निर्मल गंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गंगा की स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण पर जोर दिया गया। जानकारी के अनुसार 25 मार्च को कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय,मुख्य वक्ता लाल जी व संयोजक प्रो0 एस पी मिश्र ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर के किया। प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अविरल गंगा-निर्मल गंगा% भारत सरकार का एक प्रमुख अभियान है, जो गंगा नदी के निरंतर प्रवाह (अविरलता) और उसे प्रदूषण मुक्त (निर्मलता) रखने के लिए समर्पित है। नमामि गंगे और अर्थ गंगा परियोजनाओं के अंतर्गत, सरकार एसटीपी द्वारा सीवेज उपचार, नदी के पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण, तथा जनभागीदारी के माध्यम से गंगा को स्वच्छ व जीवंत बनाए रखने के लिए कार्य कर रही है।

# अयोध्या की पारंपरिक संगीत शैली 'मिश्र पीलू' की गूंज के साथ सुंदरकांड पारायण, योग शिविर में मुद्राओं का अभ्यास

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ आयोजित %श्रीराम पर्व% के अंतर्गत आज अयोध्या की प्राचीन संगीत परंपरा और योग विज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिला। नौ दिवसीय इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न केंद्रों पर आयोजित सुंदरकांड पारायण ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर करने के साथ-साथ अवध की लुप्त होती पारंपरिक गायन शैली का भी साक्षात्कार कराया। सभी केंद्रों पर सुंदरकांड का पारायण पं. ज्वाला प्रसाद संगीत शोध संस्थान के निदेशक एवं अयोध्या संगीत घराना के मूर्धन्य आचार्य पं. डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा के संरक्षण और निर्देशन में संपन्न हुआ। संस्थान के विद्यार्थियों ने अवध की पारंपरिक संगीत शैली में सुंदरकांड की चौपाइयों का अत्यंत सुमधुर गायन किया। इस अवसर पर डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि यह पारायण %राग मिश्र पीलू% पर आधारित अवधी धुन में प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस राग का अयोध्या के मंदिरों में पद गायन के लिए सदियों से प्रयोग होता रहा है। भक्ति और श्रृंगार रस से परिपूर्ण होने के कारण अवध की पारंपरिक गायन शैली में दोहा, चौपाई और छंद के लिए इस राग का विशेष महत्व है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य इस पारंपरिक धुन को जन-जन तक पहुँचाना है ताकि युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ सके।

उधर, सूर्य कुण्ड, दर्शन नगर में संचालित योग शिविर आज अपने शीर्ष स्तर पर रहा। योग भारती के संस्थापक श्री श्रीनिवास मूर्ति जी के सानिध्य में आज की गतिविधियाँ विशेष रूप से योग मुद्राओं, शोधन क्रियाओं और विशिष्ट योगासनों पर केंद्रित रहीं। आधुनिक जीवन शैली के कारण घटती शारीरिक क्षमता को पुनर्जीवित करने के लिए साधकों को विशेष अभ्यास कराए गए। शिविर में डॉ. राजपाल और रामकुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने के सूत्र सीखे। इन आयोजनों की सफलता में श्री रिंकू वैद्य, अध्यक्ष आनंद कुमार, गोपाल जी, लाल जी वैद्य, अंकित वैद्य, सुनील अवस्थी, चंद्रशेखर तिवारी, धर्मेंद्र वर्मा, बृजमोहन तिवारी और डॉ. नीरज शुक्ला ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। साथ ही व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में श्री बृजेन्द्र दुबे, योगेश्वर सिंह, राम नरेश तिवारी, रितेश सिंह, अमन, परमजीत, शुभम पाठक, निखिल पाण्डेय, जितेंद्र यादव और हर्षित मिश्रा की सक्रिय भूमिका रही। विदित हो कि ई. रवि तिवारी के संयोजन में चल रहे इन कार्यक्रमों का भव्य समापन एवं विशिष्ट सहयोगियों का सम्मान समारोह आगामी 27 मार्च 2025 को रानी हो कोरिया पार्क, अयोध्या में आयोजित किया जाएगा।



# डायबिटीज के मरीजों को गन्ने का जूस पीना चाहिए या नहीं ?

**गर्मी से राहत के लिए अलग-अलग तरह के पेय का सेवन करते हैं ताकि गर्मी के प्रकोप से बच सकें। वहीं गर्मी के दिनों में गन्ने के जूस का सबसे अधिक सेवन किया जाता है। इसके सेवन करते ही गर्मी की थकान दूर हो जाती है। एकदम रिफ्रेशमेंट जैसा महसूस होता है। वहीं इसका सेवन करने से लीवर, ब्लड प्रेशर और इम्यून सिस्टम तीनों के लिए ही फायदेमंद होता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं। जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, पोटेशियम और फास्फोरस जैसे जरूरी तत्व पाए जाते हैं। जिससे हड्डियां भी मजबूत होती है। यह प्राकृतिक रूप से मीठा होता है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या डायबिटीज के मरीज इसे पी सकते हैं?**

गन्ने के रस में भले ही प्राकृतिक शुगर होती है लेकिन शुगर की मात्रा बहुत अधिक होती है। जिसके चलते डायबिटीज के मरीजों को दिक्कत हो सकती है। दरअसल, गन्ने का रस बिना किसी तरह से रिफाइंड करके निकाला जाता है। इसलिए हाई शुगर भी बहुत ज्यादा होती है। इसलिए डायबिटीज के मरीजों को गन्ने के रस का सेवन नहीं करना चाहिए। गन्ने के रस में ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है और अधिक मात्रा में ग्लाइसेमिक लोड होता है। इसका मतलब है कि यह आपके ब्लड शुगर लेवल को इफेक्ट करता है।

### गन्ने के जूस के फायदे

- एनर्जी मिलती है।
- पाचन क्रिया को ठीक करता है।
- दांतों को मजबूत करता है।
- संक्रमण से बचाव में मदद करता है।

# अनिद्रा और माइग्रेन की समस्या से चाहते हैं निजात, तो पीजिए हल्दी वाला दूध

आयुर्वेद चिकित्सा में हल्दी को रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला सबसे असरकार माना गया है। आयुर्वेद के अनुसार दूध के साथ हल्दी का सेवन करना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। बच्चों और बुजुर्गों को तो अक्सर हल्दी वाला दूध पीने की सलाह दी जाती है। बहुत सी ऐसी बीमारियां हैं जिनमें हल्दी वाला दूध रात को पीने से काफी आराम मिलता है। कहा जाता है जो व्यक्ति अनिद्रा का रोगी हो और जिसके माइग्रेन की बीमारी हो उसे हल्दी वाला दूध अवश्य पीना चाहिए।

### माइग्रेन व अनिद्रा में मिलता है आराम

अगर आपको माइग्रेन की शिकायत है तो रोज रात को सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध में हल्दी डालकर पीने की आदत डाल लें। माइग्रेन की परेशानी में दूध हल्दी पीने से बहुत लाभ मिलता है। इससे अच्छी नींद भी आती है। आपकी नींद पूरी नहीं हो पा रही है। रात को अक्सर आपकी नींद टूट जाती है और फिर देर तक नहीं आती है तो हल्दी वाला दूध पीकर सोना शुरू कर दें। गर्म दूध में हल्दी डालकर पीने से नींद नहीं आने की शिकायत दूर होती है।

### गैस की परेशानी से भी मिलती है राहत


गैस और कब्ज की परेशानी में भी हल्दी दूध पीने से आराम मिलता है। दूध नॉर्मल टेम्प्रेचर का होना चाहिए ज्यादा गर्म नहीं। रोज रात को हल्दी वाले दूध में 2-3 दाने चीनी या मिश्री के डालकर सोएं। कुछ ही दिनों में कब्ज और गैस की परेशानी से राहत मिल जाएगी।


### बढ़ती है बच्चों की इम्युनिटी

हल्दी को इम्युनिटी बढ़ाने के लिए बहुत गुणकारी माना जाता है। बच्चों को अक्सर ही मौसम बदलने पर सर्दी-खांसी जैसी परेशानी हो जाती है। रात में सोने से पहले बच्चों को हल्दी वाला दूध पिलाएं, इससे बदलते मौसम में भी उनकी इम्युनिटी मजबूत होती है।

### चोट पर है असरकारक

बच्चों को खेलने-कूदने में अक्सर चोट लग जाती है या बहुत थक जाने पर पैरों में, शरीर में दर्द होता है। रात को सोते समय बच्चों को हल्दी वाला दूध पीना चाहिए। इससे चोटों से आराम मिलता है। हल्दी में रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है और इसका सेवन सबके लिए ही फायदेमंद है।





# बीमार न कर दे ये गर्मी

**गर्मी अपना प्रभाव दिखाने लगी है और लोगों का हाल बेहाल होने लगा है। गर्मियों के मौसम में जाने अंजान में कई गलतियां, या फिर हमारी जरा सी लापरवाही भी हमें बीमार कर सकती है। गर्मियों के दौरान अक्सर लोगों के शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है। इस तपती गर्मी में कई लोगों को लू लग जाती है, कई लोग बुखार की चपेट में तो कई लोगों को पेशाब में जलन, दस्त, उल्टियां, बेहोश होना और नाक से खून निकलने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में अधिकांश लोग डॉक्टर और अस्पताल के चक्कर लगाने लगते हैं।आज हम बताएंगे कि गर्मी अपने आपको स्वस्थ कैसे रखें, आइए जानते है।**



### नाक से खून आना

गर्मियों में अक्सर बच्चों के नाक से खून आने की समस्या होने लगती है। ऐसे में लाल भाजी की जड़ों के रस की दो-दो बूंदे नाक में टपकाने की सलाह देते हैं। ऐसा तीन दिन तक लगातार दिन में दो बार किए जाने से आराम मिलता है। वहीं इसके अलावा धनिया की ताजी पत्तियों के रस में थोड़ा कपूर मिलाकर इस मिश्रण की 2-2 बूंदे नाक में टपकाने की सलाह देते हैं।

### लू लग जाए तो करें ऐसा

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के कारण अगर लू लग जाए तो लू लगने पर पीड़ित व्यक्ति के हाथ, पैर और तलुओं में कच्चे प्याज का रस लगाया जाता है। कहा जाता है कि इस नुस्खे को आजमाने पर लू से तुरंत आराम मिलता है। लू लग जाए तो कमरख नाम के फल का रस इससे निजात दिलाने में काफी काम आता है। इस रस में चीनी मिलाकर दिन में दो बार पीना चाहिए। इसके अलावा करौंदे का जूस भी लू से निजात दिलाने के लिए बेहतर विकल्प माना जाता है। करीब 250 मिली करौंदा जूस में शक्कर और इलायची मिलाकर दिन में 3 बार पीने से लू का असर कम होता है। बथुआ को पीसकर इसका लेप तैयार करके लू ग्रस्त व्यक्ति के पैरों के तलुओं और हथेली पर लगाने से लू में काफी तेजी से आराम मिलता है। लू के उपचार के लिए टमाटर को भी उत्तम माना जाता है। टमाटर में नमक और शक्कर मिलाकर इसे उबाल लेना चाहिए। ठंडा हो जाने पर लू ग्रस्त व्यक्ति को दिन में 2 बार पिलाना चाहिए।

### गर्मियों में जब पड़ जाएं बीमार

भीषण गर्मी में लू लग जाने पर तेजी से बुखार आने लगता है। ऐसे में कच्चे नारियल का पानी पिलाना चाहिए। सुबह-शाम तीन दिनों तक कच्चे नारियल का पानी पीने से लू, बुखार और कमजोरी दूर होती है।

गर्मी के चलते बुखार आ जाने पर बेल के फलों का जूस बेहद काम आता है। बेल के जूस में शक्कर और इलायची मिलाकर पीड़ित को देने से तुरंत आराम मिलता है।

### कमजोरी व थकान होने पर

गर्मियों में थकान और कमजोरी महसूस होना बेहद आम बात है। ऐसे में पके पपीते का सेवन करना बेहद फायदेमंद माना जाता है। पपीते के जूस को पीने से शरीर में ताजगी और स्फूर्ति आती है। चिलचिलाती गर्मी में यह शरीर के तापमान को नियंत्रित करता है।

### दस्त और उल्टी होने पर

गर्मियों में कई लोगों को दस्त और उल्टी की समस्या होना आम बात है। ऐसे में आंवले को उबालकर इसे मैश कर लेना चाहिए। फिर इसके बीजों को अलग कर लें और आंवले में शक्कर या शहद मिला लें। इस मिश्रण में से 5 ग्राम हर रोज 4-5 बार लें। इससे दस्त और उल्टी में तेजी से फायदा होगा। इसके अलावा पानी की कमी को पूरा करने के लिए नींबू पानी, केला और दाल चावल से बनी खिचडी खाने से आराम मिलता है।



# बिना एक्सरसाइज डांस के साथ करें वेट लॉस

**क्या आपको लगता है कि वजन कम करने के लिए आपको उबला हुआ खाना खाना पड़ेगा या घंटों वर्कआउट करना पड़ेगा ? जी नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं है। आप चाहें तो डांस करके भी वजन कम कर सकती हैं। यहां हैं कुछ ऐसे अमेजिंग डांस, जो आपकी वेट लॉस जर्नी को आसान बना सकते हैं।**

डांसिंग एक बेहतरीन कार्डियो वर्कआउट है जो स्टैमिना बढ़ाता है और फैट बर्न करने में मदद करता है। डांस की उपयोगिता के कारण ही डांस से जुड़े कई फिटनेस सेंटर खुल रहे हैं। एरोबिक्स, जुम्बा और साल्सा डांस वर्कआउट के कुछ प्रमुख रूप हैं। डांस की सबसे अच्छी बात यह होती है कि यह फुल बॉडी वर्कआउट होने के बावजूद उबाऊ नहीं लगता और यह आपको खुश रखता है। यही नहीं, डांस सभी मांसपेशियों को फ्लेक्सिबल बनाता है। कई रिसर्च बताती हैं कि डांस करने से डोपामाइन हॉर्मोन बनता है जो हमारा मूड अच्छा रखता है और स्ट्रेस कम करता है। जब आप जान गए हैं कि डांस सेहत के लिए कितना फायदेमंद है, तो यह भी जान लेते हैं कि आप इसको अपने रूटीन में कैसे शामिल कर सकती हैं।

### जुम्बा

जुम्बा डांस कार्डियो सबसे प्रचलित वर्कआउट फॉर्म है और यह लगातार बढ़ रहा है। जुम्बा लैटिन डांस स्टाइल और एरोबिक्स का मिक्स है जिसमें बहुत ऊर्जा की जरूरत होती है। जुम्बा में एक ही समय पर कई मसल्स ग्रुप काम करते हैं और यह हर ऐज के लिए परफेक्ट है। यह लगातार एक फन वर्कआउट के रूप में लोकप्रिय हो रहा है। एक घन्टे के जुम्बा सेशन में आप 500 से 800 कैलोरी बर्न करती हैं।

### हिप हॉप

हिपहॉप एक एडवांस डांस फॉर्म के रूप में लोकप्रिय है। इस डांस स्टाइल के लिए बहुत स्टैमिना और ताकत की जरूरत होती है और यही कारण है कि यह वजन कम करने का बेहतरीन तरीका है। लेकिन, हिपहॉप के लिए आपको फिट होना चाहिए वरना आप हिपहॉप कर ही नहीं पाएंगे।

### साल्सा

हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड तक, साल्सा को एक रोमांटिक डांस फॉर्म की तरह पॉपुलर किया गया है। हालांकि साल्सा रोमांटिक है और कपल के बीच ही होता, लेकिन इस डांस फॉर्म में बहुत एनर्जी की जरूरत होती है। यह एक बेहतरीन वर्कआउट है जो कैलोरी बर्न करता है और इस दौरान आप और आपके पार्टनर के बीच बॉन्डिंग भी बढ़ जाती है। कपल्स के लिए साल्सा एक अच्छी एक्टिविटी है जहां वे साथ में फिट भी हो सकते हैं और क्वालिटी टाइम भी बिता सकते हैं।

### बॉलीवुड

जब बात आती है डांस वर्कआउट की तो बॉलीवुड स्टाइल सबसे कारगर होता है। हम सभी बचपन से बॉलीवुड डांस देखते आये हैं और उसे एन्जॉय करते हैं। साथ ही इसकी बीट्स इतनी मोहक होती हैं कि आप खुद को नाचने से रोक नहीं पाते। यह एक बेहतरीन कार्डियो है और फैट बर्न करने में कारगर है। साथ ही आप इसको दिल से एन्जॉय भी करते हैं।

### यह भी जानें

डांस वर्कआउट यहीं तक सीमित नहीं है। फ्रीस्टाइल डांसिंग से लेकर बेली डांस तक कई अन्य डांस हैं जो आपको फिट रखते हैं। नियमित रूप से डांस करने से आप फिट होते हैं, स्टैमिना बढ़ता है और शरीर लचीला बनता है। साथ ही यह फिटनेस शारीरिक फिटनेस तक सीमित नहीं है। डांस से आपका मानसिक स्वास्थ्य भी सुधरता है क्योंकि डांस करने से तनाव कम होता है और मूड अच्छा होता है।



# क्या आप अपने रोजाना पानी पीने का हिसाब रखते हैं ?

पृथ्वी का 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से घिरा है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि यह 70 प्रतिशत पानी पीने के लिए योग्य है। भारत जहां डिजिटलीकरण की ओर से तेज रफ्तार से बढ़ रहा है। वहीं 50 प्रतिशत से ज्यादा घरेलू स्थान अभी भी पीने के लिए अपने पानी को उबालने पर निर्भर हैं। आपका शरीर 70 प्रतिशत पानी है और यह पानी पेशाब और पसीने आदि के माध्यम से अपने शरीर में मौजूद गंदगी को बाहर निकालने में मदद करता है। कहा जाता है कि दिन में आठ गिलास पानी पीना स्वास्थ्य के लिए जरुरी है। पानी शरीर के लिए बहुत जरूरी है। अधिक पानी पीने से कई तरह की बीमारियों से छुटकारा मिलता है। अफसोस की बात है कि लोग प्यास लगने पर ही पानी का सेवन करते हैं, जो शरीर में पानी की कमी को बढ़ाता है।

### एनर्जी लेवल को बनाए रखता है

आप विशेष रूप से गर्मियों में एनर्जी लेवल में कमी महसूस करते हैं। इन सबसे निजात पाने का आसान तरीका अधिक पानी पीना है। ऐसा करने से आप अपने दिन को अतिरिक्त शक्ति और ऊर्जा के साथ जी पाएंगे।

### डिहाइड्रेशन में मदद करता है

पानी की कमी से मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है। जब आपका मस्तिष्क थका हुआ होता है, तो आपकी मांसपेशियां जवाब देने लगती है। आपकी आंखें थक जाती हैं। आपके मस्तिष्क में महत्वपूर्ण कार्यों को करने की ऊर्जा नहीं होती। आप चाहते हुए भी काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते। इसलिए इससे बचने के लिए, भरपूर पानी पीना चाहिए। आप ड्रिंक-वॉटर ऐप का उपयोग कर इस बात का पता लगा सकते है कि आपने दिनभर में कितने लीटर पानी पिया है।

### मूड को फ्रेश रखने में मदद करता है

जब आपको प्यास लगती है, तो आप अत्यधिक चिड़चिड़े होने लगते है। एक गिलास पानी पीने से आप बेहतर महसूस करने लगते है और मूड भी ठीक रहता है।



# स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है पोदीना

**पौदिने में कई प्रकार के पौष्टिक तत्व होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते है। पौदिने की पत्तियों में मिंथॉल व एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं।**

गर्मी के दिनों में पौदिना को भी लोग खूब पसंद करते है। पौदिने का प्रयोग हम किसी सब्जी को स्वादिष्ट बनाने और चटनी में बनाने में लेते है। पौदिने में कई प्रकार के पौष्टिक तत्व होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते है। पौदिने की पत्तियों में मिंथॉल व एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। गर्मियों के दिनों में स्कीन से जुड़ी कई परेशानियां होती है। आज हम पौदिने के सेवन से होने वाले शारीरिक लाभों के बारें में बताने जा रहे हैं, तो आइए जानते हैं।

### कील मुंहासे में फायदेमंद

पौदिना चेहरे के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आपकी तैलीय त्वचा हैं आप पौदिने की पत्तियों को पीसकर चेहरे पर लगाओंगे तो आपके चेहरे के लिए काफी फायदेमंद होगी।

### मुंह की बदबू के लिए फायदेमंद

कई लोग मुंह की बदबू के कारण काफी परेशान रहते है। ऐसे व्यक्तियों के लिए पौदिना काफी फायदेमंद हो सकता है। अगर आपके मुंह में बदबू आती हैं तो आपको पौदिना की पत्तियों का सेवन करना चाहिए।

### पाचनतंत्र के लिए फायदेमंद

पौदिना हमारी पेट से संबंधित बीमारी के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आप पेट की समस्या से पीड़ित हो तो आपको प्रतिदिन पौदिने की पत्तियों का सेवन करना चाहिए।

### पीरियड में फायदेमंद

कई महिलाएं अपने मासिक धर्म से काफी परेशान रहती हैं क्योंकि उनका मासिक धर्म समय पर नहीं आता है। जिस कारण वो काफी तनाव में रहती है। लेकिन अगर आप प्रतिदिन पौदिने का सेवन करेंगे तो ये महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। महिलाएं पौदिने की पत्तियां सूखाकर उनका चूर्ण बनाकर शहद के साथ सेवन करेगी तो शानदार इस बीमारी से फायदा मिलेगा।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# महिलाओं को लेकर डॉ कलाम का सपना अधूरा

**58 प्रतिशत महिलाओं का मानना था कि राजनीतिक परिवार से आने वाली महिलाओं के लिए राजनीति में प्रवेश आसान होता है। जबकि 57 प्रतिशत का मानना था कि आर्थिक रूप से मज़बूत परिवारों की महिलाओं को बढ़त मिलती है। अपने सर्वोच्च स्तर पर भी पहुंचकर भी महिलाओं का लोकसभा में हिस्सा लगभग 14 प्रतिशत ही रहा, जबकि मतदाताओं में उनकी हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत है। 1952 में पहली लोकसभा में सिर्फ़ 22 महिलाएं चुनी गई थीं। 1977 में तो यह संख्या घटकर 19 ही रह गई। एक बड़ा बदलाव 21वीं सदी में दिखा।**

*देश के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइलमैन के नाम मशहूर रहे डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि महिलाओं का सशक्तिकरण एक अच्छे परिवार, अच्छे समाज और अंततः एक अच्छे राष्ट्र के विकास की ओर ले जाता है। जब महिला सुखी होती है, तो घर सुखी होता है। जब घर सुखी होता है, तो समाज सुखी होता है, और जब समाज सुखी होता है, तो राज्य सुखी होता है, और जब राज्य सुखी होता है, तो देश में शांति होती है और उसका विकास अधिक गति से होता है। देश महिलाओं की मौजूदा हालात को देखते हुए लगता यही है डॉ कलाम का यह सपना पूरा नहीं हुआ है। इस सपने को पूरा करने के लिए अभी शायद दशकों तक इंतजार करना पड़ेगा। भारतीय महिलाओं ने स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर संसद में नेतृत्व तक का लंबा सफर तय किया है, फिर भी सच्ची समानता अभी भी दूर है। मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है, जमीनी स्तर पर प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है और महिला आरक्षण विधेयक एक बड़ी छलांग का वादा करता है। लेकिन लैंगिक भेदभाव, परोक्ष राजनीति और सुरक्षा संबंधी चिंताओं जैसी व्यवस्थागत बाधाएं अभी भी बनी हुई हैं। विश्व स्तर पर भारत में महिलाओं की स्थिति मिश्रित है, जहाँ वे नेतृत्व और सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं, वहीं लैंगिक असमानता, सुरक्षा और श्रम भागीदारी में उन्हें गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा और साक्षरता में प्रगति के बावजूद, पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण और आर्थिक असमानता प्रमुख बाधाएं बनी हुई हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है। जो महिलाओं की स्थिति में चिंताजनक गिरावट दर्शाता है। देश में महिलाएं अभी तक लिंगभेद का शिकार हैं। महिलाओं के साथ होने वाले शोषण और अपराधों के ग्राफ बताते हैं कि उनकी तरक्की ऊंट के मुंह में जीरे से ज्यादा नहीं है। साल 2023 की राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में 2023 में महिलाओं के खिलाफ 13,366 मामले दर्ज हुए, जो मुंबई में 6,025 और बेंगलुरु में 4,870 से कहीं ज्यादा हैं। हालांकि साल 2022 के मुकाबले महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 5.7 प्रतिशत की गिरावट आई है। देश में 2021 से 2023 के बीच महिलाओं के खिलाफ कुल 13,21,745 अपराध दर्ज हुए। औसतन हर तीन मिनट में एक महिला किसी न किसी अपराध का शिकार हुई। गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने राज्यसभा में पेश आंकड़ों के बताया कि ने घरेलू हिंसा, अपहरण, यौन अपराध और बाल शोषण जैसी घटनाओं में लगातार तीन वर्षों में बढ़ोतरी देखी गई। उत्तर प्रदेश इन तीन वर्षों में सबसे आगे रहा, जहां 1,88,207 मामले दर्ज हुए। इसके बाद महाराष्ट्र में 1,31,958, राजस्थान 1,31,246, बंगाल 1,05,313 और मध्य प्रदेश में 95,780 मामलों ने स्थिति की गंभीरता को उजागर किया है। महिलाओं के खिलाफ प्रमुख अपराधों में शामिल रहे पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के 4,09,929 मामले तो वहीं अपहरण के 2,49,284 मामले सामने आए। गृह राज्य मंत्री बंदी ने बताया था कि अपराधों के ये रुझान सामाजिक और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों को उजागर करते हैं। विभिन्न राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों से जुड़े अपराधों की संख्या चिंताजनक स्तर तक पहुंच गई है। आर्थिक भागीदारी में भारत में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों (82%) की तुलना में केवल 18% है, जो काफी कम है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**केंद्र सरकार ने एक तरफ सख्त सुरक्षा अभियान और कोइ ढिलाई नहीं की नीति अपनाई वहीं, विकास के वृहद कार्यक्रम चलाए और सबके पसंद के पुनर्वास प्रोग्राम भी शुरू किये। इस रणनीति के कारण ही स्थानीय लोगों का माओवादी नेताओं से मोहभंग हुआ और उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने में सफलता हासिल हुई। मोदी सरकार ने एक तरफ सुरक्षा और नक्सल विरोधी अभियान को नई धार दी तो वहीं उग्रवाद प्रभावित लोगों की सामाजिक व आर्थिक जरूरतों का भी पूरा ख्याल किया। इसके कारण ही ऑपरेशन आक्टोपस, डबल बुल, चक्रबंध और ब्लैक फॉरेस्ट को कामयाबी मिली। स्थानीय लोगों ने भी सरकार के खुफिया-आधारित अभियानों का समर्थन किया।**

# नक्सल मुक्त भारत की संकल्पना होने लगी साकार



**विक्रम उपाध्याय**

**मोदी सरकार ने नक्सल विरोधी अभियान के लिए केवल सुरक्षा बल के प्रयोग को प्राथमिकता नहीं दी, बल्कि लगभग 12,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण जंगल क्षेत्रों में कर डाला, 6,500 से अधिक मोबाइल टावरों की स्थापना की और 1,800 से अधिक शाखाओं के साथ बैंकिंग के बुनियादी ढांचे का विस्तार किया, ताकि योजनाओं के पैसे लोगों तक आसानी से पहुंच सकें।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारत को नक्सल-मुक्त बनाने की समय सीमा 31 मार्च 2026 तय की थी। इसलिए यह जानना जरूरी है कि क्या सचमुच सरकार ने इतनी बड़ी सफलता हासिल कर ली है? क्या अब नक्सल हिंसा में किसी नागरिक को बेवजह जान नहीं गंवानी पड़ेगी? यह कहने में अब किसी को संकोच नहीं होना चाहिए कि भारत सचमुच वामपंथी उग्रवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में ऐतिहासिक सफलता हासिल कर चुका है। आंकड़े इसके गवाह हैं। जहां 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी, वह 2025 के अंत तक घटकर सिर्फ तीन ही रह गई और उनमें भी कोई बड़ा नक्सली नेता जीवित या सक्रिय नहीं बचा। यानी नक्सल हिंसा से मुक्ति की संकल्पना सच होने लगी है। एक समय था जब छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और बिहार समेत आधा दर्जन राज्यों में रेड कॉरिडोर स्थापित था। जहां से नक्सली बड़े बड़े हिंसक अभियान चलाते थे। लेकिन 2014 के बाद शुरू हुए नक्सल उन्मूलन अभियान ने तस्वीर बदल कर रख दी है। एक दशक से भी कम समय में नक्सल प्रभावित इलाकों में 600 से ज्यादा नए और आधुनिक पुलिस थाने बनाए गए हैं और हर जगह आसानी से सुरक्षा बलों को पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे तैयार किए गए हैं। लेकिन जो नक्सली हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के लिए तैयार हुए, उन्हें आत्मसमर्पण के लिए सम्मानजनक जीवन के विकल्प भी दिए गए। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए विकास और सुरक्षा की योजनाएं ईमानदारी से लागू की गई हैं और और जिन अतिवादियों ने फिर भी हिंसा का मार्ग नहीं छोड़ा, उनके सफाए के लिए सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) को पूर्ण अधिकार दे दिया गया। सुरक्षा बलों को जब ऑपरेशन वाले क्षेत्र के नक्शे, हेलीकॉप्टर और अन्य सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए गए तो कुछ समय बाद ही नक्सलियों की बादशाहत खत्म होने लगी। घात लगाकर हमलों और छापों के जरिए निर्दोष लोगों को मारने वाले नक्सली खुद को बचाने में ही परेशान होने लगे। सबसे बड़ी बात यह रही कि नक्सल विरोधी अभियानों में नियमित सैनिकों को शामिल नहीं किया गया। इतिहास की बात करें तो 60 के दशक में नक्सल आंदोलन का जन्म बंगाल में आदिवासियों के खिलाफ पुलिस और जमींदारों के बीच संघर्ष के कारण हुआ, लेकिन जब पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ़ चाइना के नेता माओ जेडोंग इस आंदोलन के वैचारिक केंद्र बन गए तो इसका स्वरूप भारतीय सरकारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में बदल गया। नक्सलियों के लिए हथियार पश्चिम बंगाल में ही बनाए जाने लगे। कोलकाता का प्रेसीडेंसी कॉलेज नक्सलवाद का गढ़ बन गया। फिर सान्याल और मजूमदार के गुट वाली वामपंथी पार्टी ने हिंसक क्रांति का मार्ग चुना और भारतीय राज्य की नींव को ही उखाड़ फेंकने का विचार फैलाया। बाद में



**माओवादी नेता देवूजी के आत्मसमर्पण के बाद तेलंगाना भी अब नक्सल मुक्त हो चुका है। नक्सल कैडर अब किस तरह से हताश हो चुके हैं, वे इन आकड़ों से पता चलता है कि अकेले 2024-25 में ही लगभग 2,900 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया और 1,900 से अधिक की गिरफ्तारियां हुईं।**

कुछ राजनीतिक पार्टियां भी सत्ता के लिए नक्सलियों का इस्तेमाल करने लगीं। वर्ष 2004 में जब पीपुल्स वार ग्रुप और माओइस्ट कॉम्युनिस्ट सेंटर का विलय हुआ तो हिंसा उन इलाकों में भी फैल गई जहां पहले शांति थी। भारतीय सत्ता के खिलाफ लगातार हिंसक संघर्ष देखा गया। छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल गतिविधियों का एक बहुत बड़ा केंद्र बन गया। वर्ष 2010 में 76 सी आरपीएफ जवानों का कत्ल हुआ तो 2012 में छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कलेक्टर का अपहरण हो गया और फिर 2013 में सलवा जुडूम शुरू करने वाले महेंद्र कर्मा समेत कई बड़े नेताओं और सुरक्षा कर्मियों की हत्या नक्सलियों ने कर दी। लेकिन 2014 में अपनी सरकार बनाने से पहले ही नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की धरती से ही यह ऐलान कर दिया कि धरती को लाल करने का नारा देने वाले या तो धरती को हरा-भरा करने के उद्देश्य के साथ मुख्यधारा में लौट आएं या फिर आरपार की लड़ाई के लिए तैयार हो जाएं। जब गृह मंत्री के रूप में अमित शाह ने जिम्मेदारी संभाली तो तय हो गया कि अब भारत वामपंथी उग्रवाद को सहन नहीं करेगा और इसे पूरी तरह से खत्म करने का अभियान शुरू किया जाएगा। इसके लिए 31 मार्च, 2026 की समय सीमा तय की गई और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ स्पष्ट रणनीति बनाई गई। माओवादी हिंसा के प्रति 'जीरो-टॉलरेंस' की दृढ़ नीति बनाकर इसे व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का हिस्सा बना दिया गया। गृह मंत्रालय के नेतृत्व में केंद्र और राज्यों के बीच समन्वित अभियान शुरू किए गए और एक मजबूत खुफिया तंत्र विकसित किया गया। शीर्ष माओवादी नेतृत्व के मूवमेंट के बारे में रियल टाइम की सूचनाएं प्राप्त कर उनको खत्म किया जाने लगा। जो आत्मसमर्पण करना चाहते थे उन्हें पुनर्वास का विकल्प दिया गया। ऑपरेशन इतना सटीक चलाया गया कि 2025 तक, नक्सलवाद के नेतृत्व को पूरी तरह से खत्म कर दिया गया। गृहमंत्री अमित शाह ने अभी हाल ही में फिर दावा किया कि मार्च के अंत तक भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। सरकार के दावे को नकारा नहीं जा सकता। नक्सली उग्रवाद पर लगाम के जो आकड़े उपलब्ध हैं, उससे यह निष्कर्ष निकलता है कि केंद्र और प्रभावित राज्यों ने मिलकर छह दशक से भी पुराने इस हिंसक आंदोलन को पहली बार पूरी तरह से कुचलने में कामयाब हुए हैं। 2014-24 के बीच हिंसक घटनाओं में भारी कमी आई। नक्सलियों के हाथों सुरक्षा बलों के मारे जाने की घटनाओं में लगभग 73 प्रतिशत और नागरिकों की मौतों में लगभग 70 प्रतिशत की सीधी कमी देखी गई। अब केवल छत्तीसगढ़ के तीन जिलों के कुछ हिस्सों में ही नक्सलियों की उपस्थिति सीमित रह गई है और उन्हें भी नक्सल मुक्त करने का अभियान जारी है। कई राज्यों ने तो आधिकारिक तौर पर खुद को नक्सल-मुक्त घोषित कर दिया है। बिहार और मध्य प्रदेश इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं। माओवादी नेता देवूजी के आत्मसमर्पण के बाद तेलंगाना भी अब नक्सल मुक्त हो चुका है। नक्सल कैडर अब किस तरह से हताश हो चुके हैं, वे इन आकड़ों से पता चलता है कि अकेले 2024-25 में ही लगभग 2,900 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया और 1,900 से अधिक की गिरफ्तारियां हुईं। यही नहीं 600 से अधिक माओवादियों को मुठभेड़ में खत्म भी किया गया। पांच, दस नहीं, बल्कि 28 शीर्ष माओवादी नेताओं को भी खत्म कर दिया गया।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 11:49 तक |
| नक्षत्रः | आद्रा 04:19 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | शोभन, 12:31 |
| सूर्योदयः | 06:28 |
| सूर्यास्तः | 18:36 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 02:03-03:34 |
| विक्रमी संवत्: | 2083 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 12:08-12:56 |

## जन एक्सप्रेस

**समाधान संवाद में**

*संकट में है दुनिया।*
*हम भी सावधान ।।*
*लेकिन वक्त आने वाला।*
*है नहीं आसान ।।*
*कोविड में संभाला।*
*है पुनः तैयार ।।*
*जहां मदद जरूरी।*
*खड़ी है सरकार ।।*
*होर्मुज में रूकावट।*
*हमको अस्वीकार्य ।।*
*भारी है चुनौती।*
*ठीक नहीं ये कार्य ।।*
*समाधान संवाद में।*
*हम इसके समर्थक ।।*
*बेवजह बेमतलब।*
*कृत्य ये निरर्थक ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# एक अरब लोग मानसिक समस्याओं से जूझ रहे

**मानसिक** स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है, जिस पर आज भी लोग बात करने से कतराते हैं। बहुत सारे लोग आज भी मानसिक रोगों को भूत-प्रेत या दैवी शक्ति का असर मान लेते हैं, जबकि ये पूरी तरह मेडिकलकंडीशन हैं। ऐसे में ड्ब्ल्यूएचओ की नई रिपोर्ट हमें आईना दिखाती है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में करीब एक अरब से ज्यादा लोग मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। इनमें सबसे कॉमन समस्याएं स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन हैं। यही नहीं, इससे भी ज्यादा चौंकाने वाला आंकड़ा यह है कि दुनिया में होने वाली हर सौ मौतों में से एक मौत आत्महत्या से होती है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में इस समय जितनी भी मौतें होती हैं, उनमें से हर 100 में एक 1 व्यक्ति आत्महत्या से मर रहा है। युवाओं (15 से 29 साल) में आत्महत्या मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। साल 2021 में दुनियाभर में करीब 7.27 लाख लोगों की मौत आत्महत्या से हुई। यह एक बहुत दुखद स्थिति है। संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक आत्महत्या के मामलों में एक-तिहाई (33प्रतिशत) कमी लाने का लक्ष्य रखा था। लेकिन अभी तक जो प्रगति हुई है, उस हिसाब



से 2030 तक केवल 12प्रतिशत ही कमी आ पाएगी। ये अंतर बताता है कि इस दिशा में हमारे प्रयास कितने कमजोर हैं। मनोवैज्ञानिक आत्महत्या का कारण क्या मानते हैं? आम मानसिक समस्याओं में से एक है और यह आत्महत्या का सबसे बड़ा कारण है। अक्सर देखा जाता है कि डिप्रेशन से जूझ रहे लोगों में लगातार उदासी, निराशा और बेकार होने का अहसास बना रहता है। ये भावनाएं व्यक्ति के तनाव झेलने और सामान्य जीवन जीने की क्षमता को बुरी तरह प्रभावित करती हैं। जब व्यक्ति अपनी पसंदीदा चीजों में भी रुचि खो देता है और उसे हर ओर अंधेरा ही दिखाई देता है, तो आत्महत्या जैसे विचार और ज्यादा बढ़ जाते हैं। डिप्रेशन इंसान की सोचने-समझने की क्षमता को इस हद तक कम कर देता है कि उसे लगता है कि आत्महत्या ही उसके दर्द से छुटकारा पाने का एकमात्र रास्ता है। इसका मतलब साफ है कि अगर डिप्रेशन के शुरुआती लक्षणों को समझा और समय पर इलाज शुरू किया जाए, तो आत्महत्या तक नौबत आने से रोका जा सकता है। सुमालता वासुदेवा कहती हैं, मानसिक बीमारियों और आत्महत्या के खतरे के बीच के रिश्ते को समझना बेहद जरूरी है, क्योंकि इसी से रोकथाम और इलाज की दिशा तय होती है। अगर हम समय पर मानसिक समस्या के संकेत पहचान लें और तुरंत किसी विशेषज्ञ की मदद लें, तो व्यक्ति अपनी स्थिति को बेहतर तरीके से संभाल सकता है और आत्महत्या का खतरा भी कम हो सकता है। इसके साथ ही जरूरी है कि हम एक ऐसा माहौल बनाएं जहां सहयोग मिले और मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बातचीत की जा सके। यही बातें इस गंभीर समस्या से निपटने और लोगों की भलाई बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार ज्यादातर देशों में मानसिक समस्याओं के इलाज की सुविधाएं बेहद कम हैं। यहां न पर्याप्त डॉक्टर हैं, न अस्पतालों में संसाधन हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत तलाशने की बढ़ी दरकार



**उमेश चतुर्वेदी**

**भारत के संदर्भ में देखें, तो रसोई गैस के मोर्चे में देश ने पिछले दस वर्षों में बड़ी क्रांति को देखा है। देश के रसोई घरों में पीएनजी यानी पाइप्ड नेचुरल गैस और एलपीजी यानी लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की खपत बढ़ी है।**

**ईरान** पर अमेरिकी और इजरायली कार्रवाई के बाद पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में ना सिर्फ भारत, बल्कि पूरी दुनिया को कई तरह की परेशानियों और रूकावटों का सामना करना पड़ रहा है। अगर खाड़ी संकट जल्द नहीं थमा तो पहले से ही करीब अस्सी अरब डॉलर सालाना खर्च करने वाले भारत की ऊर्जा क्षेत्र की चुनौतियां और बढ़ सकती हैं। पेट्रोलियम कारोबार पर निगाह रखने वाले वैश्विक संस्थानों को आशंका है कि अगर ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध लंबा खिंचा और इससे कच्चे तेल की कीमतों में प्रति बैरल दस डॉलर की भी बढ़ोत्तरी हुई तो भारत का पेट्रोलियम आयात खर्च पंद्रह हजार करोड़ डॉलर सालाना बढ़ सकता है। पेट्रोलियम आयात पर होने वाली इस बढ़ोतरी के चलते भारत पर नए सिरे से आर्थिक दबाव बढ़ेगा। ऐसे में जरूरी है कि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों को लेकर नए सिरे से विचार करे और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की तलाश की दिशा में ना सिर्फ आगे बढ़े, बल्कि शोध और विकास पर भी जोर लगाए। खाड़ी संकट के बाद सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को इस दिशा में सोचने को मजबूर किया है। तमाम देश

**भारत में पारंपरिक रूप से लकड़ी के चूल्हे पर खाना पकाने का चलन रहा है। जिसके लिए जलावन पारंपरिक तौर पर फसलों के साथ ही पेड़ों और जंगलों से मिलता रहा है। लेकिन उन्हें बाद में स्वास्थ्य के लिए खराब माना जाने लगा। अब बदले हालात में जरूरी है कि पारंपरिक चूल्हों को विकसित करके उनकी ओर भी लौटा जाए। इसके लिए ऐसे उन्नत चूल्हे बनाए जाएं, जिससे धुआं कम से कम निकले।**

वैचारिक स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों के विकल्पों की खोज में जुटने लगे हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर दुनिया का बढ़ता ध्यान इसी बदलते सोच का प्रतीक है। चीन ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने पर पिछले कुछ वर्षों में इतना जोर दिया है कि वहां एक तरह से इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति ही आ गई है। भारत ने साल 2030 तक कुल वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी तीस प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। ईरान संकट के पहले से ही इलेक्ट्रिक वाहनों के चलन को बढ़ावा देने की सरकारी कोशिशों से सालाना पेट्रोलियम आयात में करीब 25 हजार करोड़ की बचत होने लगी है। लेकिन जिस तरह पेट्रोलियम उत्पादक खाड़ी के क्षेत्र में हालात बदल रहे हैं, उससे देश को पेट्रोलियम के विकल्प ढूंढ़ने की दिशा में तेजी लाने और इस सिलसिले में शोध और विकास को भी गति देने की जरूरत बढ़ी है। ऐसा किए बिना देश के लिए पेट्रोल और डीजल के आयात के लिए विदेशी मुद्रा के भारी खर्च पर लगाम लगाना आसान होगा। भारत के संदर्भ में देखें, तो रसोई गैस के मोर्चे में देश ने पिछले दस वर्षों में बड़ी क्रांति को देखा है। देश के रसोई घरों में पीएनजी यानी पाइप्ड नेचुरल गैस और एलपीजी यानी लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की खपत बढ़ी है। मौजूदा आंकड़ों के अनुसार, देश में प्राकृतिक गैस की रोजाना खपत करीब 189 मिलियन घन मीटर है। लेकिन घरेलू उत्पादन महज 97.5 मिलियन घन मीटर रोजाना ही है। करीब साठ फीसद गैस बाहर से आयात ही करना पड़ता है। देश में करीब 33 लाख एलपीजी कनेक्शन हैं। इनमें दस लाख 33 हजार कनेक्शन प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत दिए गए हैं। इन कनेक्शनों पर सालाना 312 लाख टन गैस खर्च होती है। इस खर्च होने वाली गैस का साठ फीसद हिस्सा आयात किया जाता है। जाहिर है कि देश का बड़ा गैस खर्च भी आयात पर ही निर्भर है। इसमें दो राय नहीं कि आधुनिक दुनिया की ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत पेट्रोलियम पदार्थ ही हैं, जिसमें डीजल, पेट्रोल और गैस तीनों ही शामिल हैं। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार देश की ऊर्जा स्रोत के रूप में सबसे ज्यादा खपत डीजल की है, जो कुल पेट्रोलियम खर्च का करीब करीब 38.5 फीसद है। इसके बाद पेट्रोल का नंबर आता है, जिसकी कुल ऊर्जा स्रोत के खपत में करीब 18 प्रतिशत की भागीदारी है, जबकि तीसरे नंबर पर करीब चौदह फीसद हिस्सेदारी के साथ प्राकृतिक गैस है। भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के मार्च 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार देश में रोजाना करीब 87 करोड़ लीटर पेट्रोल की खपत होती है। जबकि देश में इसका उत्पादन महज 9.65 करोड़ लीटर ही होता है। देश की कुल पेट्रोलियम खपत का करीब 87 फीसद हिस्सा आयात करना पड़ता है। कुल एलपीजी खर्च का 60 फीसद हिस्सा आयात से पूरा किया जाता है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# दो लूटकांडों का खुलासा : 25-25 हजार के इनामी समेत तीन बदमाश गिरफ्तार

## अवैध तमंचे, कारतूस व चाकू बरामद, सुनसान स्थानों पर राहगीरों को बनाते थे निशाना

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




थाना जहानाबाद पुलिस ने क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल लूट की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए 25-25 हजार रुपये के इनामी दो बदमाशों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस और एक नाजायज चाकू बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी सुनसान स्थानों पर अकेले जा रहे लोगों को निशाना बनाकर लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे।

पहली घटना 20 फरवरी 2026 की है। ग्राम गौनेरी निवासी पुष्पेंद्र कुमार ने थाना जहानाबाद में तहरीर देकर बताया कि तीन अज्ञात बदमाशों ने उनकी होंडा लिवो मोटरसाइकिल (क्र26 0571) लूट ली और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

दूसरी घटना 22 फरवरी 2026 को सामने आई। ग्राम कुकरीखेड़ा निवासी रवि कुमार की मोटरसाइकिल (क्र26रू5864) भी तीन बदमाशों ने लूट ली। इस मामले में भी मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई। जांच के दौरान साक्ष्य और पूछताछ के आधार पर कई आरोपियों के नाम सामने आए। पुलिस ने पहले चरण में 22 मार्च 2026 को चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जिनमें संजू उर्फ संजीव वर्मा पुत्र पूरन लाल निवासी ग्राम सरौरी थाना जहानाबाद, नदीम पुत्र सईद निवासी मोहल्ला कच्ची हवेली कस्बा व थाना जहानाबाद, सूरज पुत्र जानकी प्रसाद निवासी ग्राम सरौरी थाना जहानाबाद, धर्मेंद्र कुमार पुत्र नन्हेलाल निवासी ग्राम सरौरी थाना जहानाबाद शामिल हैं। इसके बाद फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर 24 व 25 मार्च 2026 को पुलिस ने ग्राम शाही रेलवे फाटक के पास से तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिनमें विष्णु पुत्र मंगली राम निवासी ग्राम जटऊ पट्टी थाना भोजीपुरा, जनपद बरेली (इनामी 25,000 रुपये), बडे उर्फ डोरीलाल पुत्र डालचंद्र निवासी ग्राम सरौरी थाना जहानाबाद (इनामी 25,000 रुपये), सुरेंद्र पुत्र भगवान दास निवासी ग्राम जटऊ पट्टी थाना भोजीपुरा, जनपद बरेली शामिल हैं।

### वारदात का तरीका (मोडस ऑपरेंडी)

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सुनसान स्थानों या हाईवे पर अकेले जा रहे लोगों को चिन्हित करते थे। इसके बाद मोटरसाइकिल से पीछा कर उन्हें रोकते और अवैध हथियारों के बल पर मारपीट कर बाइक लूट लेते थे। लूटी गई मोटरसाइकिलों की पहचान छिपाने के लिए उनके पुर्जे अलग कर देते थे या फर्जी नंबर प्लेट लगाकर अन्यत्र इस्तेमाल करते थे।

### बरामदगी का विवरण व अपराधिक इतिहास

पुलिस ने आरोपियों के पास से दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और एक नाजायज चाकू बरामद किया है।
गिरफ्तार आरोपी विष्णु के खिलाफ पूर्व में भी लूट, मारपीट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।
पूरी कार्रवाई थाना जहानाबाद पुलिस टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में की गई, जिसमें उपनिरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है, साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

# बेटियों की सुरक्षा का संकल्प–स्वस्थ भविष्य की ओर एक मजबूत कदम

### सीएचसी जहानाबाद में एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत, 90 दिनों तक चलेगा विशेष अभियान



जन एक्सप्रेस। जहानाबाद

सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बेटियों को सुरक्षित करने की दिशा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद में एच.पी.वी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह अभियान स्वास्थ्य विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो आने वाले 90 दिनों तक सीएचसी एवं पीएचसी स्तर पर लगातार संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी, जिससे उन्हें भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा मिल सके। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश गंगवार ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को समय रहते इस गंभीर बीमारी से बचाना है, ताकि उनका स्वास्थ्य सुरक्षित और भविष्य मजबूत रह सके। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह ने उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं और परिजनों को एचपीवी टीके के महत्व, इसके लाभ और सुरक्षा संबंधी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, डॉ. सौरभ गंगवार ने बताया कि यह टीका 14 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के लिए पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है, जो उन्हें सर्वाइकल कैंसर के खतरे से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीकाकरण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भूमिका देखने को मिली। एएनएम आरती द्वारा किशोरियों को टीका लगाया गया, जबकि अनिकेत यादव (स्वास्थ्य कार्यकर्ता), रवि कुमार सहित अन्य कर्मचारियों ने अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यह भी अपील की कि सभी अभिभावक अपनी बेटियों को समय पर टीकाकरण के लिए केंद्र पर लाएं, ताकि वे इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रह सकें। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा का प्रतीक है, बल्कि समाज में जागरूकता और बेटियों के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश देती है।

यदि इस अभियान को जनसहभागिता का पूरा समर्थन मिला, तो निश्चित ही यह आने वाले समय में सर्वाइकल कैंसर के मामलों को कम करने में मील का पत्थर साबित होगा।

# शपथ के शब्द नहीं, बदलाव की शुरुआत है- जनसेवा ही अब असली पहचान है

- नगर पालिका में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण: उम्मीदों और जिम्मेदारियों का नया अध्याय

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



लोकतंत्र की वास्तविक ताकत स्थानीय निकायों में निहित होती है, जहां जनता से सीधे जुड़े प्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्याओं को समझते हुए समाधान की दिशा तय करते हैं। नगर पालिका परिषद पीलीभीत में आयोजित नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह इसी लोकतांत्रिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ, जिसने न केवल नई जिम्मेदारियों का औपचारिक हस्तांतरण किया, बल्कि विकास और जनसेवा के नए संकल्पों की नींव भी रखी।

समारोह में मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर ने नामित सभासदों जिसमें स्वतंत्र देवल, नितिन सक्सेना, पंकजा तिवारी, प्रिंस प्यारेलाल लोधी और प्रतीक अग्रवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के साथ ही इन प्रतिनिधियों ने नगर के समग्र विकास, पारदर्शी प्रशासन और जनहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सभासद स्वतंत्र देवल ने अपने उद्बोधन में जनसेवा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि वे नगर की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और पीलीभीत को एक विकसित एवं समृद्ध नगर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। अन्य नव-नामित सभासदों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों में पूर्ण सहयोग और जनभागीदारी को बढ़ावा देने का भरोसा दिलाया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सभी नव-नामित सभासद जमीनी स्तर से जुड़े हुए हैं और उन्हें क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं का अनुभव है। उन्होंने विश्वास जताया कि इनकी सक्रियता और प्रतिबद्धता से नगर में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उत्साह का माहौल देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच सभासदों का स्वागत किया गया, जो जनता के विश्वास और उम्मीदों का प्रतीक था। यह आयोजन केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों और जनता के बीच मजबूत रिश्ते की शुरुआत के रूप में देखा गया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पीलीभीत के जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार गुप्ता, मंडल मंत्री रतननाथ मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष रामनाथ सक्सेना, जगदीश सक्सेना, जिला महामंत्री पीयूष अग्रवाल, नगर महामंत्री हरपाल सिंह यादव, नगर उपाध्यक्ष राहुल गजवानी, युवा नगर अध्यक्ष प्रतीक सक्सेना सहित अनेक पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा राष्ट्रीय हनुमान दल के जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

समारोह में लिए गए संकल्प स्वच्छता व्यवस्था में सुधार, नागरिक सुविधाओं का विस्तार और समस्याओं के त्वरित समाधान नगर विकास की सही दिशा की ओर संकेत करते हैं। हालांकि, असली चुनौती इन संकल्पों को धरातल पर उतारने की होगी। अब जब शपथ के शब्द गूंज चुके हैं, तो जनता की नजरें इन नव-नामित सभासदों के कार्यों पर टिकी हैं।

यदि वे पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसंवाद को प्राथमिकता देते हैं, तो निश्चित ही पीलीभीत नगर की तस्वीर बदल सकती है।

यह शपथ केवल एक शुरुआत हैं। असली परीक्षा अब जनसेवा के कार्यों में दिखाई देगी।

# खेल नहीं, जाल बन गया मोबाइल का संसार– जीत की चाह में हार गया एक और नौजवान...

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



### बीसलपुर के अखौली गांव की घटना ने खड़ी की गंभीर चेतावनी, ऑनलाइन गेमिंग की लत युवाओं को धकेल रही अंधेरे की ओर

जनपद की तहसील बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अखौली में 18 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक गहरी चेतावनी है। यह मामला उस खतरनाक प्रवृत्ति को उजागर करता है, जिसमें आधुनिक तकनीक और मनोरंजन के साधन धीरे-धीरे युवाओं के जीवन पर हावी होते जा रहे हैं और अंततः विनाश का कारण बन रहे हैं।

अरुण कुमार नामक युवक, जो कभी अपने परिवार की उम्मीदों का केंद्र था, ऑनलाइन गेमिंग की लत का ऐसा शिकार हुआ कि उसने जीवन की सबसे बड़ी बाजी ही हार दी। परिजनों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों से वह मोबाइल गेम्स में लगातार डूबता चला गया। शुरुआत शौक के रूप में हुई, लेकिन धीरे-धीरे यह लत इतनी गहरी हो गई कि उसने न केवल उसकी दिनचर्या बल्कि मानसिक संतुलन और आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित कर दिया।

बताया जाता है कि अरुण ने ऑनलाइन गेमिंग में लगभग दो लाख रुपये तक गंवा दिए थे। यह रकम केवल पैसों का नुकसान नहीं थी, बल्कि उसके आत्मविश्वास, मानसिक शांति और भविष्य की संभावनाओं का भी ह्रास था। लगातार हार और बढ़ते आर्थिक दबाव ने उसे भीतर ही भीतर तोड़ दिया। परिवार ने कई बार उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन लत की गिरफ्त इतनी मजबूत थी कि वह उससे बाहर नहीं निकल सका।

घटना के दिन जब परिजन घर के बाहर थे, तब अंदर कमरे में अरुण ने फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जब तक परिवार को इसकी जानकारी हुई और उसे अस्पताल ले जाया गया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यह दृश्य न केवल एक परिवार के लिए असहनीय था, बल्कि पूरे गांव को शोक में डुबो गया।

यह घटना केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है, बल्कि समाज के लिए एक गंभीर सवाल भी है–क्या हम अपने युवाओं को तकनीक के अंधे उपयोग के लिए खुला छोड़ रहे हैं? क्या मनोरंजन के नाम पर विकसित हो रही डिजिटल दुनिया हमारे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है?

आज के दौर में ऑनलाइन गेमिंग उद्योग तेजी से फैल रहा है। आकर्षक ग्राफिक्स, इनाम का लालच और प्रतिस्पर्धा का दबाव युवाओं को अपनी ओर खींचता है। कई गेम्स में वास्तविक धन का लेन-देन भी शामिल होता है, जो युवाओं को आर्थिक जोखिम की ओर धकेलता है। धीरे-धीरे यह लत नशे की तरह असर करने लगती है, जिससे बाहर निकलना आसान नहीं होता।

विशेषज्ञों का मानना है कि किशोरावस्था में मस्तिष्क तेजी से विकसित हो रहा होता है और इस समय लिया गया गलत प्रभाव जीवनभर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। लगातार स्क्रीन पर समय बिताना, हार-जीत का दबाव और सामाजिक अलगाव मानसिक तनाव को बढ़ाता है, जो कई बार अवसाद और आत्मघाती प्रवृत्तियों तक पहुंच जाता है।

ऐसे में अभिभावकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना, उनके साथ संवाद बनाए रखना और समय रहते उनकी समस्याओं को समझना जरूरी है। साथ ही, स्कूलों और समाज को भी जागरूकता अभियान चलाकर इस समस्या के प्रति संवेदनशीलता बढ़ानी होगी।

सरकार और संबंधित एजेंसियों को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स के लिए कड़े नियम, आयु सीमा का पालन और आर्थिक लेन-देन पर नियंत्रण जैसे उपाय जरूरी हैं, ताकि युवाओं को इस जाल से बचाया जा सके।

बीसलपुर की यह घटना एक दर्दनाक उदाहरण है कि कैसे एक छोटी सी आदत धीरे-धीरे विनाशकारी रूप ले सकती है। यह समय है जब समाज, परिवार और शासन सभी को मिलकर इस चुनौती का सामना करना होगा, ताकि भविष्य में किसी और अरुण की जिंदगी इस तरह खत्म न हो।

जिंदगी की असली जीत स्क्रीन पर नहीं, हकीकत में होती है। जरूरत है सही दिशा, संवाद और जागरूकता की, ताकि हमारे युवा सही रास्ते पर आगे बढ़ सकें।

### महिला शक्ति केंद्र टीम ने चलाया जागरूकता अभियान, सुरक्षा व यातायात नियमों की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त महिला शक्ति केंद्र टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्हें सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े आवश्यक नियमों का पालन करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इनमें वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102/ 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। पुलिस टीम ने सभी को किसी भी आपात स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों का तत्काल उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सुरक्षा व स्वावलंबन का दिया गया संदेश



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

### सीओ सदर ने अमरिया थाने में चिकित्सा विभाग की महिलाओं को किया जागरूक

मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिलाओं को सशक्त और जागरूक बनाने की दिशा में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री नताशा गोयल द्वारा थाना अमरिया क्षेत्र में चिकित्सा विभाग में कार्यरत महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत सभी महिलाओं को थाना अमरिया पर आमंत्रित कर उन्हें सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने, किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। सीओ सदर ने महिलाओं को आत्मरक्षा के मूलभूत उपायों के साथ-साथ साइबर अपराधों से बचाव के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि आज के समय में डिजिटल माध्यमों के बढ़ते उपयोग के चलते साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं, इसलिए सतर्क रहना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा कार्यक्रम में महिलाओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, उपलब्ध सेवाओं एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। हेल्पलाइन नंबरों–1090, 181, 112, 108, 1098 और 1930 के बारे में विस्तार से बताते हुए आपात स्थिति में इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी गई और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

कोतवाली क्षेत्र के गांव घाटमपुर के पास बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार चांदुइया कॉलोनी निवासी भुजंग सरकार (50) अपने साथी गोपाल सरकार (27) के साथ कालाबोझ गांव में धान की रोपाई करने जा रहे थे। जैसे ही दोनों घाटमपुर के पास पहुंचे, तभी एक सीएनजी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने भुजंग सरकार को मृत घोषित कर दिया। वहीं गोपाल सरकार की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

# अगेती गन्ना किस्मों को बढ़ावा, गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश



### उप गन्ना आयुक्त ने पूरनपुर क्षेत्र का किया निरीक्षण, वैज्ञानिक खेती अपनाने पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जनकापुर एवं रमपुरा में उप गन्ना आयुक्त बरेली, राजेश मिश्रा ने स्थलीय निरीक्षण कर गन्ना बुवाई की प्रगति, बीज गुणवत्ता और फसल प्रबंधन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान फील्ड स्टॉप के माध्यम से बसंतकालीन गन्ना बुवाई का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया गया। उप गन्ना आयुक्त ने गन्ना विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी गन्ना पर्यवेक्षक प्रतिदिन फील्ड भ्रमण कर किसानों से सीधा संवाद स्थापित करें और उन्हें उन्नत कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने ट्रेंच विधि, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा कीट नियंत्रण जैसे उपायों को अपनाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही फील्ड गतिविधियों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निरीक्षण से संबंधित फोटोग्राफ समूहों में साझा करने के निर्देश भी दिए।

### किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाएगी बिल्कुल बर्दाश्त: राजेश मिश्रा

उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों को सलाह दी गई कि वे कम उत्पादक और विलंबित पर्ची वाली रिजेक्ट गन्ना किस्मों की बुवाई से बचें तथा उच्च उत्पादकता, अधिक शर्करा प्रतिशत और शीघ्र परिपक्व होने वाली अगेती गन्ना किस्मों को अपनाएं, जिससे उनकी आय में वृद्धि संभव हो सके। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत को निर्देशित किया गया कि अगेती गन्ना किस्मों के गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बीज उत्पादक किसानों की सूची सभी गन्ना समितियों पर प्रदर्शित कराई जाए। साथ ही गन्ना विकास परिषद स्तर पर आधार एवं प्राथमिक पौधशालाओं की स्थापना कर प्रमाणित बीज का वितरण किसानों के बीच कराया जाए। निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय श्रीवास्तव, मुख्य गन्ना अधिकारी अमित चतुर्वेदी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### बैठक में व्यस्त रहे अधिकारी, बिजली चोरी का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। विद्युत डिवीजन कार्यालय उस समय चर्चा का केंद्र बन गया, जब परिसर में ही एक प्राइवेट सीएससी वैन में अवैध तरीके से बिजली उपयोग का मामला सामने आया। हैरानी की बात यह रही कि इस दौरान पीलीभीत के अधीक्षण अभियंता भविष्य कुमार अधिकारियों के साथ बैठक में व्यस्त रहे और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। बुधवार शाम सामने आई जानकारी के अनुसार, डिवीजन कार्यालय परिसर में लंबे समय से कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। इसी बीच किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आते ही पूरे विभाग में हड़कंप मच गया और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे। कार्रवाई को लेकर टालमटोल मीडिया द्वारा सवाल पूछे जाने पर अधीक्षण अभियंता जवाब देने से बचते नजर आए।

# सेवा का संकल्प, एकता की पहचान– नई टीम के संग बढ़ेगा संगठन का मान




जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

किसी भी सामाजिक संगठन की मजबूती उसकी विचारधारा, नेतृत्व और सक्रिय कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है। जब नेतृत्व अनुभव, ऊर्जा और समर्पण का संतुलित संगम हो, तो संगठन केवल औपचारिक मंच नहीं रहता, बल्कि समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बन जाता है। भारत विकास परिषद टाइगर शाखा पीलीभीत की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन इसी सकारात्मक संकेत की ओर इशारा करता है।

स्टेशन रोड स्थित एक रेस्टोरेंट प्रांगण में संपन्न हुई चुनाव प्रक्रिया ने यह स्पष्ट कर दिया कि संगठन के भीतर एकता और समन्वय की मजबूत नींव मौजूद है। लक्ष्मीकांत शर्मा को अध्यक्ष बनाए जाने का निर्णय न केवल उनके शैक्षिक अनुभव का सम्मान है, बल्कि यह उम्मीद भी है कि संगठन को उनके नेतृत्व में नई दिशा और गति मिलेगी। उनके साथ मनोज मित्तल और संजय जिंदल जैसे पदाधिकारियों की नियुक्ति टीम वर्क की मजबूत संरचना को दर्शाती है। यह कार्यकारिणी केवल पदों का बंटवारा नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों का सशक्त निर्धारण है। विभिन्न संयोजकों और संरक्षकों की नियुक्ति से यह स्पष्ट होता है कि संगठन अपने कार्यक्रमों को योजनाबद्ध तरीके से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'भारत को जानो', 'गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन' जैसे कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग संयोजकों का चयन संगठन की दूरदर्शिता को दर्शाता है।

इस पूरी प्रक्रिया में वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति और मार्गदर्शन ने इसे और अधिक विश्वसनीय बनाया। प्रांत महासचिव डॉ. अनिल सक्सेना द्वारा संगठन के उद्देश्यों पर दिया गया जोर इस बात का संकेत है कि परिषद केवल गतिविधियों तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए गंभीरता से कार्यरत है। अब निगाहें अप्रैल में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह पर टिकी हैं, जो न केवल औपचारिकता होगी, बल्कि संगठन के नए संकल्पों की सार्वजनिक घोषणा भी बनेगा। यदि नई टीम अपने संकल्पों को धरातल पर उतारने में सफल होती है, तो यह शाखा निश्चित रूप से समाज सेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकती है।

# गैस आपूर्ति पर जिलाधिकारी की सख्ती, हर उपभोक्ता तक समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जनपद में एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनपद में गैस सिलेंडरों की निरन्तरता बनी रहे और सभी उपभोक्ताओं को नियमित व निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने गैस एजेंसियों, आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि प्रशासन की सतत निगरानी एवं तेल कंपनियों के समन्वय से गैस वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक उपभोक्ता तक होम डिलीवरी के माध्यम से समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी को एजेंसियों पर लाइनें न लगाने पाए। उन्होंने बुकिंग से लेकर डिलीवरी तक पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारु एवं जवाबदेह बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा सर्वोच्च




प्राथमिकता है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर आवश्यक जानकारी, एडवाइजरी एवं जागरूकता संबंधी पंपलेट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें तथा वैकल्पिक बुकिंग माध्यमों को भी सक्रिय रखें। निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करते हुए जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को गैस एजेंसियों के कार्यालयों एवं गोदामों का नियमित निरीक्षण करने तथा स्टॉक की आमद, वितरण एवं अवशेष का प्रतिदिन सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा गैस के डायवर्जन की किसी भी शिकायत पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट एवं क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि कोतवाली स्तर पर ठेला, गुमटी, खुमचा, होटल एवं ढाबा संचालकों के साथ बैठक आयोजित कर उनकी ईंधन संबंधी आवश्यकताओं का आकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि जहां छोटे व्यापारी अभी भी कोयला व लकड़ी का उपयोग कर रहे हैं, वहां बेहतर प्रबंधन एवं वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें सुगम व सुरक्षित ईंधन उपलब्ध हो सके और व्यवसाय संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से पेट्रोल पंपों एवं संबंधित प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरों की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए, जिससे अराजक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ला, तेल कंपनियों के प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुएं में गिरकर वृद्ध महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम भदरेखी में मंगलवार की देर रात कुएं में गिरकर वृद्ध महिला की मौत हो गई।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम भदरेखी निवासी फूंदन 67 वर्ष पत्नी मुनीर रात में घर से करीब सौ मीटर दूर स्थित कुएं में गिर गईं। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने कुएं में पड़ा महिला का शव देखा तो उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने तत्काल घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। घटना की जानकारी होते ही परिजनों सहित ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। गांव में तरह-तरह की चर्चाएं रही फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि महिला कुएं में कैसे गिरीं। पुलिस आत्महत्या या हादसा, दोनों ही पहलुओं पर जांच पड़ताल करने में लगी हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# यातायात जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शहीद भगत सिंह चौराहे पर हेलमेट वितरण आयोजित

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जीवन ज्योति चंद्र कमल अकादमी कालपी रोड की ओर से यातायात की टीम के साथ शहीद भगत सिंह चौराहे पर एक विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोत्तरी को कम करना तथा हेलमेट पहनने के महत्व को समझाना था। इस अवसर पर सीओ यातायात राजीव कुमार शर्मा साथ में प्रभारी यातायात वीर बहादुर सिंह मय यातायात टीम के उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया तथा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया तथा साथ में जागरूक करते हुए पम्पलेट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 50 हेलमेट वितरित किए गए। उपस्थित अधिकारियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा लोगों को यह संदेश दिया गया कि हेलमेट केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण साधन है। यातायात प्रभारी ने विद्यालय प्रबंधन के साथ बताया कि यह 03 दिवसीय यातायात जागरूकता कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत आगे भी हेलमेट वितरण किया जाएगा तथा अधिक से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। जिससे आमजनमानस अधिक से अधिक जागरूक हो और सड़क दुर्घटनाओं में और कमी लाई जा सके। पुलिस अधीक्षक के स्वयं के पर्यवेक्षण में स्नष्ठ के कुशल संचालन के कारण अपना जिला जालौन प्रदेश में लगातार सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ रही है।



जिसके कारण अपना जनपद द्वितीय स्थान पर बरकरार बना हुआ है। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुभव निरंजन ने कहा कि समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जा सकता है कि वे स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करें।

# दो युवकों पर किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

एक गांव के दो युवकों पर घर में अकेली किशोरी को बुलाकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया है। परिजनों ने आरोपी युवकों के विरुद्ध पुलिस को तेरी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपितों को हिरासत में ले लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। नगर क्षेत्र के एक गांव में निवासी 15 वर्षीय किशोरी घर में अकेली थी। उसे गांव के ही दो युवकों ने घर के बाहर बुलाया इसके बाद दोनों उससे बातें करने लगे। काफी देर तक जब किशोरी घर नहीं पहुंची तो उसके पिता गांव के कुछ लोगों के साथ खोजते हुए गांव के बाहर तक गए। इसी दौरान किशोरी के पिता को आता देख दोनों युवक एक बाड़े में छिप गए। किशोरी कुछ समझ पाती इसके पहले ही ग्रामीणों ने मिलकर दोनों युवकों को पकड़ लिया और जमकर उनके साथ मारपीट की जिससे वह घायल हो गए। बाद में किशोरी के पिता ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने अभिषेक दोहरे व कमल दोहरे को इलाज के लिए सीएचसी कालपी भेजा। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर दोनों आरोपित युवकों को हिरासत में ले लिया है। सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी का कहना है कि किशोरी के पिता की तहरीर पर दोनों पर छेड़खानी का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। किशोरी को भी मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है जिससे आगे की कार्रवाई की जा सके।

# ग्रीष्म ऋतु की तैयारियों पर डीएम ने की समीक्षा जल, बिजली व स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

## खराब हैंडपंप, जर्जर तार–पोल व पुलियों का तत्काल सर्वे कर मरम्मत कराने के आदेश

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जनपद में संभावित भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा कर जनपद में विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था एवं साफ-सफाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को व्यापक एवं ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को गर्मी के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं।जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सभी हैंडपंपों का व्यापक सर्वे कराया जाए तथा जो हैंडपंप खराब या बंद हैं, उन्हें तत्काल रिबोर कराकर चालू कराया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। शहरी क्षेत्रों की जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कहीं भी पानी की कमी न आने पाए। प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वाटर कूलर स्थापित कराए जाएं तथा जो वाटर कूलर खराब हैं, उनका सर्वे कर तत्काल मरम्मत कराकर क्रियाशील किया जाए, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके। विद्युत व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि जर्जर पोल, ढीले तार एवं अन्य तकनीकी कमियों का तत्काल सर्वे कर उन्हें दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वच्छता व्यवस्था पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में साफ-सफाई का बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जनपद की समस्त पुलियों एवं सड़कों से जुड़ी संरचनाओं का सर्वे कर जर्जर पुलियों, टूटी रेलिंग आदि की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय रहते सुधार कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, जिससे संभावित दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनहित से जुड़े इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करें तथा प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करें।

# उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास व आपदा पीड़ितों को वितरित की राहत चेक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के मौके पर तहसील सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर और मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने हम भाग लिया। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना और देवीय आपदा से पीड़ित लोगों को चेक वितरित की। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अपने नौ वर्ष का शानदार कार्यकाल पूरा किया है। अपराधियों का पूरे प्रदेश से सफाई हो गया, या फिर अपराधी जेल में है। उन्होंने बताया पूरे प्रदेश में भय मुक्त वातावरण है। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। ईरान अमेरिका युद्ध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा सरकार संकट के बावजूद गैस की कोई कमी नहीं होने दे रही है। सभी घरों में चूल्हा चल रहा है। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र, एसडीएम अंकित तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण, तहसीलदार संध्या यादव सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शत प्रतिशत बच्चों का स्कूल में कराया नामांकन कराया जाए: रजनी तिवारी

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

शाहाबाद ब्लॉक संसाधन केंद्र पर समग्र शिक्षा अभियान के तहत ग्राम प्रधान,ग्राम सचिव,नोडल शिक्षकों के एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा प्राथमिक विद्यालयों के नोडल शिक्षक, ग्राम प्रधान और जन समुदाय के सहयोग से बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन करवाएं और बच्चों की विद्यालय में उपस्थिति भी सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार इन नौनिहालों की शिक्षा के प्रति पूरी तरह सजग और क्रियाशील है। सभी विद्यालयों में बच्चों को निशुल्क भोजन,यूनिफार्म दी जा रही हैं ताकि बच्चे पढ़ सकें।आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं। आज हमारा देश पूरे विश्व में अग्रणी होने की दिशा में है। सभी




ग्रामवासी अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन जरूर करवाएं। क्यों कि शिक्षा ही एक मात्र विकास का मार्ग है। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा ने कहा ब्लॉक के सभी विद्यालयों का कायाकल्प 19 पैरा मीटर के तहत पूर्ण किया जाए। सरकार ने प्रदेश के परिषदिय स्कूलों को आधुनिक और बाल मैत्रीपूर्ण बनाया है। जिसके तहत स्कूलों में स्वच्छ पेयजल, क्रियाशील शौचालय, स्कूल कि रंगाई पुताई, अच्छा फर्नीचर, खेल का मैदान और साफ सफाई जैसी सुविधाएं शामिल हैं। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया जनपद में शिक्षा के स्तर कों बेहतर बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। निपुण आकलन में हरदोई कों प्रथम स्थान मिला है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य, क्षेत्रवासी,खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार और शिक्षा विभाग के कर्मचारी और अध्यापक उपस्थित रहे।

## ज्यादा नमक का सेवन बढ़ा सकता है किडनी फेलियर का खतरा

**कानपुर।** हाई सॉल्ट इनटेक का मतलब है रोजाना 5 ग्राम से ज्यादा नमक का सेवन (लगभग 2000 एमजी सोडियम प्रतिदिन)। डबलूएचओ के अनुसार, एक दिन में 5 ग्राम से कम नमक लेना चाहिए, जबकि आदर्श मात्रा 1500 एमजी सोडियम प्रतिदिन मानी जाती है। ज्यादा नमक वाले फूड्स में प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड, क्यूर्ड मीट, सोया सॉस, कंडिमेंट्स, रेस्टोरेंट का खाना, पोटैटो चिप्स आदि शामिल हैं। मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के नेफ्रोलॉजी एवं रीनल ट्रांसप्लांट मेडिसिन विभाग की प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. अल्का भसीन ने बताया स्वस्थ किडनी हमारे शरीर में सोडियम, पोटैशियम और फ्लूइड बैलेंस को नियंत्रित करने के लिए बनी होती है। जब हम ज्यादा नमक खाते हैं, तो किडनी के सेंसर इसे पहचान लेते हैं और अतिरिक्त नमक को यूरिन के जरिए बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू करते हैं। लेकिन जब किडनी में बीमारी होती है, तो यह प्रक्रिया सही तरह से काम नहीं कर पाती। इससे शरीर में नमक जमा होने लगता है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है और स्ट्रोक, हार्ट डिजीज और पैरों में सूजन (एडिमा) का खतरा बढ़ जाता है।

# हरपालपुर में दिवंगत पत्रकारों के निधन पर शोक सभा आयोजित

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**

हरदोई जनपद के वरिष्ठ पत्रकार रजनीश सिंह व साण्डी कस्बा निवासी वरिष्ठ पत्रकार अनिल मिश्रा के निधन पर स्थानीय पत्रकारों ने शोक सभा कर दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

बुधवार को हरपालपुर कस्बे में दिवंगत पत्रकार रजनीश सिंह व अनिल मिश्रा के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार अश्वनी यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा स्वर्गीय मिश्रा असली जन सेवक तथा संघर्षशील पत्रकार तथा प्रतिष्ठित अधिवक्ता थे। उन्होंने जीवन पर्यन्त आम जनमानस की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई। जिनकी दमदार लेखनी जगजाहिर थी। शैलेन्द्र शर्मा ने कहा उन्होंने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सदर तहसील अध्यक्ष समेत संगठन में विभिन्न पदों पर रहकर पत्रकारों के हितों के लिए भी संघर्ष किया। ग्रामीण पत्रकार



एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा कि जिले के वरिष्ठ पत्रकार ग्रापये के जिला महासचिव रजनीश सिंह व अनिल मिश्र के निधन से पत्रकार जगत में शोक है।रजनीश सिंह एक कुशल पत्रकार ही नही बल्कि पत्रकारों की समस्यायों व उनके साथ हर स्थिति में साथ देकर संगठन को मजबूत बनाने में अग्रणी थे।पत्रकार अनुराग मिश्रा ने कहा कि दिवंगत पत्रकारों से हरदोई जनपद में पत्रकारिता क्षेत्र हुई यह अपूरणीय क्षति है। गौरव मिश्रा ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस मौके पर ज्ञानेंद्र सिंह, शानू शर्मा, आनंद प्रकाश मिश्रा, आदेश राजपूत, अनुराग राजपूत, बृजेश कुशवाहा, गोविंद राठौर आदि मौजूद रहे।

## इंटर की छात्रा अदिति सिंह बनीं एक दिन की डीएम, कलेक्ट्रेट में सुनी जनसुनवाई

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद हरदोई में एक प्रेरणादायक पहल के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा अदिति सिंह को एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने अदिति सिंह को प्रशासनिक कार्यों की बारीकियों से अवगत कराया।जिलाधिकारी ने अदिति सिंह को विभिन्न विभागों एवं पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया समझाई, साथ ही भारत एवं प्रदेश सरकार की लाभप्रद योजनाओं की जानकारी भी दी। इस अवसर पर उन्होंने छात्रा को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उसके उज्वल भविष्य की कामना की।जनसुनवाई के दौरान कुल 76 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने कुछ मामलों का मौके पर ही समाधान भी कराया।इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया नवारंभ उत्सव

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



प्राथमिक विद्यालय गौरियापुरवा के प्रांगण में %नवारंभ उत्सव% अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए प्रवेश लेने वाले बच्चों को विद्यालय के वातावरण के प्रति सहज बनाना और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। विद्यालय को रंग-बिरंगे गुब्बारों, फूलों और आकर्षक रंगोली से सजाया गया था। विद्यालय के मुख्य द्वार पर शिक्षकों द्वारा नवागंतुक बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

??उत्सव के दौरान विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत और प्रेरणादायक लघु नाटक प्रस्तुत किए। नए बच्चों के लिए खेलकूद और चित्रकला जैसी मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। ?इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष,नोडल शिक्षक सिद्धार्थ कुमार , समस्त शिक्षक स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे।

# उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र मिलने में सुविधा होगी और समय की बचत होगी: असीम अरूण

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई। प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आज स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने प्रदेश सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके उपरान्त मंत्री जी ने जिला प्रशासन द्वारा निर्मित सुगम उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र पोर्टल का शुभारम्भ किया तथा तीन वारिस लोगों को उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर मंत्री जी ने डीएम अनुनय झा की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुगम उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र पोर्टल लांच होने से लोगो उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में सुविधा होगी



और समय की बचत होगी। इस अवसर डीएम ने सुगम उत्तराधिकार पोर्टल के सम्बन्ध में मंत्री जी को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह पोर्टल जिले के नागरिकों को पारदर्शिता और उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में मदद करेगा। इस अवसर पर मंत्री जी ने भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, एमएलसी अशोक कुमार अग्रवाल,एसपी अशोक कुमार मीणा,सीडीओ सान्या छाबड़ा,एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम के साथ नव निर्माण के 9 वर्ष, विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश पुस्तक का विमोचन किया। इसके उपरान्त मंत्री जी ने राजकीय पुस्तकालय के उच्चीकरण का फीताकाट कर लोकापर्ण किया। उन्होने कुछ बच्चों को डायरी व पेन प्रदान किये तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चे देश को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभायेगें।

# तेज रफ्तार मौरंग भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा,चालक घायल

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई।अरवल थाना क्षेत्र में करनपुर मार्ग पर मौरंग से भरा एक तेज रफ्तार डम्पर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।इस घटना में डम्पर चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया जबकि मौके पर मौजूद लोग इधर उधर भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे।

जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर कन्नौज की तरफ से मौरंग भरा एक तेज रफ्तार डम्पर अरवल थाना क्षेत्र के करनपुर की तरफ आ रहा था।जैसे ही डम्पर कुलिया गांव के पास मोड़ पर पहुंचा जहां तीव्र मोड़ पर डम्पर अचानक मोड़ते समय अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।हालांकि जहां पर डम्पर पलटा वही पर कुलिया गांव की कोटेदार के कुंती देवी के पति ट्रक से कोटे की 5 बारी चीनी उतार चुके थे और सरकारी कांटा भी वही सड़क के किनारे रखकर घर से वाहन आने का इंतजार कर रहे थे।घटना के समय वहां कोटेदार पति बलवान सिंह सहित मौजूद लोगों ने इधर उधर भागकर अपनी जान बचाई जबकि कोटे की 5 बारी चीनी व सरकारी कांटा डम्पर पलटने से मौरंग में दब गया।इस घटना में डम्पर चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही अरवल पुलिस ने मौजूद ग्रामीणों के साथ घायल डम्पर चालक को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया।चालक की पहचान ब्रजेश पुत्र रामप्रसाद निवासी करहल,सैफई जनपद मैनपुरी के रूप में पहचान हुई है।घायल चालक के परिजनों को फोन पर सूचना दे दी गयी है।

# जिले में 9 साल में आधारभूत सुविधाओं का हुआ विस्तार : विधायक राजेन्द मौर्य

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में बुधवार को तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष संकल्प से सिद्धि, सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि पूरे होने व केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आमजनमानस को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, डीएम शिव सहाय अवस्थी, भाजपा के जिला महामंत्री राजेश सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे। विधायक सदर ने पत्रकार वार्ता के दौरान नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बताया कि लोगों के बेहतर आवागमन हेतु कई सेतुओं का निर्माण कराया गया जिसमें जिरियामऊ, बकुलाही, करौंदी, गंगा नदी घाट पर एक्स्ट्रा डोज्ड केबल स्टे सेतु आदि है। उन्होंने बताया कि जिले में मेडिकल कालेज, 100 बेड संयुक्त चिकित्सालय, बैरमपुर सुवंशा




में 50 बेड संयुक्त चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कराया गया है। जनपद में राजकीय पालीटेक्निक, आईटीआई, माध्यमिक विद्यालय चलाकपुर, कस्तूरबा गांधी, राजकीय इण्टर कालेज, डिग्री कालेज, नगर पालिका परिषद बेल्हा में 50 टीपीडी के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लान्ट का निर्माण, मण्डी परिषद का आधुनिकीकरण, आवासीय एवं अनावसीय भवनों का निर्माण, पुलिस थानों का निर्माण कार्य कराया गया। जनपद में धार्मिक स्थलों का सौन्दर्यीकरण बड़े पैमाने पर कराया गया। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री अवास योजना ग्रामीण व शहरी तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लोगों को आवास की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। रोजगार मेलो का आयोजन कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद के 492 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। जनपद में रूपये 1954.19 करोड़ के 446 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये है, इन प्रस्तावों के सापेक्ष कुल रूपये 1570.26 करोड़ के 170 एमओयू सफलतापूर्वक हस्ताक्षरित किये जा चुके है। इस दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन एवं वृद्धावस्था पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कृषि विभाग के लाभाथियों को फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेन्टर, पीएम किसान सम्मानि निधि, तीन एचपी डीसी व पांच एचपी एसी सोलर पम्प का प्रमाण पत्र, पीएम स्वनिधि योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र, आरसेटी के प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, पंचायती राज विभाग के सचिव, सफाई कर्मी एवं केयर टेकर को प्रमाण पत्र, श्रम विभाग के मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद व कन्या विवाह योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 26 करोड़ 55 लाख 30 हजार रुपये के डेमो चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने लापता युवती को तलाश कर परिजनों को सौंपा

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले में मिशन शक्ति अभियान 2.0 के तहत पुलिस की सक्रियता का एक बड़ा उदाहरण सामने आया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र से लापता हुई एक युवती को मिशन शक्ति टीम ने महज दो घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।
जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना इलाके के बनाना गांव निवासी विजय कुमार मिश्रा ने थाने पर सूचना दिया कि उनकी पुत्री जो लगभग पांच दिन पूर्व अपने मामा के घर महमदपुर बरई आई थी, बिना किसी को बताए घर से नाराज होकर कहीं चली गई है।
सूचना के बाद थाने की मिशन शक्ति टीम तुरन्त सक्रिय हुई और मिशन शक्ति प्रभारी निर्मल शर्मा महिला कांस्टेबल दुर्गा देवी महिला कांस्टेबल अंजली महिला कांस्टेबल शिखा मिश्रा द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए संभावित स्थानों पर तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम की सक्रियता एवं तत्परता के परिणामस्वरूप महज दो घंटे के भीतर ही पीड़िता को थाना क्षेत्र कुंडा के मेन चौराहा से सकुशल बरामद कर लिया गया। तत्पश्चात पीड़िता के परिजनों को मौके पर बुलाकर शिनाख्त कराई गई एवं आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए पीड़िता को थाना लाया गया।

# दहेज की भेंट चढ़ी विवाहिता, पति समेत तीन आरोपी गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जनपद के थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र में दहेज के दानवों ने एक और विवाहिता की जान ले ली। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।
?मिली जानकारी के अनुसार मृतका के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री की शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। प्रताड़ना का यह सिलसिला तब खौफनाक मोड़ ले लिया जब बीते 23 मार्च 2026 को आरोपियों ने उनकी पुत्री की हत्या कर दी। पुलिस तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना आसपुर देवसरा पुलिस सक्रिय हुई। एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ पट्टी मनोज कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में गठित टीम ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के पांचों तालाब के पास से तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राकेश चौरसिया ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया।

## जन शिकायतों के निस्तारण में मिला प्रथम स्थान, एसपी ने दिया पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले में बुधवार को एसपी दीपक भूकर द्वारा उत्कृष्ट कार्य, सेवा समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए निरीक्षक राकेश चौरसिया, आरक्षी सूरज कुमार, आरक्षी योगेश कुमार, आरक्षी रोहित यादव, आरक्षी आलोक कुमार, महिला आरक्षी सीमा कुशवाहा एवं महिला आरक्षी नीलू भारती को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।
एसपी दीपक भूकर ने बताया कि जन शिकायतों के निस्तारण में जिले की पुलिस ने पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ कार्य किया है।
आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को न केवल समय सीमा के भीतर निपटाया गया, बल्कि शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि और निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया। इसी का परिणाम है कि जिले ने उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही उन्होंने इस सराहनीय उपलब्धि पर पुलिसकर्मियों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग जनसुनवाई की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सतत प्रतिबद्ध है।

# बहन के साथ मिलकर लिखी थी मौत की इबारत, 25 हजार का इनामिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले की मान्धाता थाने की पुलिस ने बुधवार को हत्या के आरोपी व 25 हजार के इनामिया को गिरफ्तार किया है।
मालूम हो कि मान्धाता थाना इलाके के मिसिरपुर मुस्तर्का गांव के पूर्व प्रधान गुलहसन की अवैध सम्बन्धों के चलते हत्या कर दी गई थी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपिता सुमन देवी ने गुलहसन को अपने मायके जेठवारा (बगियापुर) बुलाया और अतुल कुमार व अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। शव को बोरे में भरकर शारदा सहायक नहर में फेंक दिया गया। इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस आरोपी महिला को पहले ही जेल भेज चुकी है साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश कर रही थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी



शैलेन्द्र लाल व सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्वेक्षण में मान्धाता पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पच्चीस हजार के इनामिया आरोपी अतुल कुमार को जेठवारा थाना इलाके के पुरवैष्णव तिराहे के पास से बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी अतुल ने ने पूछताछ में बताया कि उसकी बहन सुमन देवी ने मृतक के व्यवहार से तंग आकर उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी। 18 मार्च की रात जब मृतक उनके घर पर सो रहा था, तब सुमन ने लोहे की पाइप से उसके सिर और गले पर प्रहार कर उसे मार डाला। ?हत्या के बाद आरोपियों ने शव को रस्सी से बांधकर एक पीली बोरी में भरा। सबूत छिपाने के उद्देश्य से वे शव को मोटरसाइकिल पर लादकर ले गए और उमरिया बादल गेदा के पास शारदा सहायक नहर में फेंक दिया। आरोपियों ने मृतक का मोबाइल और हेलमेट भी पानी में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।

## चैत्र नवरात्री के अवसर पर कन्या पूजन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**आजमगढ।** विकास खण्ड पल्हनी में महिलाओं तथा बच्चो की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन हेतु वासंतिक नवरात्र के पर्व पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेशानुसार आज ऑगनबाडी केन्द्र सर्फुद्दीनपुर में मिशन शक्ति फेज 0.5 द्वितीय चरण के अन्तर्गत चैत्र नवरात्री के अवसर पर कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 21 बच्चियों के पॉव पूजकर फल एवं मिष्ठान वितरण किया गया। साथ ही विभाग द्वारा संचालित समस्त योजना एवं कन्या सुमंगला योजना से जुडने एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं के बारे में जागरूक करते हुए समस्त हेल्पलाईन नम्बर 1090, 181, 112, 108 के बारे मे भी विस्तार से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में हब फॉर इम्पावरमेन्ट से प्रीति उपाध्याय व अन्नू सिंह एवं वन स्टॉप सेन्टर से सरिता पाल एवं ममता यादव तथा ऑगनबाडी केन्द्र से सुपरवाइजर प्रीति पाण्डेय व ऑगनबाडी कार्यकत्री उपस्थित रही।

# मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में 102 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानो को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । आजमगढ़**

मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वर्ष 2025 में जिलाधिकारी द्वारा घोषित जनपद में 102 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानो को महात्मा गांधी की मूर्ति तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी आजमगढ द्वारा यह बताया गया कि जो पंचायते वर्ष 2023, 2024 तथा वर्ष 2025 में लगातार 03 वर्ष टीबी मुक्त घोषित की गई, वह महात्मा गांधी की स्वर्ण कलर की प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने योग्य है। जनपद में ऐसे ग्राम पंचायतो की कुल संख्या 05 है। इसी प्रकार वर्ष 2024 तथा वर्ष 2025 में लगातार 02 वर्ष टीबी मुक्त घोषित हो चुके ग्राम पंचायते महात्मा गांधी की रजत कलर की प्रतिमा तथा प्रशस्ति



पत्र पाने योग्य है जनपद में ऐसी ग्राम पंचायतो की संख्या 23 है। इसी प्रकार केवल वर्ष 2025 में टीबी मुक्त घोषित हो चुके 74 ग्राम पंचायते महात्मा गांधी की कार्रय कलर की प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र पाने योग्य है। ऐसी समस्त ग्राम पंचायतो के प्रधानो को मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, मुख्य चिकित्साधिकारी आजमगढ, डा0 एन0आर0वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आजमगढ डा0 उमाशरण पाण्डेय, जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 बी0पी0 सिंह तथा उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अविनाश झा द्वारा करतल ध्वनि के बीच महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर अम्बिका सेवा संस्थान बिन्द्रा बाजार को 300 टीबी मरीजों को गोद लेने पर तथा 02 टीबी चैम्पियन श्रीमती पुष्पा यादव तथा ओम प्रकाश सिंह द्वारा टीबी जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ द्वारा समस्त ग्राम पंचायत्तो के प्रधानो को हार्दिक बधाई देते हुए यह अपील की गई कि इसी प्रकार आप सभी स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं को अपने-अपने ग्राम पंचायतों मे जनमानस के बीच क्रियान्वित करवाकर उसका समग्र लाभ जनमानस को दिलवायें।
मुख्य चिकित्साधिकारी आजमगढ द्वारा बताया गया कि ऐसी समस्त ग्राम पंचायतें जहाँ पूरे वर्ष के दौरान 1000 की आबादी पर 01 से कम टीबी केस हो, 1000 की आबादी पर कम से कम 30 व्यक्तियों की टीबी की जाँच हुई हो, पूर्व वर्ष में उस ग्राम पंचायत में इलाजरत समस्त टीबी रोगियों मे से कम से कम 85 प्रतिशत टीबी रोगी इलाज से ठीक हो चुके हो, वर्तमान पूरे वर्ष के दौरान इलाजरत समस्त टीबी रोगियों मे से कम से कम 60 प्रतिशत टीबी रोगियों की ड्रग सेंसिटिविटी की जांच हुई हो।

# सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा शीतला प्रसाद का चुनाव, प्रतिद्वंद्वी की याचिका खारिज

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले की नगर पंचायत कोहंडौर के चेयरमैन शीतला प्रसाद के निर्वाचन को लेकर चल रहा लंबा कानूनी विवाद अब समाप्त हो गया है। देश की सर्वोच्च अदालत ( सुप्रीम कोर्ट ) ने उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए शीतला प्रसाद के पक्ष में फैसला सुनाया है। इस फैसले से चेयरमैन और उनके समर्थकों को बड़ी राहत मिली है। बता दें कि ?निकाय चुनाव के परिणाम के बाद उपविजेता प्रत्याशी अमृत लाल ने शीतला प्रसाद के निर्वाचन को अवैध बताते हुए कानूनी चुनौती दी थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत न मिलने पर अमृत लाल ने 1 जुलाई 2025 को सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की



थी। ?मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने तर्कों को सुनने के बाद शीतला प्रसाद के निर्वाचन को पूरी तरह वैध करार दिया। कोर्ट ने माना कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं थी और इसी के साथ विपक्षी पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया गया। ?फैसले की सूचना मिलते ही कोहंडौर में चेयरमैन समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मामले की प्रभावी पैरवी चेयरमैन प्रतिनिधि किशन सोनी द्वारा की जा रही थी। जीत की खबर आते ही किशन सोनी के जनसंपर्क कार्यालय पर समर्थकों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर इस जीत का जश्न मनाया। चेयरमैन प्रतिनिधि किशन सोनी ने कहा कि ÷सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं÷ ये कहावत एक बार फिर से चरितार्थ हुई है। न्यायालय के इस फैसले ने क्षेत्र की जनता के विश्वास का सम्मान किया है। अब हमारा पूरा ध्यान बिना किसी बाधा के नगर पंचायत कोहंडौर के चहुंमुखी विकास पर रहेगा।

## 27 को हरिऔध कला भवन में सम्मानित होंगे ग्राम प्रधान तथा आयोजित होगा खादी सेमिनार

**आजमगढ़।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा दिनांक 27 मार्च 2026 को सुबह 10.00 बजे से खादी एवं ग्रामोद्योग विकास एवं सतत् प्रोत्साहन निति के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार हेतु अधिक से अधिक खादी ग्रामोद्योग इकाईयों की स्थापना हेतु प्रत्येक जनपदों के प्रत्येक विकास खण्ड में 02 ग्राम प्रधानों को जिनके द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर खादी ग्रामोद्योगी योजनाओं के अन्तर्गत विगत तीन वर्षो में अधिकतम उद्योग स्थापित कराया गया है उनको जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार स्वरूप रू0 2000 (रू0 दो हजार मात्र) की धनराशि अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाना है। खादी के शोध डिजाइन मानकीकरण एवं प्रचार-प्रसार योजना के अन्तर्गत खादी के प्रोमोशन हेतु मण्डल स्तरीय खादी सेमिनार जनपद स्तर पर आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसमें खादी को बढ़ावा देने एवं उनके उत्साह वर्धन हेतु खादी के पदाधिकारी एवं खादी की संस्थाओं में कार्यरत कत्तिन/बुनकर भी रहेंगे।

# सैनिक कल्याण बैठक आयोजित, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला सैनिक एवं पुनर्वास बन्धु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं उपस्थित सेवा निवृत्त सैनिकों के प्रति सुख-समृद्धि की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रकट कीं।
उन्होंने कहा कि सैनिकों की खुशहाली में ही समाज और प्रशासन की समृद्धि निहित है। साथ ही सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।
बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों में सकील अहमद, चन्द्रमोहन, पार्वती देवी, रामसनेही गौतम सहित अन्य ने भूमि विवाद, सार्वजनिक नाली



निर्माण तथा भूमि पर अवैध अतिक्रमण जैसी समस्याएं उठाईं। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
अंत में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल (सेवानिवृत्त) धीरेंद्र राय ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सैनिकों की समस्याओं के समाधान हेतु जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग मिलता रहा है, जिसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नेपाल में नशीली दवाओं का बड़ा नेटवर्क बेनकाब, तीन गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

- भारी मात्रा में नशीली इंजेक्शन सहित, भारतीय नंबर की बाइक बरामद, सप्लाई चेन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

भारत का पड़ोशी राष्ट्र नेपाल की पुलिस प्रशासन ने नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस ने अवैध नशीली दवा के कारोबार में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में नशीली दवा की खेप भी बरामद किया। है।
नेपाल पुलिस के अनुसार, पश्चिम से पूर्व की ओर जा रही एक संदिग्ध भारतीय नंबर की बाइक (यूपी 56 एएक्स 8106) को रोककर तलाशी ली गई। बाइक सवार सुनील कुमार यादव (26) और पीछे बैठे जितेन्द्र जैसवाल (35) के पास से बुप्रेनॉर्फिन, डाइजिपाम और फर्नागन जैसे नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए।
पूछताछ के बाद पुलिस ने रामग्राम नगरपालिका-17 निवासी 43 वर्षीय लक्ष्मीचन्द्र केवट के घर पर छापेमारी की। जहां से भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद हुईं। कुल मिलाकर हजारों एम्पुल इंजेक्शन जब्त किए गए हैं, जिससे बड़े स्तर पर तस्करी के संकेत मिले हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त बाइक को भी कब्जे में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में मामला सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़े सक्रिय सप्लाई नेटवर्क से संबंधित पाया गया है।
इस संबंध में पुलिस अधिकारी डीएसपी वीर दत्त पंथ ने बताया कि नशीली दवाओं के साथ तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने ने बताया कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी तेज कर दी गई है।

# ठूठीबारी में गैस किल्लत पर भड़का जनाक्रोश

**ठूठीबारी/महराजगंज।** इंडो नेपाल बार्डर से सटे ठूठीबारी कस्बे में रसोई गैस की आपूर्ति लगातार चौथे दिन बाधित रहने से उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज लोगों ने बुधवार को माँ शक्ति एचपी ग्रामीण वितरक एजेंसी के खिलाफ राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-730 एस पर जाम लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया।
अचानक लगे जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। राहगीरों को घंटों तक भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि कई दिनों से एजेंसी पर गैस नहीं मिल रही है, जबकि घरेलू जरूरतों और त्योहारों के कारण मांग बढ़ गई है। बार-बार चक्कर लगाने के बावजूद खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने स्थिति संभाली। कोतवाली प्रभारी नवनीत नागर के साथ एसएसआई बृजेश पाण्डेय मय पुलिस प्रशासन की टीम ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर जल्द आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया। काफी देर तक चली वार्ता के बाद लोगों ने जाम समाप्त कर दिया, जिससे यातायात सुचारू हो सका।
इस मौके पर एसआई रमेश पुरी, बिक्की शाह, कांस्टेबल अवधेश यादव, सुनील और आनंद साहनी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय आजमगढ़, नितिका राजन ने जिला कारागार, आजमगढ़ का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । आजमगढ़**

माननीय किशोर न्याय समिति, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद व माननीय जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय आजमगढ़, नितिका राजन द्वारा जिला कारागार, आजमगढ़ का निरीक्षण किया गया। माननीय किशोर न्याय समिति द्वारा प्रेषित पत्र के दिशा-निर्देशो के अनुपालन में जिला कारागार में स्थित बाल बैरक का निरीक्षण किया गया, जिसमें यह पाया गया कि बाल बैरक में कुल 57 बन्दी निरूद्ध है, जोकि 18 वर्ष से 21 वर्ष की आयु के बन्दी है, इन बन्दियों में 54 बन्दी जनपद आजमगढ़ के तथा शेष 03 बन्दी जनपद बलिया के है। सचिव द्वारा जेल अधीक्षक की



उपस्थिति में जिला कारागार निरीक्षण के दौरान कारागार में रखे गये अभिलेखों का भौतिक रूप से सत्यापन किया गया, जिसमें कोई भी बन्दी विधि विवादित किशोर श्रेणी के अन्तर्गत नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान बाल बैरक में बन्दियों द्वारा बताया गया कि उनके मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता नामित है। बन्दियों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। बाल बैरक में साफ-सफाई का उचित प्रबन्ध पाया गया।
निरीक्षण के समय सचिव द्वारा जेल अधीक्षक को यह निर्देश दिया गया कि यदि किसी बन्दी के किशोर होने के सम्बन्ध में न्यायालय द्वारा कोई आदेश दिया जाता है तो उसका अनुपालन अविलम्ब सुनिश्चित करें। जेल अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया गया कि यदि किसी भी बन्दी को उसके मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता की आवश्यकता है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को यथाशीघ्र पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के समय जिला कारागार के अधिकारीगण, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल में कार्यरत अधिवक्तागण, पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहें।

# प्राथमिक विद्यालय चमरहिया में नवारंभ कार्यक्रम आयोजित

जन एक्सप्रेस। बस्ती




हरैया। प्राथमिक विद्यालय चमरहिया हरैया बस्ती में आंगनबाड़ी बाल वाटिका के बच्चों का नवारंभ कार्य क्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्य क्रम का शुभारंभ किया गया । बच्चों द्वारा थाली में चावल पर अक्षर लिखना शुरू किया गया। बाल वाटिका के बच्चों तथा अतिथियों सहित सभी का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।बाल वाटिका कक्ष को गुब्बारे तथा लड़ी से सजाया गया। बच्चों को कापी, पुस्तक, पेंसिल,रबर, बिस्किट, नमकीन, मिठाई, चाकलेट आदि दिया गया। बच्चों ने कविता और गीत सुनाकर कार्य क्रम उपस्थित लोगों को रोमांचित कर दिया। अभिभावकों, अतिथियों तथा बच्चों को लर्निंग कार्नर, स्मार्ट टीवी, स्टेशनरी, झूले तथा खेल के सामान से परिचित कराया गया। सभी को जलपान कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका भारती शुक्ला ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बाल वाटिका और प्राथमिक शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन के विषय में विस्तार से अवगत कराते हुए कहा कि शिक्षा के द्वारा बच्चों के व्यक्तित्व का पूर्ण विकास का संकल्प है। आंगनवाड़ी में तीन कक्षा तथा प्राथमिक विद्यालय की एक से लेकर पांच तक कुल आठ कक्षाओं को 5+3+3 में विभाजित किया गया है। आंगनबाड़ी में तीन वर्ष के बच्चों तथा कक्षा एक में छः वर्ष के बच्चों का नामांकन किया गया। उत्तर प्रदेश तथा भारत सरकार आंगनबाड़ी तथा प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के लिए पुस्तकें, स्टेशनरी, लर्निंग कार्नर, स्मार्ट टीवी, मध्यान्ह भोजन, जूता मोजा, यूनीफार्म, झूले, खेल के सामान उपलब्ध करा रही है। प्राथमिक विद्यालय चमरहिया में स्वच्छ और हरा भरा वातावरण पठन पाठन के अनुकूल है।

विद्यालय में शिक्षा के साथ संस्कार, राष्ट्र भक्ति, पारस्परिक सम्मान, सहयोग तथा विश्वास का मूल्य बच्चों में विकसित करने के लिए प्राणायाम योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाग-दौड़ के परंपरागत खेल नियमित रूप से कराया जाता है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक और रसोइया तथा सफाई कर्मचारी एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री कृश्नावती, आंगनबाड़ी सहायिका अमिरता देवी, प्रधान प्रतिनिधि राम सुरेश चौधरी, एस एम सी अध्यक्ष विनोद कुमार, सहायक अध्यापक सुरभि पटेल, सविता वर्मा, रसोइया कौशिल्या, उर्मिला अभिभावक नेहा मिश्रा, चंचल मिश्रा, रेखा मिश्रा, अंशिका के साथ बाल वाटिका के बच्चे उपस्थित थे।

## राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने युवाओं व कारीगरों को किया सशक्त

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

महोत्सव के अवसर पर मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण श्री गिरीश चंद्र यादव जी के द्वारा जनपद के युवाओं एवं कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए उद्योग विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण एवं टूलकिट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत रीमा प्रजापति एवं इमराना को सिलाई सेंटर स्थापित करने हेतु 5-5 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया। इसी क्रम में आदर्श श्रीवास्तव को मोबाइल रिपेयरिंग व्यवसाय के लिए रु0 5 लाख की सहायता प्रदान की गई। एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत संजय को ऊनी दरी उद्योग स्थापित करने हेतु रु0 10 लाख का ऋण दिया गया। वहीं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत मोहम्मद इशाक अली को वुडन फर्नीचर उद्योग के लिए रु0 10 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

# महिलाओं ने सिर पर खाली सिलेण्डर रखकर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। बस्ती




सरकार द्वारा घरेलू गैस के उपलब्धता के दावे के बावजूद संकट गहराता जा रहा है। बुधवार को रूधौली विधानसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी चांदनी चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं और नागरिकों ने हाथों में तख्तियां और खाली सिलेन्डर लेकर पं. अटल बिहारी बाजपेई आडिटोरियम से शास्त्री चौक तक प्रदर्शन किया। कहा कि घरेलू गैस के लिये लोग परेशान हैं और कई घरों में भोजन बनने का संकट पैदा हो गया है। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को सम्बोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने के बाद चांदनी चौधरी पत्नी मनोज चौधरी ने कहा कि जनपद में घरेलू गैस की लगातार हो रही किल्लत एवं काला बाजारी की बढ़ती घटनाओं को लेकर आम जनता में आक्रोश है। एक और सरकार द्वारा गैस की पर्याप्त उपलब्धता का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि जरूरतमंद उपभोक्ता गैस एजेंसियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जबकि कुछ स्थानों पर बिचौलियों द्वारा गैस सिलेंडरों की काला बाजारी कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। यह उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन और गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों के साथ सीधा अन्याय भी है। इस गंभीर समस्या का त्वरित समाधान निकाला जाय। 6 सूत्रीय ज्ञापन में गैस की काला बाजारी में संलिप्त व्यक्तियों पर सख्तकार्रवाई, वितरण प्रणाली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने, प्रत्येक उपभोक्ता को समयबद्ध तरीके से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने, जिला प्रशासन द्वारा नियमित निरीक्षण एवं निगरानी, उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किये जाने, गैस बुकिंग के बाद डिलीवरी का टाइम 24 घंटे से 72 घंटा किये जाने आदि की मांग शामिल है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान चांदनी चौधरी के साथ जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र चौधरी, प्रमोद चौधरी, रूबी चौधरी, रंजना देवी, दूधनाथ चौधरी, जैसराम यादव, अमित सिंह, राधेश्याम, संजय चौधरी, शैलेन्द्र चौधरी, विनोद मौर्य, संजू, राधिका, प्रियंका पाण्डेय, छोटे मिश्र, श्याम करन चौधरी, दूधनाथ, राजू भारती, सीमा गोंड के साथ ही बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# हत्या के अरोपी की चाकू घोंपकर कर दी गयी हत्या, मचा हड़कम्प

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जफराबाद जलालपुर क्षेत्र के सिरकोनी गांव में बुधवार को हत्या के एक आरोपी की एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दिया। घटना के बाद शव को घटनास्थल से लगभग एक किमी दूर बन्दीपुर गांव में लाकर लाश को फेंक दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया।

जलालपुर के संघईपुर गांव निवासी आशीष उर्फ चिघड़ू चौहान पुत्र अरविंद चौहान बन्दीपुर के पास शराब ठेके के पास मौजूद था।उसी समय एक दर्जन से युवक वहां पहुंच गए। उन लोगों ने उसे दौड़ा लिया। वह जान बचाने के लिए वहां से भाग कर सिरकोनी गांव में घुस गया। वह गांव के कई घरों में घुसके जान बचाने का प्रयास किया। परन्तु हत्या के लिये आशीष चौहान को दौड़ा रहे युवकों की धमकी से लोग सहम गए। अंत मे गांव के गुल्लू मौर्य के घर के पीछे के मड़हे में हत्यारों ने आशीष के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। उसे कई चाकू मारा गया। वह लगभग मौके पर ही मर चुका था। गांव वालों के काफी शोर मचाने पर हत्यारे आशीष की लाश को उठाकर बन्दीपुर गांव से हाइवे पर जाने वाले सड़क पर फेंक कर भाग गए। घटना की सूचना पर थानाप्रभारी गजानन्द चौबे, उप निरीक्षक सुजीत ओझा मय फोर्स मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

### अपने ननिहाल में रहता था आशीष उर्फ चिघड़ू

जफराबाद।सिरकोनी गांव में बुधवार को आशीष उर्फ चिघड़ू चौहान की हत्या हो गयी। वह इस समय हत्या के मुकदमे के दौरान जमानत पर बाहर आया हुआ था। वह अपने ननिहाल मड़ियाहू में रहता था। वह बुधवार को बन्दीपुर के पास आया हुआ था।उसके आने की सूचना पर ही उसके हत्यारों ने मौके पर जाकर उसकी हत्या कर दिया।

## नारी सुरक्षा और स्वावलंबन का संदेश लेकर सड़कों पर उतरीं महिला पुलिस कर्मी



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुरूप महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज जनपद जौनपुर में 'मिशन शक्ति फेज 5.0' के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुंवर अनुपम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के कुशल निर्देशन तथा आतिश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व गोल्डी गुप्ता, सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में महिला पुलिस बल ने अपनी शक्ति और सजगता का प्रदर्शन किया।

प्रभारी निरीक्षक अनीता सिंह प्रभारी मिशन शक्ति (महिला व बाल सुरक्षा संगठन) के नेतृत्व में व महिला थाना प्रभारी श्यामा तिवारी एवं महिला पुलिस कर्मियों द्वारा एक भव्य बाइक रैली निकाली गई। यह रैली पुलिस लाइन जनपद जौनपुर से प्रारंभ होकर पालिटेक्निक चौराहे तक गई।

महिला सशक्तिकरण: महिलाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना।

सुरक्षा व सम्मान: समाज में महिलाओं के प्रति सम्मानजनक वातावरण बनाना और सुरक्षा का एहसास कराना। आत्मनिर्भरता: 'मिशन शक्ति' के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करना। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने नारों और संवाद के माध्यम से राहगीरों और स्थानीय महिलाओं को सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

## एनएसएस शिविर के तीसरे दिन छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, योगाभ्यास व बौद्धिक सत्र का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




तिलकधारी महिला महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः सरस्वती वंदना, राष्ट्रगान तथा एनएसएस के लक्ष्य गीत 'उठे समाज के लिए उठें' के साथ हुई।

इसके उपरांत स्वयंसेविकाओं ने आयुष विभाग की योग प्रशिक्षिका श्रीमती सीमा द्विवेदी के निर्देशन में विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया। योगाभ्यास के माध्यम से छात्राओं को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। दिवस के अगले चरण में चयनित ग्राम शिवापार में स्वयंसेविकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान छात्राओं ने गांव के विभिन्न क्षेत्रों, कस्बों और मलिन बस्तियों में पहुंचकर पोस्टर, नारों और स्लोगनों के जरिए लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस दौरान शिवापार स्थित सामुदायिक केंद्र और ग्राम सचिवालय का भी निरीक्षण किया गया।

दोपहर में आयोजित बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय की संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम सिंह ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल एक योजना नहीं, बल्कि यह सामूहिक कार्य करने की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। यह मंच छात्राओं की प्रतिभा को निखारकर उन्हें समाज का जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।

## सड़क चौड़ीकरण की अधूरी खुदाई से भड़के व्यापारी, किया जोरदार प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खेतासराय राष्ट्रीय राजमार्ग 135ए स्थित गुरैनी बाजार में मंगलवार को सड़क चौड़ीकरण कार्य अधूरा छोड़े जाने से नाराज़ व्यापारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सड़क किनारे एकत्र होकर व्यापारियों ने प्रशासन व ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द समस्या के समाधान की मांग किया। व्यापारियों का आरोप है कि करीब चार माह पहले सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बाजार में सड़क के दोनों किनारों पर खुदाई कर दी गई लेकिन अब तक कार्य पूरा नहीं कराया गया। सड़क किनारे करीब 10 फीट चौड़ा और 5 फीट गहरा गड्ढा खोदकर छोड़ देने से ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। न ग्राहक आसानी से गड्ढा पार कर पा रहे हैं और न ही वाहन खड़े हो पा रहे हैं जिससे व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

## सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो को लेकर डॉ आलोक यादव ने अपना पक्ष रखते हुए इसे भ्रामक और तथ्यों से परे बताया

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



दुर्गा सिटी हॉस्पिटल स्पष्ट किया कि संबंधित मरीज का इलाज परिजनों के विशेष अनुरोध पर किया गया था और पूरे उपचार के दौरान स्थिति की गंभीरता से परिजनों को अवगत कराया जाता रहा।

डॉ यादव के अनुसार, मरीज में संक्रमण तेजी से फैल रहा था, जिसकी जानकारी पहले ही परिजनों को दे दी गई थी। उन्होंने परिजनों को यह भी बताया था कि स्थिति को देखते हुए वे अपनी सहमति से कहीं अन्यत्र भी बेहतर इलाज करा सकते हैं।

डॉक्टर ने यह भी दावा किया कि जब परिजनों को पूरी स्थिति समझाई गई, उस दौरान का वीडियो रिकॉर्ड भी उनके पास मौजूद है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इलाज पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया था।

उन्होंने आगे बताया कि मरीज को परिजनों की सहमति और उनकी इच्छा के अनुसार शांतिपूर्वक दूसरे अस्पताल ले जाया गया। ऐसे में वायरल वीडियो में लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह से भ्रामक हैं।

डॉ आलोक यादव ने लोगों से अपील की है कि बिना सत्यता की जांच किए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और तथ्यों के आधार पर ही अपनी राय बनाएं।

# जौनपुर महोत्सव का दूसरा दिन: नन्हे कलाकारों की प्रतिभा से सजा शाही किला, निपुण विद्यालयों को मिला सम्मान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिला प्रशासन द्वारा ऐतिहासिक शाही किले में आयोजित जौनपुर महोत्सव के द्वितीय दिवस पर बेसिक शिक्षा विभाग की प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को जीवंत और यादगार बना दिया। परिषदीय विद्यालयों के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गीत, नाटक, एकांकी, लोकगीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की मासूम अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरीं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करंजाकला ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सुनील कुमार यादव उर्फ मम्मन जी ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं।इस अवसर पर जनपद के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निपुण विद्यालयों को जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के हस्ताक्षरयुक्त 'निपुण विद्यालय पुरस्कार' प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

महोत्सव में शिक्षकों द्वारा कक्षा-कक्ष में उपयोग किए जा रहे टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई।प्रदर्शनी में शिक्षण को सरल और रोचक बनाने के लिए तैयार किए गए विभिन्न नवाचारों ने सभी का ध्यान खींचा। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर शिक्षकों के नवाचारों की सराहना की और उन्हें इसी तरह समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालयों के साथ-साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय करंजाकला, धर्मापुर एवं डोभी के छात्र-छात्राओं ने भी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं, बच्चों, एसआरजी एवं एआरपी को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग और समर्पण बनाए रखने की अपेक्षा जताई।इस अवसर पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन शसक्तीकरण अधिकारी सहित बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त पटल सहायक, जिला समन्वयक, शिक्षक, शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक शैलेश कुमार चतुर्वेदी एवं शिक्षिका नूपुर श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया।

## बकाया पैसा मांगने पर दुकानदार को पीटा, सोने का लॉकेट छीनने का आरोप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन बकाया रकम मांगना एक दुकानदार को भारी पड़ गया। शेख अशरफपुर गांव में उधारी का पैसा लेने गए चाय-पान के दुकानदार पर दबंगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने उसके गले में पहना सोने का लॉकेट भी छीन लिया। इमामपुर गांव निवासी मयाराझ गुप्ता गांव की बाजार में चाय-पान की दुकान चलाते हैं, बुधवार को बकाया रुपये की वसूली के लिए शेखपुर अशरफपुर गांव निवासी चांदे गौरिया के घर पहुंचा। आरोप है कि घर आकर तगादा करना चांदे इतना को नागवार लगा कि उसने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर उसपर हमला कर दिया। हमलावरों ने लात-घूंसों से उसकी जमकर पिटाईकर दी। आरोप है कि हमलावरों ने उसके गले से सोने का लाकेट भी छीन लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। घायल? के द्वारा मारपीट व? छिनैती का आरोप लगाते हुए पांच लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दिया है। उसका आरोप है कि पुलिस छिनैती को तहरीर से हटाने का दबाव बना रही है।

# राजपूत राठौर परिवार ने मां चौकिया धाम में लहराया 40 फीट का लाल फरहरा



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

भंडारी रेलवे स्टेशन जंक्शन से 80 90 वर्षों से हर चैत्र नवरात्र के सप्तमी के दिन 40 फीट का लाल फरहरा जिसपे लिखा रहता है, जय मां शीतला सभी भक्त गण व मोहल्लेवासी नंगे पांव जौनपुर जंक्शन भंडारी मोहल्ले से मील चौराहा नई सब्जी मंडी होते हुए ढोल नगाडे के साथ सभी भक्तगण मां शीतला क्या जयकारा लगाते हुए नंगे पांव पहुंचते हैं और बढ़कर चौराहा पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शीश झुकाते हुए चौकिया धाम पहुंचते हैं, वहां पर सभी भक्तगण झंडे को शीश झुकाते हैं फिर मां शीतला के गुम्बद पर मां का झंडा लगाते हैं और सभी भक्तगण और राजपूत राठौड़ परिवार बड़े ही श्रद्धा के साथ मां का दर्शन पूजन करते हैं और हवन पूजन करते हैं

इस मौके पर करतार सिंह जोगेंद्र सिंह राजेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह बली जय सिंह भरत सिंह सुशील सिंह, बबलू सिंह, वीर सिंह, मिथिलेश सिंह, अखिलेश सिंह व सभी भक्त को मां शीतला चौकिया धाम मंदिर के महंत विवेकानंद पंडा जी महराज सभी के माथे पर तिलक लगाकर आशीर्वाद दिए और कहा कि अध्यक्ष देखकर एकदम अद्भुत लगा जैसे लगा की मां की कोई अद्भुत छाया आ रही है और एक्टर आशीष माली व मंदिर अध्यक्ष विकास पांडा लाडू पांडा सौरभ पांडा राजेश पंडा मुक्तेश्वर पांडा मोनी पांडा सूर्यनारायण पांडा सुजीत पांडा सोनू पांडा आदि पांडा परिवार राजपूत राठौड़ परिवार से कहा की 90 वर्षों की परंपरा आप लोग लेकर चल रहे हैं और यह इतिहास पाल है सभी पांडा परिवार ने सभी का स्वागत किया।

# दबंगो ने घर मे घुसकर मारा पीटा कप्तान से लगाई न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस। बस्ती



पैकोलिया थाना क्षेत्र के बस्थनवां निवासी पंचलाल पुत्र दुलारे ने जमीनी विवाद में गांव के ही दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारने पीटने के मामले में पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।

एसपी को दिये पत्र में पंचलाल ने कहा है कि वह अनुसूचित जाति धोबी है। गत 23 मार्च की रात जमीनी रंजिश को लेकर गांव के ही अरविन्द पाठक, शिवनरायन पाठक उर्फ लल्ला, जयनरायन पाठक पुत्रगण जगदीश पाठक व जगदीश पाठक पुत्र राम समुझ ने घर में घुसकर सोते समय लाठी-डंडा व सरिया लेकर भद्दी-भद्दी गाली देते प्राणघातक हमला कर दिया। वह गम्भीर रूप से घामल हो गया। शोर मचाने पर उसके परिवार को सदस्य जब पहुंचे तो उक्त लोग जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गये । उसकी पत्नी पिंकी ने 112 पर फोन किया । पुलिस ही गाड़ी उसे परशुरामपुर सीएचसी ले गयी जहां उसका इलाज हुआ । दूसरे दिन उसने पैकोलिया थाने पर पहुंचकर तहरीर देकर दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने का आग्रह किया किन्तु पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया न ही उसे न्याय दिलाया गया। उसने मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के साथ ही उसकी और परिवार के जान माल की रक्षा कराया जाय।

## खुशखबरी बंद पड़े पांच हजार ईट भट्ठे फिर से होगे संचालित रविंद्र प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सरपतहां प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री डा.रविंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार की रात अपने पैतृक गांव में उनके ही सहयोग से एक सामाजिक संस्था द्वारा गांव में चालीस सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए सौर ऊर्जा का उद्घाटन फीता काटकर किया। बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 2012 में पहली बार ईट भट्ठों की नियमावली आई थी। उसमें कुछ ऐसी शर्ते थी कि जिसकी वजह से प्रदेश के चार से पांच हजार ईट भट्ठे अवैध घोषित कर दिए गए थे। और जिनको मान्यता नहीं प्राप्त हो रही थी। अब 12 साल बाद उस नियमावली में संशोधन करने के पश्चात उसको कैबिनेट द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी ने मंजूर किया।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना: ओटी-22-2025

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्रम सं.-1, निविदा सं.: ओटी-22-2025, कार्य का विवरण: महराजगंज-मसरख नई लाइन परियोजना के अन्तर्गत महराजगंज स्टेशन में नई बिल्डिंग, प्लेटफार्म संख्या 2, एफओबी, एप्रोच रोड, मशीन साइडिंग, लेवल क्रासिंग -6 के अण्डरपास और सर्कुलेटिंग एरिया का विद्युतीकरण कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 52,21,025.76, बयाना राशि: ₹ 1,04,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 06 माह, निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय: 15-04-2026 को 15:00 बजे।

नोट: • इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण गोरखपुर

मुजाधि/विद्युत-317

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# प्रशासन ने खनन माफियाओं पर कसा शिकंजा दो ट्रॉलियां सीज



## कस्बे में अवैध रूप से हो रहे खनन पर छापा मारा

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। भीरा थाना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। खनन अधिकारी ने देर रात भीरा कस्बे में छापेमारी के दौरान अवैध रूप से मिट्टी और बालू का खनन करने वाली दो ट्रालियों को सीज कर दिया।

इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया।लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर खनन विभाग की टीम ने भीरा कस्बे में अवैध रूप से हो रहे खनन पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान दो ट्रालियां अवैध रूप से मिट्टी और बालू ढोते हुए पकड़ी गई। जांच में पाया गया कि संबंधित वाहन चालकों के पास खनन और परिवहन से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं थे।खनन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रालियों को सीज कर दिया और संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

अधिकारी ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति खनन और परिवहन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं में खलबली मच गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से अवैध खनन का खेल चल रहा था, जिससे राजस्व को नुकसान के साथ-साथ पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। खनन अधिकारी ने सख्त चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध खनन में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

बीती रात भीरा कस्बे में अवैध खनन की सूचना मिली थी। तुरन्त टीम के साथ छापेमारी की गई जिसमें एक ट्रैक्टर ट्रॉली में अवैध रूप से बालू व दूसरे में मिट्टी पकड़ी गई है जिनको सीज कर दिया गया है।

## कार्यसमिति बनी गले की फांस, वरिष्ठ भाजपा नेता भी दिखे नाराज

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

कन्नौज में जिला कार्यसमिति की घोषणा ने कन्नौज के बड़े बड़े भाजपाइयों का गुस्सा खुलकर सामने ला दिया। कार्यसमिति में पुराने संघर्षशील नेताओं को नजर अंदाज करने का आरोप लगाते हुए भाजपाइयों ने सोशल मीडिया पर जमकर अपनी भड़ास निकाली। वरिष्ठ नेताओं में शुमार कहे जाने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता व पालिका प्रत्याशी रहे विक्रम त्रिपाठी ने करारा जवाब मिलेगा लिखते हुए संक्षेप में अपना विरोध जताया। भाजपा में श्री त्रिपाठी शांत स्वभाव एवं गंभीर नेताओं में जाने जाते हैं ऐसे में उनका इस तरह असंतोष जताना भाजपा के लिए अच्छे संकेत नही है। इसके अलावा कश्यप समाज से आने वाले भाजपा नेता रंजीत कश्यप भी भाजपा में अपने वजूद को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

# दुनिया की कोई कोम इंद्रेश जी जैसा नहीं पैदा कर पाई

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



चाणक्य ने कहा था कि ब्राह्मण के घर में पैदा हो जाने से कोई ब्राह्मण नहीं होगा ब्राह्मण का मतलब है सत्य बोलना शुद्ध रहना और नारी को देखकर माता बहन समझना और दूसरे की संपत को रख समझना तब वह ब्राह्मण कहलाया जाएगा। यह कैसा भट्ट है झूठ के दाम पर बना शंकराचार्य, अविमुक्तेश्वरनंद झूठ की पराकाष्ठा की चादर होड़ करके जो महापुरुषों पर आरोप लगा रहे हैं सरासर निंदनीय है। पता नहीं कैसे शंकराचार्य अभी मुक्तेश्वर नंद है और पता नहीं कैसे यह पंडित है।

जब अविमुक्तेनंद शंकराचार्य जगतगुरु सरस्वती का पद अति गोपनीय गंभीर पद होता है। और अविमुक्तेश्वरनंद जिस प्रकार पैसा लेकर के जिले जिले में मारे मारे घूम रहे हैं ना तो पद की गरिमा है और ना समाज की गरिमा है। इसलिए वह कलनामी है और आरक्षण के पद पर है यह सिद्ध हो गया है की विद्वान नहीं है?

जब वह बोलते हैं तो उनकी नाक पर क्रोध साफ झलकता है ऐसा लगता है कि वह चरस पीते हैं गांजा पीते हैं बोलने में वह फीलिंग में रहते हैं नशे की इसलिए समाज को चाहिए कि इनका बहिष्कार करें शंकराचार्य के एक भी लक्षण नहीं दिखते इनके अंदर प्रतिशोध साफ झलकता है। कांग्रेस सपा के इशारे पर यह विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं फ्री के हवन में हाथ जलते है लगता है शंकराचार्य भूल गये इस से सिद्ध होता है न वो संक्राचारय है न वो ब्राह्मण है न भट्ट है यदि, वो आरोप लगाते की मुसलमानों का धर्मांतरण कराते तो, समाज को समझ में आता। हिन्दू कभी भी अपने बहनों को मुसलमानो के हवाले नहीं करसकता ,वो ज़माने गये कि जब जोधा अकबर के पास गयी थी ,अब राम राज्य का जमाना है यही हिंदुत्व है। ,यही सनातन है संकरा चार्य को सायद मालूम नहीं हिंदुत्व सर्व भौमिक मात्र भाव का उद्देश्य देता है सभी से प्रेम करो किसी से घृणा नहीं हिंदुत्व की शिक्षा यही है कि राष्ट्र के प्रति निष्ठा पंत संप्रदाय के प्रति गौड़ अब वो तय करे वो कौनसी मानसिकता लेकर चल रहे हैं

परम पूजनीय गुरुवर डाक्टर इंद्रेश जी जैसा कोई कौम पैदा नहीं कर सकती, वो अपने आप में रामपंथ के शंकराचार्य है, दुनिया के सबसे बड़े संगठन के केन्द्रीय अधिकारी हैं।, ऋषि है, मुनि है, योगी है, तेजेश्वी, तपस्वी है।

उनकी एक और पहचान है हम भारतीयो सनातनी मुसलमनों के भाई जान है यह भी उनकी पहचान है मुसलमान जान छिड़कता है उनके उपर।

# आज सम्राट अशोक जयंती: भव्य शोभा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



26 मार्च को सम्राट अशोक जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर भव्य शोभा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जन अधिकार पार्टी के जिला महासचिव कुलदीप मौर्य ने एक वीडियो जारी कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी है।कुलदीप मौर्य ने 25 मार्च 2026, बुधवार शाम करीब 5 बजे यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जयंती समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं।कार्यक्रम 26 मार्च 2026, गुरुवार को प्रातः 10 बजे श्री कृष्णा मैरिज हॉल, इमली चौराहा के निकट शुरू होगा। इसमें बच्चों द्वारा सम्राट अशोक के जीवन और उनकी वीरगाथा को दर्शाती झांकियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।इसके बाद एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में सम्राट अशोक का रथ, डीजे, बैंड-बाजा और आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। जिले भर से सैकड़ों की संख्या में लोग, जिनमें बच्चे, महिलाएं और युवा शामिल होंगे, इस शोभा यात्रा में भाग लेंगे।

शोभा यात्रा श्री कृष्णा मैरिज हॉल से प्रारंभ होकर मेला मैदान चौराहा, संकटा देवी मंदिर, हीरालाल धर्मशाला, रोडवेज बस अड्डा, गुरु गोविंद सिंह चौराहा, अशोक तिराहा, सदर चौराहा, हमदर्द दवाखाना होते हुए इमली चौराहा पर संपन्न होगी।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ता सम्राट अशोक के जीवन, उनके आदर्शों और भारत के स्वर्णिम इतिहास पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। कुलदीप मौर्य ने जिले के सभी निवासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर, मां-बेटी की मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



बुधवार को पढ़ुआ थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार मां-बेटी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के बुद्धापुरवा गांव निवासी 45 वर्षीय भोला देवी पत्नी अपनी 18 वर्षीय पुत्री शिवानी के साथ स्कूटी से ढखेरवा चौराहा स्थित बैंक गई थीं। बैंक का कार्य निपटाकर दोनों घर वापस जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मां-बेटी सड़क पर गिर पड़ीं, तभी उक्त वाहन दोनों को रौंदता हुआ निकल गया। हादसे में मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पढ़ुआ थाना प्रभारी दिलीप चौबे सहित ढखेरवा चौकी इंचार्ज भूपेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना की खबर मिलते ही परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। गांव में मातम का माहौल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पढ़ुआ थाना प्रभारी दिलीप चौबे ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के साथ मौके पर मिले बंपर से भी वाहन की पहचान की कोशिश की जा रही है।

# टीबी उन्मूलन को मिली रफ्तार: निक्षय वाहन रवाना



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

## 25 मरीजों को पोषण पोटली वितरित

विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार से टीबी उन्मूलन अभियान को नई गति देते हुए निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 25 टीबी मरीजों को निक्षय पोषण पोटली वितरित की गई, वहीं अत्याधुनिक हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम में 'ड्डद्दह्य! ड्डद्ध ष्ट्डठ्ठ श्वठ्ठस्र ञ्जक्च' थीम के तहत जनभागीदारी बढ़ाने और टीबी के पूर्ण उन्मूलन का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिले की 58 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया गया, साथ ही 16 निक्षय मित्रों को प्रमाण पत्र देकर उनके योगदान की सराहना की गई। विशेष रूप से बिल्हौर विकास खंड की ग्राम पंचायत गदनपुर चोरसा के प्रधान धीरेन्द्र प्रताप सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए जिलाधिकारी जीतेन्द्र प्रताप सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि टीबी जैसी बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए समाज की सहभागिता बेहद जरूरी है। जागरूकता, समय पर जांच और नियमित उपचार से ही 'टीबी मुक्त भारत' का सपना साकार किया जा सकता है।

## प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन रजि. की मासिक बैठक नगर पालिका सभागार में संपन्न हुई



जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन रजि. मोहम्मदी की मासिक बैठक नगर पालिका सभागार में संपन्न हुई। मासिक बैठक वरिष्ठ पत्रकार हरिश्चंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अध्यक्ष शिवम राठौर ने ग्रुप को और भी सक्रिय करने की बात रखी जिस पर सभी सम्मानित साथियों सहमति जताई मासिक बैठक में संगठन के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।वही विमल सिंह ने कहा कि हमे समाचार प्रकाशन पर विशेष ध्यान देना चाहिए हमारी यह कोशिश रहना चाहिए कि हमारी कलम से हर पीड़ित को न्याय मिले मो रियासत अली ने संगठन को मजबूत करने की बात रखी।

बैठक में सिदाकत मंसूरी, अमित कुशवाहा, श्री मती बबली देवी, शादाब खान, तौहीद मंसूरी, इमरान मंसूरी, अर्जुन राठौर, शमशाद खा, अश्वनी सिंह राजपूत, शहवाज सिद्दीकी सहित और भी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहें।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मारपीट मे महिला गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गाँव जमुनहां की महिला शानू देवी पत्नी पप्पू वर्मा निवासी जमुनहां जो बुधवार सुबह करीब 8 बजे को विपक्षी गण शिवम वर्मा उर्फ चीकू, सत्यम वर्मा पुत्र राम नरेश गाँव जमुनहां के लोगो ने शानू देवी को मामूली कहा सुनी मे लाठी डंडो से जमकर मारा पीटा जिससे शानू देवी के हाथ मे काफी चोट आई इससे परिजनों हैदराबाद को तहरीर दी वही कार्य वाहक थाना प्रभारी ने मेडिकल के लिए भेजा गोला सी एच सी भेजा जहाँ डाक्तर ने ट्रामा सेंटर ओयल के लिए एक्सरा कराने के लिए भेजा वही कार्यवाहक एस ओ एस आई संत पाल सिंह राठौर ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट आने पर रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।



### पूर्व चेयरमैन ने किया एस आर पब्लिक स्कूल का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। नया बाईपास रोड पर स्थित एस आर पब्लिक स्कूल का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन करने के पश्चात फीता काट कर किया। मुख्य अतिथि पूर्व पालिका अध्यक्ष ने भगवान भोलेनाथ से विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राजेश गिरि प्रधान, धर्मेंद्र गिरि मोंटी, शैलेंद्र सक्सेना, डी0पी0 श्रीवास्तव, पटेल सुशील वर्मा,अनुज खरे, आनंद वर्मा रामसागर वर्मा, महेंद्र वर्मा, राजेश वर्मा, शैलेंद्र वर्मा उपस्थित रहें। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज वर्मा ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और पूर्व पालिका अध्यक्ष के साथ मे अरविंद पांडे,महेंद्र वर्मा सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक बन्धु उपस्थित रहे।



### भाजपा पदाधिकारियों संग जिला अध्यक्ष ने की बैठक

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। भाजपा जिला कार्यालय पर जिला पदाधिकारी के बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात का कार्यक्रम इस पर महत्वपूर्ण है इसलिए इस पर सभी को चिंता करते हुए इसे सभी मंडलों के साथ-साथ बूथ पर भी सुना जाना चाहिए तथा सुनने के बाद सरल एप्पल भी बैठक की फोटो भेजना है इसके अलावा उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिन मंडलों की कमेटी अभी तक गठित नहीं हुई है शीघ्र पूरी करके जिला कार्यालय पर जमा कर दें इसके करीब उन्होंने कहा मन की बात को लेकर आज एक वर्चुअल बैठक भी शाम को आयोजित होगी।



# अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी के बलिदान दिवस पर जिलाधिकारी को दिया गया ज्ञापन





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

गणेश शंकर विद्यार्थी के बलिदान दिवस पर आज कानपुर के विभिन्न संगठनों एवं गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा सनात वैदिक रामराज के तत्वाधान में जिला अधिकारी कार्यालय को एक ज्ञापन दिया गया। जिलाधिकारी से निवेदन किया गया कि गणेश शंकर विद्यार्थी क्रांतिकारियों के प्रेरणा स्रोत रहे हैं उनका निवास एवं कार्य स्थली प्रताप प्रेस बदहाल स्थिति में है उसका जीर्णोद्धार करके राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया जाए यही अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी को दी गई सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

प्रताप प्रेस फीलखाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बड़ी ही जर्जर हालत के मकान में है। वहां आज भी उनकी मशीनें कूड़े और मिट्टी में दबी हुई है परंतु प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण यह अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की कर्म स्थली ढहने के कागार पर है।

सनातन वैदिक रामराज परिषद् के सदस्यों ने गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज एवं गणेश शंकर विद्यार्थी पार्क फीलखाना दोनों जगह पर सनातन वैदिक रामराज परिषद् के लोगों ने स्थानीय लोगों विचार विमर्श किया और इस बात की सहमति बनी थी गणेश शंकर विद्यार्थी के स्मारक स्थल प्रताप प्रेस को सुरक्षित किया जाए और उसको राष्ट्रीय धरोहर घोषित करवाने के लिए इसके प्रयास किया जाए इस कार्यक्रम में राजीव अग्निहोत्री, योगेश श्रीवास्तव, रमेश चंद पांडे, विनय अवस्थी, पुष्प सक्सेना, विष्णु दास जायसवाल मुकेश पांडे, संजय शुक्ला, रोहित दुबे, नरेंद्र अग्रवाल, सी एम पांडे दिलीप सिंह बागी, मो. रियाज, राजेश बाजपेई, डॉ अरुणा शर्मा, आरिफ अंसारी, पदमधान गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान तहत कोतवाली सदर की महिला शक्ति टीम द्वारा जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। बुधवार को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के नेतृत्व में बुधवार को थाना कोतवाली सदर की महिला शक्ति टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं एवं छात्राओं को मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।



# कल्याणपुर में उजियारी देवी मंदिर पर भव्य भंडारा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



नवरात्रि के पावन अवसर पर कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के ख्योरा नवाबगंज स्थित उजियारी देवी मंदिर में जगत जननी मां भगवती के भोग-प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धा भाव से माता के दरबार में मत्था टेककर प्रसाद ग्रहण किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ मां भगवती की पूजा-अर्चना एवं कन्या भोज से हुई। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम संयोजक एवं समाजसेवी रवि बाजपेई ने कहा कि माता रानी की कृपा और क्षेत्रवासियों के सहयोग से ऐसे धार्मिक आयोजन संभव हो पाते हैं। उन्होंने आगे भी सेवा भाव से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही और कहा, 'नर सेवा ही नारायण सेवा है।

'इस अवसर पर गुड्डु सिंह, रामू शुक्ला, नागेंद्र सिंह, शोभित दीक्षित, शिवम तिवारी, अनुज मिश्रा, देवेंद्र त्रिपाठी, उत्कर्ष अग्निहोत्री, नीलकमल सिंह चौहान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

श्रद्धालुओं की आस्था और सहभागिता ने आयोजन को भव्य और सफल बना दिया।

# पशुपालन, नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूकता किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव




नवाबगंज। विकासखंड मुख्यालय में पशु पालकों एवं पशुपालन विभाग के कर्मियों के लिए बुधवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पशुपालकों एवं कर्मियों को वैज्ञानिक तरीकों से पशुपालन, नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूकता किया गया।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों को घर में एक मवेशी अवश्य पालना चाहिए। इससे आय के साथ उनके बच्चों को पोषण आहार समेत ईंधन आदि की तक व्यवस्था होती है। पशुपालन से संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मौर्या ने वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने के साथ उनकी सही नस्ल का चयन, संतुलित आहार, उचित देखभाल, रोगों की पहचान और उनके निदान आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर पशु पालन के माध्यम से किसानों को आय बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान एडीओ आरडी मनोज कुमार, पशु चिकित्साधिकारी डॉ सईद अहमद, डॉ अंकुर सिंह मोबाइल यूनिट, पशुधन प्रसार अधिकारी सुजाता गौतम, पवन निगम, संजीव कुमार समेत क्षेत्र के पशुपालक व किसान मौजूद रहे।

# मेले में बिछड़े दो बच्चों को पुलिस-मेला कमेटी ने सकुशल परिजनों को सौंपा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुशहरी देवी मंदिर में नवरात्रि मेले के दौरान परिजनों से बिछड़े दो बच्चों को अजगैन पुलिस और मेला कमेटी की तत्परता से सकुशल उनके परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने पुलिस व कमेटी का आभार जताया। मेला मालिक ज्योतिरादित्य प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार को नवरात्रि पर्व पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। हसनगंज निवासी बबली सिंह अपने बेटे गुन्नू को लेकर दर्शन करने आई थी, लेकिन भीड़ में बच्चा बिछड़ गया। रोते बच्चे को देख ग्रामीणों ने मेला कमेटी कार्यालय पहुंचाया। वहां तैनात महिला कांस्टेबल गुड़िया ने तुरंत परिजनों से संपर्क कर गुन्नू को सकुशल सौंप दिया। इसी क्रम में शाहपुर सिंदौरा निवासी पुष्कर परिवार के साथ कुसुंभी मंदिर दर्शन को आया था। मेले में उसकी चार वर्षीय बेटी गौरी भीड़ में बिछड़ गई। मेला कमेटी, महिला सिपाही गुड़िया कुमारी व कांस्टेबल प्रदीप यादव के प्रयास से बच्ची को सुरक्षित परिजनों के हवाले कर दिया गया। परिजनों ने उनका धन्यवाद किया।

# अमेरिका के पास ताकत होती तो जीत चुका होता

## ईरान बोला, अपनी हार को समझौते का नाम नहीं दें, उनके खोखले वादों का दौर खत्म हुआ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी**

ईरान ने ट्रम्प की युद्धविराम कोशिशों का मजाक उड़ाया है। ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने बुधवार को अमेरिका के युद्धविराम दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका दरअसल खुद से ही बातचीत कर रहा है। ईरानी सेना के खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जोलफघारी ने यह बयान सरकारी टीवी पर प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो में दिया। उन्होंने कहा, 'आप जिस ताकत की बात करते थे, वह अब नाकामी में बदल गई है। आप खुद को दुनिया की महाशक्ति कहते हैं, लेकिन अगर यह ताकत आपके पास होती तो अब तक इस हालात से बाहर निकल चुके होते। अपनी हार को समझौते का नाम मत दीजिए। आपके खोखले वादों का दौर अब खत्म हो चुका है।'



### ईरान में हमलों का असर...

- अब तक करीब 1,500 लोगों की मौत, 18,551 घायल।
- मरने वालों में 8 महीने के बच्चे से लेकर 88 साल तक के बुजुर्ग।
- जंग में अब तक करीब 200 महिलाओं की मौत हुई।
- 28 फरवरी को स्कूल पर हमले में 168 बच्चों की मौत हुई।
- जंग में 55 हेल्थ वर्कर्स घायल, जिनमें 11 की मौत।

### 'ईरान और अमेरिका के बीच मैसेज पहुंचा रहे'

तुर्किये के विदेश मामलों के उपाध्यक्ष हारुन अरमगान ने कहा है कि उनका देश ईरान और अमेरिका के बीच मैसेज पहुंचाने की भूमिका निभा रहा है। रॉयटर्स से बातचीत में उन्होंने बताया कि अंकारा का मकसद तनाव कम करना और दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का रास्ता तैयार करना है। अरमगान ने कहा कि तुर्किये के अमेरिका और ईरान दोनों के साथ अच्छे संबंध हैं और वह कुछ देशों के साथ मिलकर खुद को मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है।

### 'अमेरिका की हर हरकत पर नजर रख रहे'

ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा है कि तेहरान क्षेत्र में अमेरिका की हर गतिविधि, खासकर सैनिकों की तैनाती, पर करीब से नजर रख रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा, 'जनरलों ने जो नुकसान किया है, उसे सैनिक ठीक नहीं कर सकते। हमारे इरादे परखने की कोशिश मत करो।' इससे पहले एसोसिएटेड प्रेस ने रिपोर्ट दी थी कि अमेरिकी सेना की 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के 1,000 से ज्यादा सैनिकों को मिडिल ईस्ट भेजा जा रहा है।

### ईरान युद्ध के बीच ट्रम्प ने सऊदी प्रिंस को 'योद्धा' कहा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच खाड़ी देशों की खुलकर तारीफ की है। उन्होंने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को 'योद्धा' बताया और कहा कि सऊदी अरब, यूएई और कतर इस युद्ध में मजबूत सहयोगी हैं। ट्रम्प ने कहा कि सऊदी अरब और यूएई ने बेहतरीन भूमिका निभाई है, जबकि कतर बड़े हमले झेलकर भी मजबूत रहा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सऊदी प्रिंस ने अमेरिका को ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई जारी रखने की सलाह दी है और तेहरान को लंबे समय के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कुवैत की भी तारीफ की, जबकि हाल ही में वहां की सेना ने गलती से अमेरिका के तीन लड़ाकू विमानों को मार गिराया था।

### तेल अवीव के आसमान में कौवों के मंडराने का वीडियो वायरल

इजराइल की राजधानी तेल अवीव में बुधवार सुबह कौवों का झुंड नजर आया। लोग इसे 'आने वाली बुरी घटना का संकेत' मान रहे हैं। इजराइल में कौवों के झुंड के मंडराने को पुरानी मान्यताओं में किसी बड़ी आपदा या युद्ध से पहले का संकेत माना जाता है। हालांकि विशेषज्ञों ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि यह मार्च महीने में होने वाला सामान्य पक्षी प्रवास है। इजराइल हर साल 50 करोड़ से ज्यादा पक्षियों के लिए एक अहम रास्ता है, जहां से वे गुजरते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, शहरों में आम तौर पर दिखने वाले हुडेड क्रो (कौवों की एक प्रजाति) जैसे पक्षी अक्सर बड़े झुंड में उड़ते हैं।

### इजराइल ने ईरान पर अब तक 15,000 बम गिराए

इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा है कि 28 फरवरी से शुरू हुए अमेरिका-इजराइल युद्ध के बाद अब तक ईरान पर 15,000 से ज्यादा बम गिराए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि यह पिछले साल जून में हुए 12 दिन के संघर्ष की तुलना में चार गुना ज्यादा है।

### पाकिस्तान ने अमेरिका का सीजफायर प्रस्ताव ईरान को सौंपा

अल जजीरा के सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने अमेरिका की ओर से दिए गए सीजफायर से जुड़े प्रस्ताव ईरान को सौंप दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प प्रशासन ने पाकिस्तान को एक दस्तावेज दिया था, जिसे ईरान को सौंप दिया गया है। अब उसके जवाब का इंतजार किया जा रहा है। अल जजीरा के पत्रकार उसामा बिन जावेद ने बताया कि वरिष्ठ पाकिस्तानी सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है।

### ईरान ने इजराइल पर 4 मिसाइल दागीं

इदराइली आर्मी रेडियो के मुताबिक, ईरान ने 40 मिनट के भीतर इजराइल की ओर चार मिसाइल दागीं। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान तेल अवीव और आसपास के इलाकों में कई धमाकों की आवाज सुनी गई।

# ट्रंप ने ईरान को भेजा 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव

- यह युद्धविराम प्रस्ताव पाकिस्तान के मध्यस्थों के जरिए ईरान को सौंपा गया है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन**



डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ईरान को 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव पेश किया है। यह जानकारी एक ऐसे व्यक्ति ने दी, जिसे इसकी जानकारी है, लेकिन उसे सार्वजनिक रूप से इस मुद्दे पर बोलने की अनुमति नहीं है। यह युद्धविराम प्रस्ताव पाकिस्तान के मध्यस्थों के जरिए ईरान को सौंपा गया है। पाकिस्तान द्वारा ही अमेरिका और तेहरान के बीच मध्यस्थता बातचीत की मेजबानी की पेशकश की गई है।

### इस्राइल ने ईरान को युद्धविराम प्रस्ताव पर जताई हैरानी

वहीं इस्राइल की सरकार, जो ट्रंप से ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने की वकालत कर रही थी, वे अमेरिकी प्रशासन द्वारा युद्धविराम प्रस्ताव भेजे जाने से हैरान है। मध्य पूर्व में अतिरिक्त सैनिक और मरीन भेजने की अमेरिकी तैयारियों के बीच इस कदम को ट्रंप की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि युद्धविराम के चलते अमेरिका को आगे की रणनीति बनाने और सैनिकों की तैनाती का समय मिल गया है। ताकि ईरान अगर युद्धविराम पर सहमत नहीं होता है तो आगे के फैसलों को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। व्हाइट हाउस ने इस मामले पर टिप्पणी के अनुरोधों का कोई जवाब नहीं दिया।

### शांति वार्ता में हैं कई चुनौतियां

अमेरिका और ईरान के बीच संभावित बातचीत को कई बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकती है। खासकर ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका की सख्ती अभी भी बनी हुई है। वहीं इस्राइल ने ईरानी नेतृत्व को निशाना बनाना जारी रखने की बात कही है।

### बातचीत की चर्चाओं के बीच भी हिंसा जारी

इस्राइल के ईरान पर हमले जारी हैं। वहीं ईरान ने भी इस्राइल पर हमले किए हैं। लेबनान, बहरीन, कुवैत और सऊदी अरब सहित पूरे क्षेत्र में हमले हुए हैं। इस्राइल ने बेरूत के दक्षिणी इलाकों में भी हमले किए, जहां ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया गया। इस बीच, लेबनान ने ईरान के राजदूत को देश छोड़ने का आदेश दे दिया है और ईरानी उड़ानों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे ईरान और लेबनान के संबंधों में भी तनाव बढ़ गया है।

### युद्धविराम प्रस्ताव के साथ ही सैनिकों की तैनाती भी बढ़ा रहा अमेरिका

अमेरिका द्वारा ईरान को यह प्रस्ताव ऐसे समय भेजा गया है जब अमेरिकी सेना क्षेत्र में पहले से तैनात लगभग 50,000 सैनिकों के अलावा अपनी 82वीं एयरबोर्न डिवीजन से कम से कम 1,000 और सैनिकों को पश्चिम एशिया में तैनात करने की तैयारी कर रही है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया था कि 15 सूत्रीय योजना ईरानी अधिकारियों को सौंप दी गई है। इस बीच, पेंटागन दो मरीन यूनिट्स की तैनाती की प्रक्रिया में भी है, जिससे क्षेत्र में करीब 5,000 मरीन और हजारों नाविकों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी।

### कूटनीतिक स्थिति पर विरोधाभास

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि अमेरिका बातचीत कर रहा है और इसमें स्टीव विटकॉफ, जारेड कुश्नर, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस शामिल हैं। वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची विभिन्न देशों के समकक्षों से चर्चा कर रहे हैं, लेकिन ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर ने अमेरिका के साथ सीधी वार्ता से इनकार किया है। ईरानी सेना ने भी साफ कहा है कि पूरी जीत तक सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी।

# 'खाड़ी में 20 भारतीय जहाज मौजूद, सभी सुरक्षित'

## संकट पर सरकार अलर्ट, कहा, समुद्री व्यापार पर नहीं पड़ा कोई असर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने साफ किया है कि देश के नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित है। सरकार लगातार हालात पर नजर रख रही है और हर जरूरी कदम उठा रही है। शिपिंग मंत्रालय और विदेश मंत्रालय दोनों स्तर पर निगरानी तेज कर दी गई है। खाड़ी क्षेत्र में हालात संवेदनशील जरूर हैं, लेकिन भारत ने अपने लोगों को सुरक्षित रखने और व्यापार को जारी रखने के लिए मजबूत व्यवस्था बनाई है। सरकार के मुताबिक पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय जहाज या नाविक से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। फारस की खाड़ी में मौजूद 20 भारतीय जहाज और उनमें सवार



540 भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित हैं। इसी दौरान 50 भारतीय नाविकों को सुरक्षित वापस भारत लाया गया है। बंदरगाहों पर काम सामान्य चल रहा है और कहीं भी जाम या रुकावट की खबर नहीं है। इससे साफ है कि भारत ने समुद्री गतिविधियों को स्थिर बनाए रखा है। शिपिंग मंत्रालय ने बताया कि सभी प्रमुख बंदरगाहों जैसे जवाहरलाल नेहरू पोर्ट, कांडला, वीजाग और अन्य जगहों पर स्थिति सामान्य है। मुंद्रा पोर्ट ने भी बड़ा कदम उठाते हुए मिडिल ईस्ट जाने वाले कंटेनरों के लिए 15 दिन की फ्री स्टोरेज दी है। इसके अलावा कई चार्ज में छूट दी गई है। इससे व्यापार पर असर कम करने की कोशिश की जा रही है और कंपनियों को राहत मिल रही है।

### विदेश में फंसे भारतीयों की वापसी कैसे हो रही है?

विदेश मंत्रालय के अनुसार 28 फरवरी से अब तक करीब 4 लाख 26 हजार लोग खाड़ी क्षेत्र से भारत लौट चुके हैं। इसके लिए 2,149 उड़ानों का संचालन किया गया है। यूएई, ओमान और सऊदी अरब से लगातार फ्लाइट्स चल रही हैं। कतर का हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुला है और वहां से भी उड़ानें शुरू हो गई हैं। कुवैत और बहरीन से सीधे उड़ानें बंद हैं, लेकिन सऊदी अरब के जरिए भारतीयों को वापस लाया जा रहा है।

### ईरान और इस्राइल से लोगों को कैसे निकाला जा रहा है?

सरकार ने बताया कि ईरान से भारतीयों को आर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते निकाला जा रहा है। अब तक 1,043 लोग वहां से बाहर आ चुके हैं, जिनमें 717 छात्र भी शामिल हैं। वहीं इस्राइल से भारतीयों को जॉर्डन के रास्ते वापस लाया जा रहा है। सरकार ने यह भी बताया कि रियाद में हुए हमले में एक भारतीय की मौत हो गई थी, जिनका शव भारत लाया गया है। सरकार परिवार के संपर्क में है और हर संभव मदद दी जा रही है।

# वित्त विधेयक लोकसभा से पारित, निर्मला सीतारमण बोलीं

# भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त विधेयक 2026 लोकसभा में 32 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद पारित हो गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारत तेजी से सुधारों के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में सुधार किसी मजबूरी में नहीं, बल्कि स्पष्ट सोच, आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता के साथ किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है और लगातार आगे बढ़ रहा है।

### टैक्स सिस्टम को अधिक पारदर्शी बनाने की कोशिश

उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस भरोसे पर आधारित टैक्स सिस्टम बनाने पर है, जिसके तहत ईमानदार करदाताओं के लिए परेशानियां कम की जा रही हैं। टैक्स प्रशासन को अधिक पारदर्शी और आसान बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

### 17 दवाओं पर से बेसिक कस्टम ड्यूटी हटाई गई

वित्त मंत्री ने आम लोगों को राहत देने के लिए 17 जरूरी जीवनरक्षक दवाओं को बेसिक कस्टम ड्यूटी से मुक्त करने का भी एलान किया। इससे इन दवाओं की कीमतें कम होने की उम्मीद है और मरीजों को सीधा फायदा मिलेगा।

### तीन साल तक डिविडेंड टैक्स में छूट

सरकार ने सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने और छोटे सदस्यों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से बड़ा फैसला लिया है। बुधवार को सरकार ने राष्ट्रीय सहकारी संघों (नेशनल कोऑपरेटिव फेडरेशंस) की डिविडेंड आय पर तीन साल तक टैक्स छूट देने की घोषणा की। वित्त मंत्री ने कहा कि समावेशी विकास के लिए इन क्षेत्रों को सशक्त बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि खासकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में ये क्षेत्र अहम भूमिका निभाते हैं और विभिन्न उद्योगों में रोजगार के अवसर पैदा करते हैं।



### छोटे करदाताओं के लिए बड़ा कदम

छोटे करदाताओं के लिए भी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। अब कम या शून्य टीडीएस (ङ्खष्ट्र) सर्टिफिकेट पाने के लिए नियम-आधारित ऑटोमेटेड ऑनलाइन सिस्टम लागू किया गया है, जिससे समय और जटिलता दोनों कम होंगे। इसके अलावा, सीतारमण ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार द्वारा वसूले गए सेस और सरचार्ज से अधिक राशि राज्यों के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत खर्च की जा रही है, जिससे राज्यों को वित्तीय सहयोग मिलता है।

### वित्त विधेयक में क्या प्रावधान?

उन्होंने कहा कि एमएसएमई, किसान और सहकारी क्षेत्र रोजगार सृजन और उत्पादन के केंद्र में हैं, इसलिए सरकार इन क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठा रही है। वित्त विधेयक में ऐसे प्रावधान किए गए हैं जो इन सेक्टर्स के लिए तरलता बढ़ाने, अनुपालन बोझ कम करने और अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी बढ़ाने में मदद करेंगे।

### डेटा सेंटर सेवाओं से जुड़ा नया प्रावधान शामिल

इसके अलावा, वित्त विधेयक में डेटा सेंटर सेवाओं से जुड़ा एक नया प्रावधान भी शामिल किया गया है। सेफ हार्बर नियम के तहत, भारत की कंपनियों को अपनी संबंधित विदेशी इकाइयों को सेवाएं देने पर लागत का 15 प्रतिशत मार्जिन रखने की अनुमति दी जाएगी। इससे भारत में वास्तविक और लाभकारी कारोबार को बढ़ावा मिलेगा तथा शेल कंपनियों पर रोक लगेगी। अनुपालन को आसान बनाने के लिए तकनीकी चूक (टेक्निकल डिफॉल्ट) पर लगने वाले जुर्माने को अब निश्चित शुल्क (फिक्स्ड फीस) में बदल दिया गया है। इससे कारोबारियों के लिए अनिश्चितता कम होगी। इसके साथ ही, यात्रियों को राहत देने के लिए एयरपोर्ट पर विवाद कम करने हेतु पैसेंजर अलाउंस को भी तर्कसंगत बनाया गया है। सरकार का कहना है कि ये सभी कदम प्रमुख क्षेत्रों को मजबूती देने, कारोबार को आसान बनाने और आर्थिक विकास का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से उठाए गए हैं।

# 'वोटर लिस्ट से हटे आठ लाख नाम, बंगाल में नहीं होने देंगे एनआरसी', नक्सलबाड़ी में गरजीं ममता



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलकाता बंगाल चुनाव की तपिश के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नक्सलबाड़ी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान 'दीदी' के निशाने पर केंद्र की भाजपा सरकार रही। ममता बनर्जी ने अपने भाषण में नागरिकता के मुद्दे से लेकर आदिवासियों के हक तक, हर उस नब्ज को टटोला, जो बंगाल की राजनीति में सबसे ज्यादा संवेदनशील मानी जाती है। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि न एनआरसी होने दूंगी, न डिटेंशन कैंप बनने दूंगी।

### एसआईआर के दौरान गई 220 लोगों की जान: ममता

सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि कुल 27 लाख मतदाता ऐसे थे जिनकी पात्रता की जांच एसआईआर के तहत की जा रही थी। उन्होंने कहा, 'मुझे जानकारी मिली है कि पहली लिस्ट में ही 8 लाख नाम हटा दिए गए हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि वह लिस्ट है कहां? चुनाव आयोग ने इसे सिर्फ ऑनलाइन क्यों रखा है? सरकारी दफ्तरों में इसकी हार्ड कॉपी अब तक क्यों नहीं लगाई गई?' सीएम ने कहा कि जब तक लिस्ट सार्वजनिक नहीं की जाएगी, तब तक इन आंकड़ों का सत्यापन संभव नहीं है। इतना ही नहीं, 'दीदी' ने दावा किया है कि इस प्रक्रिया के तनाव के चलते अब तक 220 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में आधे हिंदू और आधे मुस्लिम समुदाय से थे। हालांकि, इन मौतों को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक डेटा सामने नहीं आई है।

### 'बुजुर्गों को कतार में खड़ा करना शर्मनाक'

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि जिस देश में बुजुर्गों ने अपनी पूरी जिंदगी खपा दी, आज उनसे उनकी नागरिकता का सबूत मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा, 'बुजुर्ग नागरिकों को लंबी-लंबी कतारों में खड़ा किया जा रहा है। उनकी नागरिकता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि जिन लोगों ने वोट देकर सरकार चुनी, आज वही सरकार उनसे पूछ रही है कि वे इस देश के नागरिक हैं या नहीं? ऐसी पार्टी को वोट मांगने का कोई हक नहीं है।

### हमने हर धर्म के लिए काम किया: ममता बनर्जी

ममता बनर्जी ने कहा कि एसआईआर के लिए कितनी लाइनें थीं? वे जानना चाहते हैं कि आपके परिवार में कितने बच्चे हैं। आप किस देश के नागरिक हैं। उन्होंने कितने आदिवासियों, राजबंशियों को निकाला है? कितने हिंदू, मुसलमान मारे गए हैं? क्या यह उनकी जिम्मेदारी है? 'दीदी' ने आगे कहा कि जब देश में आजादी का आंदोलन हुआ था, तब भाजपा पैदा भी नहीं हुई थी। आज वे धर्म की बात करते हैं। पहले वे कहते थे कि ममता बनर्जी दुर्गा पूजा की इजाजत नहीं देतीं, लेकिन यहां इतने सारे लोग दुर्गा पूजा, काली पूजा मनाते हैं। हमने हर धर्म के लिए काम किया है

### हमने आदिवासियों को जंगल के अधिकार दिए: ममता

भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार ममता बनर्जी ने कहा कि हमने आदिवासियों को जंगल के अधिकार दिए हैं। भाजपा नाटक करती है, आदिवासियों पर अत्याचार करती है। सब जगह देखें आदिवासियों पर कितना अत्याचार हुआ, लेकिन मैंने बिरसा मुंडा कॉलेज बनवाया। मैंने बिरसा मुंडा की मूर्ति बनवाई। मैंने उनके लिए काम किया है।

# समीर वानखेड़े को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत, चार्जशीट पर जवाब के लिए एक हफ्ते का समय

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े को बड़ी राहत दी। यह मामला 2021 के कोर्डेलिया क्रूज ड्रग्स केस से जुड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही का है। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने वानखेड़े की याचिका पर सुनवाई की। वानखेड़े ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसने उनके खिलाफ कार्यवाही रद्द करने वाले फैसले को पलट दिया था। सुनवाई के दौरान वानखेड़े के वकील पीएस पटवालिया ने दलील दी कि उनके मुवक्किल के खिलाफ दाखिल चार्जशीट में बुनियादी कमियां हैं। उन्होंने कहा कि इसमें कोई ठोस आरोप नहीं है और यह सिर्फ वानखेड़े को प्रमोशन से रोकने के लिए किया गया है। वकील ने इसे उत्पीड़न बताते हुए कहा कि घटना के तीन साल बाद चार्जशीट जारी की गई। उन्होंने यह भी बताया कि कैट (ष्टन्ञ्ज) ने वानखेड़े के प्रमोशन का आदेश दिया था, लेकिन अधिकारियों ने उसे नहीं माना और कार्यवाही में देरी की। जस्टिस नरसिम्हा ने टिप्पणी की कि यह मामला पूरी तरह आधारहीन नहीं है। उन्होंने कहा कि कोर्ट जरूरत पड़ने पर दखल देगा, लेकिन अभी पूरी कार्यवाही खत्म करने का कोई आधार नहीं दिखता।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा, भूमि अधिग्रहण के मुआवजे और उस पर ब्याज वित्तीय बोझ पर निर्भर नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि भूमि अधिग्रहण मामलों में उचित मुआवजे की सांविधानिक गारंटी को कम नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्षतिपूर्ति और ब्याज वित्तीय बोझ की मात्रा पर निर्भर नहीं हो सकते। शीर्ष अदालत ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की समीक्षा याचिका खारिज कर दी। एनएचएआई ने 4 फरवरी, 2025 के फैसले की समीक्षा मांगी थी। इस फैसले में कहा गया था कि 2019 का निर्णय पूर्वव्यापी रूप से लागू होगा। 2019 के फैसले में एनएचएआई अधिनियम के तहत अधिग्रहित भूमि के किसानों को मुआवजा और ब्याज देने की बात थी। पीठ ने कहा कि भूस्वामियों को देय ब्याज भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अनुसार नौ फीसदी होगा। यह एनएचएआई अधिनियम के पांच फीसदी की सीमा के अनुसार नहीं होगा।

# महाराष्ट्र में एसिड अटैक पीड़ितों की पहचान बताना अपराध होगा, ऑनलाइन छेड़छाड़ पर भी रोक, बिल पारित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र विधान परिषद ने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े एक अहम कानून को मंजूरी देकर सख्त रुख दिखाया है। एसिड अटैक पीड़ितों की पहचान पूरी तरह सुरक्षित रखने और ऑनलाइन यौन उत्पीड़न पर कड़ी सजा देने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। यह कानून ऐसे अपराधों पर रोक लगाने और पीड़ितों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सरकार का कहना है कि यह कानून महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इस कानून के तहत भारतीय न्याय संहिता (महाराष्ट्र संशोधन) विधेयक 2026 को सर्वसम्मति से पास किया गया। इससे पहले यह विधेयक विधानसभा से भी पारित हो चुका था। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि 2020 में शक्ति बिल लाया गया था, जिसे राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा गया था, लेकिन बाद में इसे वापस भेज दिया गया। इसके बाद केंद्र सरकार ने नया कानून बनाया, जिसे भारतीय न्याय संहिता कहा जाता है और यह जुलाई 2024 से लागू है।



### क्या है इस नए कानून में खास प्रावधान?

सरकार ने एक समिति बनाई थी, जिसने जांच की कि शक्ति कानून के कौन-कौन से प्रावधान नए कानून में शामिल हैं। समिति की सिफारिश के बाद दो अहम बदलाव किए गए। पहला, एसिड अटैक पीड़ितों का नाम तक सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। इससे उनकी पहचान पूरी तरह सुरक्षित रहेगी। दूसरा, अब ईमेल, सोशल मीडिया जैसे डिजिटल माध्यम से किसी महिला को यौन प्रस्ताव देना अपराध माना जाएगा।

### क्यों जरूरी था यह संशोधन?

सरकार का मानना है कि पहले कानून में कुछ खामियां थीं, जिनके कारण पीड़ितों की पहचान उजागर होने का खतरा बना रहता था। साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बढ़ते उत्पीड़न को रोकने के लिए स्पष्ट कानून नहीं था। नए संशोधन से इन दोनों समस्याओं का समाधान किया गया है। इससे महिलाओं की सुरक्षा मजबूत होगी और अपराधियों में डर पैदा होगा।

### महिलाओं की सुरक्षा पर सरकार का क्या है रुख?

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर महिला सुरक्षित महसूस करे। यह कानून उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। सरकार ने साफ किया है कि ऐसे अपराधों में किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी और दोषियों को सख्त सजा मिलेगी।

# गुरुग्राम दुष्कर्म मामले में शीर्ष अदालत का गुस्सा फूटा, कहा, हरियाणा पुलिस का रवैया शर्मनाक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा में तीन साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में असंवेदनशील रवैया अपनाने पर नाराजगी जताई है। हरियाणा पुलिस और उसकी बाल कल्याण समिति को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा, यह शर्मनाक है कि हरियाणा पुलिस ने तीन वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता से खुद जाकर मुलाकात करने के बजाय उसे थाने बुलाया। सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के मामले में पोक्सो कानून के तहत दर्ज एफआईआर में अपराध को कमतर करने पर संज्ञान लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यों वाली एक एसआईटी का गठन किया है, जिसमें हरियाणा कैडर की आईपीएस अधिकारियों को शामिल किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द एसआईटी को नोटिफाई किया जाए और गुरुग्राम पुलिस को गुरुवार तक जांच से जुड़े दस्तावेज एसआईटी को सौंपने का निर्देश दिया है।